हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकरका छट्ठा ग्रन्थ।

चौबेका चिट्ठा।

बंग-साहित्य-सम्राट् स्वर्गीय बाबू बंकिमचन्द्र चटर्जीकृत
कमलाकान्तेर दफ्तर, कमलाकान्तेर पत्र
और कमलाकान्तेर जवानबन्दीका
हिन्दी अनुवाद।

अनुवादकर्त्ता—

श्रीयुत पंडित रूपनारायण पाण्डेय।

प्रकाशक,

हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर-कार्यालय,
हीराबाग, गिरगाँव, बम्बई।

फाल्गुन, १९८५ वि०।

फरवरी, १९२९।

चतुर्थावृत्ति।] [मूल्य चौदह आना।

गोबर-गणेश-संहिता।

हिन्दीमें व्यगपूर्ण वक्रोक्तिपूर्ण पुस्तकोका बहुत ही अभाव है। इस अभावकी यत्किञ्चित् पूर्तिके लिए यह सहिता प्रकाशित की गई है। इसमे सात निबन्ध हैं, १ धर्म और अनुष्ठान, २ आईन और अदालत, ३ गुरु और गेरुआ, ४ ऋद्धि और सिद्धि, ५ विद्या और बुद्धि, ६ अवस्था और व्यवस्था, ७ प्रेम और परिणय। गोबर गणेशजीने–जिन्हें कि चिदानन्दके ही भाईबन्ध समझना चाहिए–इन निबन्धोमे बडी ही मार्मिक, हृदयस्पर्शी, चुभ जानेवाली बातें कही है। धर्म, समाज, राजनीति आदि सभी विषयोपर उनकी लेखनी चली है और उन्होंने सभीकी त्रुटियोपर चुटकियाँ ली है। इस ढंगकी पुस्तकोंकी बड़ी भारी खूबी यह होती है कि वे पाठकोंको हँसाते-खिलाते हुए उनके हृदयमें दोष-संशोधनकी आवश्यकता ठँसा देती है। देशके नामी नामी विद्वानोंने इस पुस्तककी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा की है। साहित्य-सम्राट् रवीन्द्रनाथ कहते है—"गोबर-गणेश-सहिता भाषा और भावमें तलवारकी तरह हलकी, चमकदार, पेनी और निष्ठुर है। जिसके हाथकी यह चीज है, वह अवश्य ही निपुण और निर्भीक है।" सुप्रसिद्ध बंगलापत्र प्रवासी कहता है—"वर्तमान युगमे इस तरहकी व्यग पुस्तक हमारे दृष्टिगोचर नही हुई। लेखक वास्तवमे स्वदेशप्राण व्यक्ति है। इसमे सोचने समझने सीखनेकी अनेक बाते हैं।" सबुजपत्रके सम्पादक बैरिस्टर श्रीयुत प्रमथनाथ चौधरीने लिखा है—"गोबर-गणेशस० के लेखकने हम लोगोकी आँखोंमे उँगली डालकर समाजकी दुरवस्था दिखलाई है। क्योंकि उनका व्यग सचित्र है जिसको कि अँगरेजीमे illustrated कहते है। उन्होंने पन्ने पन्नेमे हमारे जीवन और मनके चित्र अकित किये है। इसके लिए पाठकोंको उनका कृतज्ञ होना चाहिए।" द्वितीयावृत्ति। मू० ॥), सजिल्दका ॥।=)

ठोक पीटकर वैद्यराज।

फ्रान्सके मशहूर हास्यरसके लेखक मौलियरके एक नाटकका बिल्कुल देशी रूपान्तर। हँसते हँसते आप लोटपोट हो जावेंगे। हिन्दीमे एक और रूपान्तर इसका हुआ है, परन्तु यह उससे बहुत बढिया और फबता हुआ है। इसमे विदेशीपनकी जरा भी बू नही है। कई चित्रोंसे और भी बढिया हो गया है। मूल्य सिर्फ ॥)

सूमके घर धूम।

स्वर्गीय द्विजेन्द्रलालरायके एक बढिया प्रहसनका अनुवाद। कंजूसोंके सरदार लाला दौलतराम जीते जागते हुए भी अपनी स्त्री और बहनोईकी साजिशके कारण यह सिद्ध न कर सके कि मैं जीता हूँ। हँसीका भाण्डार है, परन्तु अश्लीलता नामको भी नही। स्टेजपर सफलताके साथ खेला जाता है। मूल्य ।)

बंकिम-निबन्धावली ।

हिन्दीके पाठक बंकिम बाबूको केवल उपन्यास-लेखकके रूपमें ही जानते हैं; परन्तु उन्हें इस ग्रन्थके पढ़नेसे मालूम होगा कि उनकी प्रतिभा सर्वतोमुखी थी। वे कवि तो थे ही, साथ ही बड़े भारी दार्शनिक, राजनीतिज्ञ, और समाज-शास्त्रज्ञ भी थे। इस पुस्तकमें उनके प्रायः इन सभी विषयोंके २४ चुने हुए निबन्ध संग्रह किये गये है। ये निबन्ध पुराने होकर भी नये विचारोंसे ओत प्रोत भरे हुए है। राजनीतिके प्रेमियोंको इसके 'भारत-कलंक,' 'भारतकी स्वाधीनता और पराधीनता,' 'बाहुबल और वाक्यबल,' धर्मप्रेमियोंको 'धर्म और साहित्य,' 'ज्ञान,' 'मनुष्यत्व क्या है,' 'चित्तकी शुद्धि,' साहित्य प्रेमियोंको 'गीतिकाव्य,' 'प्रकृत और अतिप्रकृत,' 'संगीत,' 'आर्यजातिका सूक्ष्म शिल्प,' 'अनुकरण,' 'पुष्प-नाटक,' 'जुगनू,' 'मेघ,' 'वृष्टि,' और समाजशास्त्रज्ञोंको 'प्राचीना और नवीना,' 'प्यारका अत्याचार,' 'तीन ढग,' 'रामधन पोद,' आदि लेख अवश्य पढने चाहिए। लेखोकी एक एक पक्ति पाठकोंके हृदयको मोह लेगी। इनके पढ़नेसे न केवल मनोरजन होगा, प्रत्युत उच्चश्रेणीके ज्ञानविज्ञानका भी विस्तार होगा। इस तीसरे सस्करणमे 'साख्यदर्शन' नामका एक ३२ पेजका महत्त्वपूर्ण दार्शनिक निबन्ध और भी शामिल कर दिया गया है। मूल्य १) सजिल्दका १॥)

माडर्न रिव्यू। "बंकिम बाबूने जिस विषयको लिखा है उसमे जीवन डाल दिया है। × × बहुतोंको यह संग्रह उपन्याससे भी अधिक रोचक होगा। × × लेखककी हास्यप्रियतासे कोई पृष्ठ खाली नहीं है। × × निस्सन्देह इसका स्वाध्याय ज्ञान और सच्चा आनन्द दोनोंका देनेवाला है। अनुवाद और प्रकाशन दोनों बहुत अच्छे हुए है।"

नोट—हमारी सीरीजके और दूसरे उत्तमोत्तम ग्रन्थोंका सूचीपत्र मँगाकर देखिए।

मैनेजर—**हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर कार्यालय,**

हीराबाग, पोष्ट गिरगाँव, बम्बई।

भूमिका।

(प्रथमावृत्तिसे)

ग्रन्थकार।

बगलासाहित्यके सूर्य, प्रखर प्रतिभाशाली, स्वर्गीय बाबू बङ्किमचन्द्र चट्टोपाध्याय, रायबहादुर, सी० आई० ई० के नामको हमारे हिन्दी पढ़ने-लिखनेवाले भाई भी बहुत अच्छी तरह जानते है। बकिम बाबूकी रत्नप्रसू लेखनीसे निकले हुए कई उपन्यासों और निबन्धोंके भाषान्तर इस समयतक हिन्दी पाठकोंके आगे उपस्थित हो चुके हैं। यह पुस्तक भी बाबूसाहबकी ' कमलाकान्त ' नामक निबन्धावलीका रूपान्तर है।

बाबू बङ्किमचन्द्र उस समय हुए जिस समय हिन्दी-साहित्यके पोषक और उसको गति देनेवाले बाबू हरिश्चन्द्र भारतेन्दु अपनी सहृदयता, चातुरी और अनुभवसे भरी हुई निर्मल प्रतिभामयी प्रभासे हिन्दीसाहित्यका मुख उज्ज्वल कर रहे थे। अभी बहुत समय नहीं हुआ जब बगला भी हिन्दीकी ही तरह हीन अवस्थामें थी। जैसे कुछ अँगरेजी पढे लिखे उच्च उपाधिधारी पुरुष हिन्दीसे घृणा रखते हैं, डरते है कि यदि हम हिन्दीमे अपने विचार प्रकट करेंगे, इष्ट मित्रों और ' मान्यवरों ' को हिन्दीमे पत्र लिखेंगे, तो गँवार समझे जायँगे; क्योंकि हिन्दी गँवारोंकी भाषा है, वैसे ही उस समय बगालका हाल था। लेकिन बंकिम बाबूने उस समय प्रकट होकर बगभाषाके साहित्यमें ऐसा अमृत सींचा कि अब वह अमर होकर, दिन दिन, केवल बंगालियोंके ही नहीं बल्कि भारतके कई प्रान्तोंके आदरकी सामग्री हो उठा है।

बंगभाषाके सपूतोंमें उस समय कैसी हवा चल रही थी, इसको बतलानेके लिए हम यहाँपर केवल एक घटनाका उल्लेख करेंगे। बाबू रमेशचन्द्रदत्तका नाम या योग्यता भारतमें ही नहीं विलायत तक प्रसिद्ध है। रमेश बाबू जो कुछ लिखते थे सो सब अँगरेजीमें। बकिमबाबूने एक बार रमेशबाबूसे कहा—" आप अँगरेजीमें बहुत कुछ लिखा करते हैं, मैं आपसे मातृभाषामें भी कुछ

लिखते रहनेके लिए अनुरोध करता हूँ ।" रमेशबाबूने उत्तर दिया-" मुझे खेद है कि मातृभाषामें लिखनेका मुझे अभ्यास नहीं । मैं जो कुछ सोचता विचारता या लिखता हूं, सब अँगरेजीमें ।" बङ्किमबाबूने कहा-" आपका यह कहना सन्तोषजनक नहीं । आप जो लिखेंगे वही सुलिखित होगा । मातृभाषामें लिखने पढ़नेके लिए अभ्यासकी आवश्यकता नहीं, योग्यता चाहिए ।" इसका फल यह हुआ कि रमेशबाबूने बगलामें माधवी-ककण, समाज, ससार, जीवन-प्रभात, जीवनसन्ध्या आदि कई ऐसे ग्रन्थ लिखे, जो इस समय बड़े ही आदरकी दृष्टिसे देखे जाते हैं ।

बकिम बाबूने अपने निवासस्थान काटालपाडामे ' बगदर्शन प्रेस ' स्थापित करके उससे बग-दर्शन नामका मासिकपत्र निकालना शुरू किया । बकिमबाबू चार भाई थे और चारों साहित्यानुरागी तथा प्रतिभाशाली थे । बकिमबाबूकी मित्रमण्डलीमें बा० दीनबन्धु मित्र और बाबू हेमचन्द्र बनर्जी उनके प्रधान मित्र थे । ये दोनो बगभाषाके बडे भारी नाटककार और कवि हो गये हैं । बकिमबाबूके सम-सामयिक कई उत्कृष्ट लेखक बगदर्शनमे लिखते थे । बगदर्शनके लेख इतने अच्छे उपादेय और मनोहर होते थे कि उसकी कोई सख्या निकलनेमें दो एक दिनकी देरी भी पाठकोंको अधीर कर देती थी । बकिमबाबू छह वर्षतक उसके सम्पादक रहे । उसके बाद उन्होंने बगदर्शन अपने भाईके सपादकत्वमे छोड दिया । यद्यपि इस समय बगालमें अनेक अच्छे अच्छे मासिकपत्र सचित्र और उच्चश्रेणीके निकलते है, तथापि उस विचित्र बगदर्शनकी छटा किसीमे भी देखनेको नही मिलती और इन सब पत्रोंका प्रचार अधिक होनेपर भी बगदर्शनके समान आदर या गौरव नही है । उसी बगदर्शनमें ' कमलाकान्त ' यह कल्पित नाम देकर बकिमबाबूने कई निबध लिखे थे । उन्हीं निबन्धोंका सग्रह ' कमलाकान्त ' है ।

ग्रन्थ

जो लोग असाधारण बुद्धिशक्ति लेकर पृथ्वीपर आते हैं, उनकी दृष्टि अवश्य ही अपने समाजपर पड़ती है । यदि समाजमें उनको कुछ बुराइयाँ, हानिकारक प्रवृत्तियोंकी प्रबलता या अध:पतनके कारण देख पड़ते हैं, तो वे उन्हें दूर करनेके लिए अपनी असाधारण शक्तिका प्रयोग करते है । यह बात पृथ्वीमण्डलके हरएक देशमें समानरूपसे देखी जाती है । ऐसे लोग समय समयपर प्रकट

होकर, समाजचक्रकी चूलमें तेल डालकर, उसे उन्नतिके पथपर चलाते और अपना नाम इतिहासमे अमर कर जाते हैं।

समाजकी बुराइयों या बुरे झुकावको फेरनेके लिए दो ही उपाय काममे लाये जाते है—(१) वक्तृता देना और (२) लिखना। यद्यपि वक्तृता देकर समाज-पर प्रभाव डालना भी अधिक कठिन है, तथापि कई कारणोंसे लिखकर समाजको सुधारनेकी चेष्टामे सफलता प्राप्त करना अत्यन्त ही कठिन है। इसके लिए असाधारण प्रतिभा और प्रभाव डालनेवाली विलक्षण शक्ति चाहिए। इसीसे किसीने कहा है—" शतं वद, मा लिख। " इसके सिवा वक्तृताका असर अल्पकालस्थायी होता है, किन्तु लेखका असर चिरस्थायी होता है। इस कारण वक्तृताकी अपेक्षा लेख लिखना अधिक महत्त्वका काम है। हम यहाँपर साधा-रणत लेखके विषयमे ही कुछ लिखनेकी चेष्टा करते है।

लेख लिखकर मनुजी महाराजकी तरह प्रत्यक्ष रूपसे विधि-निषेधकी शिक्षा देना उतना कठिन काम नही है, और सच पूछो तो उसका असर भी बिगड़े हुए समाजपर पूरा नहीं पडता। ऐसी शिक्षा देनेमें बहुज्ञताकी अधिक आव-श्यकता रहने पर भी प्रतिभाकी वैसी आवश्यकता नहीं रहती। फल भी प्रायः उलटा ही होता है। प्रायः देखा गया है कि जिस कामके करनेमे बाधा दी जाती है या मना किया जाता है उसे करनेके लिए और भी आग्रह होता है—और भी उत्तेजना बढ़ती है।

यही कारण है कि जो असामान्य प्रतिभाशाली लेखक होते है, वे अप्रत्यक्ष रूपसे शिक्षा देते हैं और उनकी शिक्षा साहित्यका एक अग बन जाती है। कभी कभी वे हास्य-रसका आश्रय लेकर सामाजिक, नैतिक और धार्मिक कुरीतियोंका संशोधन करनेकी चेष्टा करते है। हास्यरस एक सजीव रस है और यही एक ऐसा रस है जिसका उपयोग इस कार्यमे विशेषतासे होता है। हास्यरसका उप-योग भी कई तरहसे किया जाता है। एक तो हास्य तीव्र विद्रूपमय होता है; पर अच्छे लेखक उसे अच्छा नहीं समझते। उस तीव्र विद्रूपमय हँसीसे प्रायः पाठकोंका मनोरंजन ही होता है; असल उद्देश्यकी सिद्धि न होकर वैर-विरोध ही अधिक बढता है। जो अच्छे लेखक हैं, उनके हास्यरसपूर्ण शिक्षाप्रद लेख तीव्र विद्रूपमय न होकर मीठी चुटकी लेनेवाले होते है। वे कड़ुवा काढ़ा न देकर

शक्करमें लिपटी हुई क्वीनाइनकी गोली देते हैं। उस गोलीको रोगी मजेमें निगल जाता है और शीघ्र ही आरोग्य हो जाता है। उनके लेखोंके ऊपर विमल हास्य-रसकी झलक अवश्य होती है, लेकिन स्थिर दृष्टिसे भीतर तह तक देखने पर उसमें बिगड़े हुए समाजको अपनी बुराइयोंका प्रतिबिम्ब और लेखककी मर्मवेदना स्पष्ट देख पड़ती है। फल यह होता है कि समाजके वे लोग जिनपर लेख होता है, लज्जित–सचेत होकर अपनी बुराइयोंको आप ही छोड़ देते हैं।

ऐसे लेख लिखना साधारण काम नहीं । ऐसे लेख लिखनेके लिए चाहिए समाजकी भीतरी तह तक पहुँचनेवाली सूक्ष्मदृष्टि, विचारशक्ति और अलौकिक प्रतिभा। जिनमें ये बातें नहीं हैं वे बालसुलभ हँसी मजाकके चुटकिले भले ही लिख लें, पर उनसे सुधार करनेका काम कदापि नहीं हो सकता। यहाँपर ऐसी शैलीके दो उदाहरण हम देंगे । बंगालमें एक बड़े भारी नैयायिक पण्डित थे। उनके किसी विद्यार्थीने अपने सहपाठीको कोई गाली दी। पण्डितजी दूर थे, पर उन्होंने उसे सुन लिया। पण्डितजीने उस समय तो कुछ नहीं कहा, पर एक दिन, जब कि वही गाली देनेवाला विद्यार्थी साथ था, घरके भीतर जाते समय राहमें बैठे हुए कुत्तेसे कहा–"महाशय, तनिक हट जाइए।" विद्यार्थीसे न रहा गया–उसने कहा—"पण्डितजी, कुत्तेसे इस तरह कहनेकी क्या आवश्यकता थी?" पण्डितजीने कहा—"भैया, कुत्तेको भी गाली देना उचित नहीं है। कुत्तेको तो गाली या स्तुतिका ज्ञान नहीं है, मगर अपनी जबान तो इसी तरह खराब हो जाती है।" उस दिन वह विद्यार्थी इतना लज्जित हुआ कि फिर उसने कभी किसीको गाली नहीं दी। इसी तरह हमारी महारानी विक्टोरियाका एक नौकर था, जो पीछे उनकी चालकी नकल किया करता था। महारानीको किसी तरह यह मालूम हो गया। उन्होंने एक दिन उस नौकरसे कहा–"मुझे नहीं मालूम कि मैं किस तरह चलती हूँ—जरा तुम मेरी तरह चलो तो, मैं देखूँ।" महारानीके इस कथनका उसपर इतना असर पड़ा कि उसने उसी दिनसे अपनी वह बुरी आदत छोड़ दी।

बाबू बंकिमचंद्रके निबन्ध भी इसी ढंगके हैं। इनमें कोई कोई निबन्ध तो अवश्य ऐसे हैं जो हास्यरसके लेख कहे जा सकते हैं–उनमें भीतर गूढ़ व्यङ्ग और शिक्षा रहने पर भी ऊपर हास्यरस लहरा रहा है, लेकिन कुछ निबन्ध ऐसे भी हैं, जिनमें हास्यरसका आभास भी नहीं है, उनमें केवल लेख-

ककी उत्कट देशभक्ति, हार्दिक उच्छ्वास और मर्मभेदी हृदयके भाव भरे हुए है। ' एक गीत, ' ' दुर्गापूजा ' आदि निबन्ध ऐसे ही हैं।

पाश्चात्य भाषाओंमें डिकेंस, मोलियर आदि लेखकोंने इस ढँगके अनेक निबन्ध और नाटक लिखे हैं। पर बँगलामें बंकिमबाबू ही इस ढँगके लेखक हुए है, या यों कहना चाहिए कि बंकिमबाबूने ही अपने इस ढँगमें सफलता पाई है। मराठी और गुजराती आदि देशी भाषाओंमें कोई इस ढँगका लेखक हुआ है या नहीं, सो तो हम नहीं जानते, लेकिन हिन्दीमें अभी इस ढँगका कोई सिद्धहस्त लेखक नहीं हुआ। हिन्दीमें इस ढँगके लेखक क्या, कोरे हास्यरसके लेखकोंका भी एक प्रकारसे अभाव ही है।

यह तो ऊपर ही कहा जा चुका है कि बंकिमबाबूकी इस निबन्धावलीमें हास्य-रस प्रधान नहीं, गौणरूपसे कहीं कहीं झलकता है। इसी कारण हम इस निबन्ध-मालाको हास्यरसके लेख कहना ठीक नहीं समझते। हमारी समझमें ये निबन्ध हास्यमिश्रित गद्यकाव्य कहे जा सकते है। इनमें काव्यके सब अग मौजूद है। इनमें अलौकिक प्रतिभा, कल्पना, चमत्कार, रस और शिक्षा है। ये पढ़ते ही असर डालनेवाले है-अधमसे उत्तम बनानेवाले है। इनमें कविके कौशल, कल्पना और लिखनेके ढँगको देखकर सहृदय पुरुषको वही मजा मिलता है जो एक अच्छे ऊँचे दर्जेके कविकी कविता पढ़नेमें मिल सकता है। अतएव यह गद्य-काव्य है और इसके लेखक बाबू बंकिमचन्द्र एक बहुत ऊँचे दर्जेके भावुक कवि थे—इसमे कमसे कम हमको कुछ भी सन्देह नही है।

हिन्दी अनुवाद।

अब हम इस हिन्दी अनुवादके सम्बन्धमें कुछ कहकर अपना वक्तव्य समाप्त करेंगे। किसी भाषासे दूसरी भाषामे कोई ग्रन्थ लिखना बड़ा ही कठिन काम है। खासकर ऐसे ग्रन्थका अनुवाद करके मूलकी सरसता और चमत्कार बनाये रखना असम्भव ही है। हमने यथाशक्ति ऐसी चेष्टा की है कि पाठकोंको अनु-वादमें मूलका ही मजा आवे—मूल ग्रन्थकारके भाव बिगड़ने न पावें, भाषाकी सरसता नष्ट न हो और शाब्दिक चमत्कार भी कम न हो। किन्तु इसमें हम कहाँ तक सफलता पा सके हैं, सो हमारे बंगला जाननेवाले पाठक मूलसे अनुवादको मिला कर ही जान सकते हैं।

यहाँपर हम यह भी कह देना उचित समझते है कि यह अनुवाद एकदम अनुवाद ही नहीं है। हमने इसे वर्तमान समयानूकूल (up-to-date) बनानेकी पूरी चेष्टा की है। इस चेष्टामें कहीं कहीं कुछ छोड़ भी देना पड़ा है। इसके सिवा बकिमबाबूने बगाल और बगालियोंको लक्ष्य करके ही ये निबन्ध लिखे थे, परन्तु हमने इनका भाषान्तर समग्र भारत और भारतवासियोंको लक्ष्य करके किया है। ऐसा करनेमें भी बड़ी कठिनाईका सामना करना पड़ा है। बहुतसी बुराइयाँ, बाते और कहावतं इसमे ऐसी थीं जो केवल बगाल और बगालियोसे ही सम्बन्ध रखती हैं, उनकी जगहपर वैसी ही बातें और कहावते, जो भारत भरसे–भारतवासियों भरसे—सम्बन्ध रखती है, खोजकर रखनी पड़ी है।

हिन्दीमे इस ढगका कोई ग्रन्थ न देखकर हमने इस ग्रन्थरत्नका हिन्दी भाषान्तर करके हिन्दी साहित्यसेवियोकी सेवामे समुपस्थित किया है। हमको पूर्ण आशा है कि यह ग्रन्थ पढ़कर हिन्दीभाषाभाषी लाभ उठावेगे। केवल इतना ही न होगा, बल्कि इसी शैलीके आदर्शपर हमारी मातृभाषाके सपूत सेवक सज्जन इसी ढँगके मौलिक ग्रन्थ लिखकर हिन्दी साहित्यके एक विभागकी पूर्ति करते हुए हिन्दीका गौरव बढावेगे।

दारागज, प्रयाग,
वैशाख कृष्ण ११, मगलवार
सवत् १९७१ वैक्रमीय।

—रूपनारायण पाण्डेय।

सूची ।

चौबेजीका परिचय।

बहुतसे लोग चिदानन्दको पागल कहते थे। उसकी चित्तवृत्ति कुछ विलक्षण प्रकारकी थी। उसकी बातचीत, कामकाज, रहन-सहन आदि सभी बातें अनोखी थीं। यह बात नहीं कि वह कुछ लिखा पढ़ा नहीं था। उसे कुछ अँगरेजी और कुछ संस्कृत आती थी। किन्तु जिस विद्यासे अर्थोपार्जन न हो, वह विद्या किस कामकी? उसे मैं विद्या ही नहीं कहता। चाहे कोई कैसा ही मूर्ख क्यों न हो, भले ही उसे लिखने पढ़नेके नाम केवल अपने दस्तखत करना ही आता हो; किन्तु यदि उसकी साहब–सूबाओं तक पहुँच हो और उसे झूठी-सच्ची बातें बनाकर अपना काम निकालना आता हो, तो मेरी समझमें वह पण्डित है और चिदानन्द जैसा विद्वान्, जिसने बीसों पुस्तकें पढ़ डालीं हों, बिलकुल मूर्ख है।

चिदानन्दको एक बार नौकरी मिल गई थी। एक साहब बहादुरने उसकी अँगरेजी सुनकर अपने आफिसमें क्लर्क रख लिया था; परन्तु चिदानन्दसे उसकी क्लर्की न हुई। वह आफिसमें जाकर आफिसका काम नहीं करता था। आफिसके रजिष्टरोंमें कविता लिखता था, आफिसकी चिट्ठियोंमें 'शेक्सपियर' नामक किसी लेखकके वचन लिख रखता था और बिल-बुकोंके पृष्ठोंपर चित्र बनाया करता था। एक बार साहबने उससे माहवारी पे-बिल बनानेके लिए कहा। चिदानन्दने बिल-बुकपर एक चित्र बनाकर तैयार कर दिया। उसका भाव यह था कि बहुतसे भिक्षुक साहबसे भिक्षा माँग रहे हैं और साहब बहादुर उनके आगे दो-दो चार-चार पैसे फेंक रहे हैं! चित्रके नीचे लिखा था–"वास्तविक पे-बिल।" साहबने इस अतिशय नूतन 'पे-बिल' को देखकर चौबेजीको उसी दिन अपने यहाँसे बिना कुछ कहे-सुने बिदा कर दिया!

बस, चिदानन्दकी चाकरीका अन्त हो गया। इसके बाद उसने और कोई नौकरी नहीं की। जरूरत भी नहीं थी। शादीके फन्देमें तो वह कभी फँसा ही नहीं। जहाँ वह रहता वहाँ यदि भरपेट भोजन और लोटा भर भंग मिल गई, तो फिर उसे और किसी चीजकी दरकार न थी। उसके रहनेका ठिकाना न था, जहाँ-तहाँ पड़ा रहता था। कुछ दिन वह मेरे घरपर भी

रहा था। पागल समझकर मैं उसपर दया करता था। किन्तु मैं भी उसे बहुत दिन नहीं रख सका। कहीं स्थायी होकर रहना उसके स्वभावमें ही न था। एक दिन वह सवेरे उठा और ब्रह्मचारीकेसे गेरुए कपड़े पहनकर न-जाने कहाँ चला गया। बहुत ढूँढ़ा, फिर उसका पता न चला।

उसके पास कागजोका एक बस्ता था। कही कोई कोरा या अधलिखा कागज मिला कि वह उसपर कुछ-न-कुछ लिखनेके लिए बैठ जाता था। क्या लिखता था, सो वह जाने या परमात्मा जाने, मैं कुछ भी नही समझता था। जब कभी मौज आती थी, तो वह मुझे भी अपना लिखा हुआ सुनाने लगता था। मैं कुतूहलवश उसे सुनना अवश्य चाहता था, परन्तु कुछ सुननेके पहले ही मुझे नीद आ जाती थी। उसके उक्त सब कागज एक पुराने और स्याहीसे चित्रित कपडेमे बँधे रहते थे। यही उसका बस्ता था। जिस समय वह गया, उस समय यह बस्ता मुझे देता गया और कह गया कि यह मैने तुम्हे इनाममे दिया।

इस अमूल्य रत्नको लेकर मै क्या करूँ? पहले इच्छा हुई कि इसे अग्निदेवको समर्पण कर दूँ, परन्तु पीछे मेरे हृदयमे लोकहितैषिता जाग्रत् हो उठी। मैने सोचा, जो पुरुष ससारका उपकार नही करता है उसका जन्म व्यर्थ है। इस बस्तेमे अनिद्रा रोगकी अत्युत्कृष्ट औषध है—इसे जो पढ़ेगा उसपर तत्काल ही निद्रा देवीकी कृपा होगी। इसलिए जो लोग अनिद्रा रोगसे पीडित है, उनके उपकारके लिए मै चिदानन्द चौबेके इस बस्तेको प्रकाशित करता हूँ।

मुझे अनुप्राससे बहुत प्रेम है। अनुप्रासहीन रचना कैसी ही भावपूर्ण क्यों न हो, मुझे अच्छी नही लगती। प्रकाशित करते समय ‘ चौबेका बस्ता ’ नाम मेरे कानोमे बहुत खटका। तब मैने बहुत कुछ सोच विचारकर इसका नया नामकरण किया—‘ चौबेका चिट्ठा ’ या ‘ चिदानन्द चौबेका चिट्ठा। ’

—खुशनवीस।

चौबेका चिट्ठा।

चिदानन्दके लेख।

१—अकेला।

वह कौन गाता है ?

कोई गाता चला जा रहा है। बहुत दिनोंसे भूले हुए सुखस्वप्नकी स्मृतिकी तरह उस मधुर गीतने मेरे कानोंमें प्रवेश किया। गीत कुछ बहुत सुन्दर नहीं है। पथिक अपनी उमंगसे राहमें गाता जा रहा है। चाँदनी रात देखकर उसके हृदयका आनन्द उमड़ आया है। उसका कण्ठ स्वभावहीसे मधुर है। वह अपने उसी मधुर कण्ठसे मधुमास (चैत) में सुखपूर्वक माधुरी बरसाता हुआ जा रहा है। तो फिर, सितारपर अँगुली फेरनेसे जैसे उसके सब तार झनझना उठते हैं, उसी तरह, इस गीतने अपने स्पर्शसे मेरी हृदय-तन्त्रीको क्यों बजा दिया ?

क्यों, इसका समाधान कौन करेगा ? चाँदनी रात है; नदीकी रेतीमें चाँदनी हँसते हँसते लोट रही है। नीली साड़ीसे जिसका आधा अँग ढका हुआ हो, उस सुन्दरीकी तरह शीर्ण शरीरवाली नील-जल-मयी नदी उस रेतीको घेरे हुए बहती चली जा रही है। सड़कपर आनन्द ही आनन्द दिखाई देता है। लड़की, लड़के, जवान, औरत—मर्द, प्रौढा, और बुड्ढी स्त्रियाँ, सब निर्मल उज्ज्वल चन्द्रमाकी किरणोंमें नहाकर आनन्द मना रहे हैं। मैं ही केवल आनन्दसे खाली हूँ, इसी कारण शायद इस संगीतसे मेरे हृदयकी वीणा यों बज उठी है।

मैं अकेला हूं, इसी कारण यह गीत सुनकर मेरे शरीरमें रोमाञ्च हो आया। इस बहुत आदमियोंसे भरी-पूरी नगरीमें, इस आनन्दपूर्ण मनुष्य-प्रवाहमें मैं अकेला हूं। तो फिर मैं भी क्यों न इस अनन्त मनुष्य-प्रवाहमें मिलकर इन विशाल आनन्द-तरंग-ताडित जलके बुद्बुदोंमें और एक बुद्बुद क्यों न बन जाऊं? बूंद बूंद पानीसे ही तो समुद्र बना है। मैं भी एक बूंद हूं, फिर इस समुद्रमें मिल क्यों न जाऊं?

इच्छा होनेपर भी इस समुद्रमें क्यों नहीं मिल जाता—सो मैं नहीं जानता, केवल यही जानता हूं कि मैं अकेला हूं। मेरा तो यही उपदेश है कि भैया, इस संसारमें 'अकेले' होकर न रहना। अगर अन्य किसीने तुमसे 'प्यार' न पाया, तो तुम्हारा मनुष्य-जन्म ही वृथा हुआ। फूलमें सुगन्ध है, लेकिन अगर कोई उसे सूंघनेवाला न होता तो फूल सुगन्धित नहीं कहला सकता था। क्योंकि सूंघनेवालेके सिवा सुगन्धके अस्तित्वका प्रमाण ही और क्या था? देखो, फूल अपने लिए नहीं फूलते। तुम भी अपने हृदयकी कलीको, दूसरोंके लिए, प्रफुल्लित करो।

पर यह तो मैंने अभीतक बतलाया ही नहीं कि केवल एक बार सुनते ही यह गीत क्यों इतना मनोहर मधुर जान पड़ा। बहुत दिनोंसे मैंने आनन्दकी उमङ्गसे गाया गया गीत नहीं सुना था, बहुत दिनोंसे मेरे मनने ऐसे आनन्दका अनुभव नहीं किया था। जवानीमें, जब सारी पृथ्वी सुन्दर थी, जब हर फूलमें सुगन्ध मिलती थी, हर पत्तेकी खड़कमें मधुर रागिनी सुन पड़ती थी, हर नक्षत्रमें 'चित्रा'-'रोहिणी' की शोभा देख पड़ती थी, हर आदमीके मुखपर सरलता और विश्वासका आभास पाया जाता था, तब आनन्द था। पृथ्वी अब भी वही है, संसार अब भी वही है, लोक-चरित्र अब भी वही है, किन्तु यह हृदय अब वह नहीं रहा। उस समय गीत सुनकर जो आनन्द होता था, वह आनन्द इस समय यह गीत सुनकर याद आ गया है। जिस अवस्था और जिस सुखमें मैं उस समय आनन्दका अनुभव करता था वही अवस्था, वही सुख, इस समय याद आ गया है। घड़ी भरके लिए जैसे मुझे फिर वही जवानी मिल गई। पहलेकी तरह फिर जैसे, मन-ही-मन, जमी हुई मित्रमण्डलीमें जा बैठा, और पहलेकी तरह वैसे ही अकारण ऊंचे स्वरसे हँसने लगा। जिन बातोंको अब मैं व्यर्थ समझकर इस समय नहीं कहता, उन बातोंको उस समय चित्त

चञ्चल होनेके कारण दिनमें दस बार कहा करता था, उन्हीं बातोंको मानो फिर कहने लगा। मानो फिर पहलेकी तरह सरल सच्चे हृदयसे दूसरोंके स्नेहको सच्चा समझकर स्वीकार करने लगा। मुझे क्षणभरके लिए भ्रम या मोह हो गया, इसीसे यह गीत इतना मधुर मालूम पड़ा। केवल यही कारण नहीं है। पहले गीत अच्छे लगते थे—अब नही लगते। जिस चित्तकी प्रफुल्लता या प्रसन्नताके कारण गाना अच्छा लगता था, वह प्रफुल्लता अब नही है; इसीसे गाना भी अच्छा नही लगता। मै इस समय गीत सुननेके पहले अपने मनके अतीत इतिहासमें मन लगाकर जवानीके सुखका ध्यान कर रहा था। इसी समय यह पूर्वस्मृतिकी सूचना देनेवाला गीत सुन पडा और इसी कारण मुझे इतना मधुर जान पड़ा।

वह प्रफुल्लता और वह सुख अब क्यो नहीं है? क्या सुखकी सामग्री कम हो गई है? या अब मै ही नीरस हो गया हूं? सग्रह और क्षय, दोनो ही ससारके नियम है। किन्तु उसके साथ ही यह भी नियम है कि क्षयकी अपेक्षा सग्रह अधिक होता है। तुम अपने जीवन-मार्गमें जितना आगे बढ़ोगे, उतना ही अपने लिए सुख-सामग्री संग्रह करोगे। अच्छा, तो फिर अवस्था अधिक होनेपर इन्द्रियोंमें शिथिलता क्यो आजाती है? पृथ्वी वैसी सुन्दर क्यो नहीं देख पड़ती? आकाशके तारे वैसे क्यो नही चमकते? आकाशकी नीलिमामें वैसी उज्ज्वलता (चमक या कान्ति) क्यो नही रहती? जो स्थान उस समय तृण-पल्लव-पूर्ण, फूलोंकी सुगन्धसे सने, स्वच्छ नदीसे जल-कण लेनेके कारण सुशीतल हुए वायुसे हृदयको हरा कर देनेवाले, जान पड़ते थे, वे ही स्थान इस समय रेतीली मरुभूमिके समान उजाड़से क्यो जान पड़ते है? समझा, आशारूपी रगीन चश्मा न होनेके कारण ही यह सब विपरीत दिखाई दे रहा है। जवानीमें संचित सुख थोडा होता है, किन्तु सुखकी आशा अपरिमित होती है। इस समय संचित सुख तो अधिक हैं, किन्तु वह ब्रह्माण्ड-व्यापिनी आशा कहॉ है? तब नही जानता था कि कैसे क्या होता है, इसीसे अनेक आशाएं करता था। अब जान पडा है कि इस ससारचक्रमें चढ़-नेवालेको फिर वही लौट जाना पड़ता है, जहॉसे वह चलता है। जिस समय वह सोचता है कि मै आगे बढ़ता हूं, उस समय वह केवल चक्कर ही खाता है। अब समझमें आया है कि ससार-सागरमे तैरते समय हमें उसकी लहरें टक्कर मारकर किनारे फेंक जाती है। अब मालूम हुआ कि इस जगलमें राह नहीं

है, इस मैदानमें कोई जलाशय नहीं है, इस नदीका पार नहीं है, इस समुद्रमें टापू नहीं है, इस अन्धकारमें नक्षत्रोंका भी प्रकाश नहीं है। अब जान पड़ा कि फूलमें कीड़े हैं, कोमल पत्तोंमे कॉटे है, आकाशमें मेघ हैं, निर्मल नदीमें 'भॅवर' हैं, फलमे विष है, बागमें सॉप है, मनुष्यके हृदयमें केवल आत्मप्रेम है। अब विदित हुआ कि हरएक वृक्षमें फल नहीं होते, हरएक फूलमें सुगन्ध नहीं होती, हर एक बादल बरसता नहीं, हर एक बनमें चन्दन नहीं होता और हरएक हाथीके मस्तकमें गजमुक्ता नहीं होती। अब समझा कि कॉच भी हीरेकी तरह उज्ज्वल होता है, पीतल भी सोनेकी तरह चमकता है, कीचड़ भी चन्दनकी तरह गीला होता है, और कॉसा भी चॉदीकी तरह मधुर शब्द करता है। किन्तु क्या कहता था, भूल गया। हॉ, वही गीतकी ध्वनि! वह भली अवश्य जान पडी थी, मगर अब उसे फिर दुबारा नहीं सुनना चाहता। इस मनुष्यकण्ठसे निकले हुए सगीतके समान ससारमे एक और भी संगीत है, जिसे संसार-रसके रसिक लोग ही सुन पाते है। इस समय वही सगीत सुननेके लिए मेरा चित्त आकुल हो रहा है। उस सगीतको क्या न सुन पाऊँगा? सुनूॅगा, किन्तु अनेक बाजोकी ध्वनिमें मिले हुए और बहुत कण्ठोमे उत्पन्न हुए उस पूर्वश्रुत ससार-सगीतको अब न सुनूॅगा। अब न वे पहलेके गानेवाले हैं, न वह अवस्था है और न वह 'आशा' ही है। किन्तु, इससे मैं दुखी नहीं हूॅ, अब उसके बदले जो संगीत सुन रहा हूँ, वह और भी बढ़कर प्रसन्नता देनेवाला है। इस समय जिस संगीतसे मेरे कान परिपूरित हो रहे हैं, वह अनन्यसहाय और अद्वितीय है।

'प्रीति' इस संसारमें सर्वव्यापिनी है, प्रीति ही ईश्वर है। प्रीति ही मेरे कानोंके लिए इस समयका ससार-संगीत है। मै चाहता हूॅ कि अनन्त काल तक इस प्रीति या प्रेमके सगीतसे मिलकर मनुष्य-समाजके हृदयकी वीणा बजती रहे। यदि मनुष्यजातिपर मेरा प्रेम बना रहे तो फिर मैं और सुख नहीं चाहता।

—श्री चिदानन्द चतुर्वेदी।

२–मनुष्य-फल।

—⁜⁜—

जब भगकी मात्रा कुछ अधिक हो जाती है–गहरी छन जाती है, तब मुझे ससारके सब मनुष्य तरह-तरहके फल जान पड़ते हैं। वे मायारूपी डंठलमे लगे हुए ससारके महावृक्षमे लटक रहे हैं, पकते ही गिर पड़ेगे। उनमेंसे सभी नहीं पकने पाते, कुछ असमयमे ऑधीसे कच्चे ही झड़ जाते हैं, कुछमें कीड़े लग जाते है, कुछको पक्षी कुतर जाते हैं और कुछ यथासमय पक जानेपर तोड लिये जाते है। जो पकनेपर तोड लिये जाते है, और गगाजलसे धुलकर देवो या ब्राह्मणोके काम आते हैं, उन्हींका फल-जन्म या मनुष्ययोनि सार्थक है। कुछ पकेहुए फल ऐसे भी होते है जो खूब पककर आप-ही-आप ऊंची डालसे पृथ्वीपर गिर पडते हैं और उनको सियार खाते हैं। उनका फल-जन्म या मनुष्ययोनि वृथा है। कुछ फल तीखे, कडुए या कसैले होते हैं, किन्तु उनसे अच्छी अच्छी दवाऍ बनती है। कुछ बिल्कुल ज़हरीले होते है, जो खाता है वही मरता है। और कुछ कुंदरूकी जातिके होते है, जो केवल देखने भरके सुन्दर होते है।

मुझे कभी कभी नशेमें ऊंघते-ऊंघते देख पड़ता है कि भिन्न भिन्न जातिके लोग भिन्न भिन्न जातिके फल है। मुझे आजकलके ‘बड़े आदमी’ कटहल मालूम पड़ते है। कुछ उनमे बडे बडे कोएके होते हैं, कुछमे रेशा अधिक होता है और कुछ ऐसे होते है कि उनके भीतर ढेरसी लकड़ी ही लकड़ी होती है; वे केवल पशुओंके काम आते है। कुछ तो डालमे पकते है और कुछ डालमें ही लगे रहते है, कभी पकते नहीं। कुछ ऐसे होते है जो पके तो पक सकते है, किन्तु पकने नहीं पाते, पृथ्वीके राक्षस उनको कच्चेपनहीमें तोड़कर तर्कारी बनाकर खा जाते हैं। अगर वे पकें भी तो सियार बड़ा उपद्रव मचाते है। अगर पेड़ चारो ओरसे रुँधा हो, या कटहल ऊँची डालमें फला हो, तब तो खैर है; नहीं तो सियार उसे अवश्य नोच खायेंगे। सियारोंमे कोई दीवान, कोई मुसाहब, कोई कारिंदा, कोई मुनीम, कोई गुमाश्ता और कोई केवल आशीर्वाद देनेवाले होते हैं। यदि इन सबके हाथोंसे बचकर पका कटहल किसी तरह घर पहुँच गया, तो वहॉ मक्खियाँ भन-भन करने लगती हैं। मक्खियो कटहल नहीं चाहतीं, वे चाहती हैं उसका रस। यह मक्खी कन्याका ब्याह करना चाहती

है, कुछ सुभीता नही है, जरा सा रस दो। वह मक्खी अपने मा-बापकी 'गया' करना चाहती है, एक बूँद रस दो। इस मक्खीने एक पुस्तक लिखी है, इसको भी कुछ रस दो। उस मक्खीने पेट पालनेके लिए एक समाचारपत्र निकाला है, उसको भी कुछ रस दो। यह मक्खी कटहलकी बुआके जेठके लड़केके सालेकी साली है—खानेका सुभीता नही है, कुछ रस दो। उस मक्खीने एक पाठशाला खोली है, उसमे पौने चौदह लड़के पढ़ते है, कुछ रस दो। इधर कटहलको वरमे रख छोड़ना भी ठीक नही, सडकर उससे दुर्गन्ध फैलेगी। मेरी राय तो यही है कि कटहलको काट कर उसकी, उत्तम निर्जल दूधमे, खीर बनाकर चिदानन्द चौबे ऐसे श्रेष्ठ ब्राह्मणको भोजन करा देना ही उचित है।

इस देशकी सिविल-सर्विसके साहबोंको मै आमका फल समझता हूँ। कुछ लोगोंका कहना है कि आम इस देशमे नही होता था, समुद्रपारसे कोई महात्मा इस फलको इस देशमे लाये थे। आम देखनेमे रगीन और सुन्दर होते है। कच्चे तो बहुत ही खट्टे होते है, हां, पकनेपर अवश्य मीठे हो जाते है, मगर तब भी भीतर, गुठलीपर, खटाई (तुर्शी) बनी ही रहती है—वह नही जाती। कोई कोई आम तो ऐसे वाहियात होते है कि पकने पर भी उनकी खटाई नही जाती, मगर देखनेमे ऐसे बड़े और रगीन होते है कि बेचने-वाले, ग्राहकको ठगकर, पचीस रुपये सैकडे तक बेच जाते है। कुछ आम ऐसे होते है कि कच्चे रहनेपर मीठे और पक जानेपर फीके हो जाते है। बहुतसे अधपके ही रहते है। उनको कूटकर नमक मिलाकर 'कचूमर' बना डालना ही अच्छा है।

सब लोग आम खाना नही जानते। तुरन्त डालसे तोडकर खाना ठीक नही, उनमे गर्मी भरी रहती है। उनको या तो पाल रखकर, और या, जो डालसे टूट आये हो उनको, कुछ देर सलामके पानीमे ठडा करके, अगर हो सके तो उस पानीमे थोडीसी खुशामदकी बर्फ भी डाल कर, फिर छुरी चला कर मजेसे खाना चाहिए।

संसारमे साधारणत. स्त्रियोकी उपमा केलेके फलसे दी जाती है। लेकिन यह ठीक नही। मुझे केलेके फलमे और भुवनमोहिनी स्त्रियोमें कुछ भी समता नही देख पड़ती। स्त्रियाँ क्या गौधकी गौध एक साथ फलती है? अगर किसीके भाग्यमे फलती हों तो फलती हो, परन्तु चिदानन्दके भाग्यमे तो

कभी नही फलीं। केलेके साथ स्त्रियोंका इतना ही मेल है कि दोनो ही वानरोंको प्रिय होती है—रुचती है। केवल एक इसी बातसे मै कामिनियोंकी तुलना केलेमे करना उचित नही समझता। इसके सिवा कुछ ऐसे भी कटुभाषी लोग है जो स्त्रियोंकी तुलना कुंदरूके साथ करते है। जो ऐसा कहते है वे 'जलमुँहे' है। मै तो सुन्दरियोका दासानुदास हूँ, मै नहीं कह सकता।

मै कहता हूँ कि स्त्रियाँ इस संसारमे नारियलके फल है। नारियल भी एक एक डालमे गुच्छेके गुच्छे फलते है, परन्तु (व्यापारियोको छोडकर) कोई भी उनके गुच्छेके गुच्छे नही तोडता। कोई कभी एकादशी व्रतके भोर पारणा करनेके लिए, अथवा वैशाखमे ब्राह्मण-सेवाके लिए, एक आध तोड लेता है। एक साथ गांधकी गौद गिराकर खानेका अपराध करनेवाले अगर कोई है तो वे कुलीन ब्राह्मण* है। चिदानन्दसे कभी ऐसा अपराध नही बन पडा।

वृक्षके नारियलोंकी तरह ससारके इन नारियलोंकी भी, अवस्था-भेदके अनुसार, कई हालते होती है। बिलकुल कच्ची अवस्थामे दोनोका हृदय बहुत ही स्निग्ध+ होता है। नारियलके जलसे कलेजा तर होता है, और किशोरी कामिनीके सच्चे, भोग और विलासके लक्षणोसे शून्य, स्नेहके रससे हृदय स्निग्ध होता है। किन्तु दोनो जातिके—मनुष्यजाति और फलजातिके—नारियल कच्चे ही अच्छे होते है। उस समय वे उज्ज्वल श्यामल फल कैसे सुन्दर जान पड़ते है—उनमे कैसी ज्योति (कान्ति और चमक) होती है? उनसे रुका हुआ ताप (घाम और दुःख) भीतर नहीं आने पाता। जगतका ताप मानो उस नवीन श्याम शोभामे ठडा पड़ जाता है। मुझे झरोखोंमे झुंडकी झुंड स्त्रियाँ पेडोंमें गुच्छेके गुच्छे नारियलोंसी जान पड़ती है। दोनो ही चारो ओर अपनी छटा, अपना प्रकाश, फैलाते है। मगर देखो, इन्हे देखकर भूलना नही, इस चैतके घाममे पेड़से कच्चे नारियलको कभी न तोडना, इस समय उसमे गर्मी भरी रहती है। जिसने संसारकी शिक्षा नही प्राप्त की ऐसी कच्ची

* बगालके कुलीन ब्राह्मण पहले एक साथ दस दस, बीस बीस ब्याह कर लिया करते थे। ब्याह ही उनकी जीविका थी। लेकिन अब यह बात शिक्षा-प्रचारके साथ साथ उठती जाती है।

+ स्नेहसे भरा और तर।

बालिकाको हृदयमें स्थान मत देना; नहीं तो तुम्हारे हृदयमें ज्वाला पैदा हो जायगी। आमकी तरह कच्चे नारियलको भी खुशामद-रूपी बर्फके पानीमें रखकर ठंडा कर लेना। बर्फमें न हो सके तो तालाबकी कीचड़में ही कुछ देर गाड़कर ठंडा कर लेना; अर्थात मीठी बातोंसे न हो सके तो चिदानन्द चतुर्वेदीकी आज्ञा है कि कड़ाईसे ठंडा कर लेना।

नारियलमें चार चीजें होती है—पानी, गिरी, नरेटी (लकड़ीका खोल) और जटा। मेरी समझमें नारियलका पानी और स्त्रियोंका स्नेह, दोनों बराबर है। दोनोंके द्वारा हृदय शीतल होता है, और दोनों ही भीतर छिपे हुए रहते हैं। जब तुम संसारकी तपनमें तपकर हाँफते हाँफते घरकी छाँहमें विश्रामकी इच्छा करो, तब इस ठंडे पानीको अवश्य पियो—उसी दम तुम्हारा हृदय शीतल हो जायगा। सोचो तो, तुम्हारे गरीबीके चैतमें या बन्धु-वियोगके वैशाखमें, तुम्हारी जवानीके दोपहरमें अथवा रोग-ताप-पूर्ण तीसरे पहरमें, तुम्हारा हृदय और काहेसे शीतल हो सकता है? जीवनके सन्ताप-समयमें माताके आदर-यत्न, स्त्रीके प्रेम और कन्याकी भक्तिके सिवा और काहेसे सुख मिल सकता है? और ग्रीष्मकी गर्मीमें, कच्चे नारियलके जलके सिवा और किस चीजसे ठंडक पड सकती है?

परन्तु नारियल पक जानेपर उसका पानी कुछ तीखा हो जाता है। मोहनकी माकी उमर पकनेपर मोहनका बाप इसी तीखेपनके कारण घर छोड़कर चला गया। यही कारण है कि नारियलोंमें कच्चे नारियलका ही आदर होता है।

नारियलोंकी गिरी और स्त्रियोंकी बुद्धि एक सी होती है। बिल्कुल कच्चेपनमें तो नाममात्रको रहती है, परन्तु उसके बाद किशोर अवस्थामें बड़ी ही मीठी और बड़ी ही कोमल होती है। फिर पक जानेपर बहुत ही कड़ी हो जाती है, किसकी ताकत है जो उसको दाँतोंसे फोड सके? उस समय इसे गृहिणी-पना कहते है। गृहिणी-पनेमें रस और मिठास अवश्य होती है, मगर उसमें किसीका दाँत नहीं गड सकता। एक तरफ कन्या बैठी है, वह चाहती है कि माताके गहनोंके सन्दूकसे कुछ गहने प्राप्त करूँ—मगर पकी गिरी ऐसी कठिन है कि उसमें कन्याका दाँत गड़ न सका—पकी गिरी अर्थात् पुरखिनने आप ही दया करके उस सन्दूकमेंसे एक बाली निकाल कर दे दी। एक तरफ पुत्र बैठा हुआ पकी हुई माताकी पूँजीपर दाँत लगाना

चाहता है—पुरखिन माताने बड़ी दया करके उसे एक दो रुपए दे दिये। स्वामीने बुढ़ापेमें कुछ रोजगार करनेका विचार किया, लेकिन उस समय हाथ खाली है, रुपएके विना रोजगार नहीं हो सकता, उनकी भी दृष्टि उसी पुरखिनकी पूँजीपर पड़ी। उन्होने दो चार 'प्रवृत्ति' के दांत पकी गिरीमें गड़ाये, बुढ़ापेके कमजोर दाँत टूट गये। अगर किसी तरह दाँत गड़ भी गये, तो फिर नारियलको हजम कर जानेकी शक्ति कहाँ ? जब तक पति देवता रुपए फेर कर नहीं देते, तब तक अजीर्णके रोगसे रातको नींद नहीं आती !

इसके बाद नारियलकी नरेटीको लीजिए। इसे स्त्रियोंकी विद्या कहना चाहिए। मुझे तो यह अधूरीके सिवा पूरी कभी नहीं देख पड़ी। नारियलकी नरेटी किसी बड़े काममे नहीं लगती। स्त्रियोंकी विद्या भी प्रायः ऐसी ही होती है। मेरी समरविलने विज्ञानकी पुस्तक लिखी है। जार्ज इलियटने उपन्यास लिखे हैं—इस देशकी कुछ स्त्रियोंने भी कुछ पुस्तके लिखी है। पुस्तके बुरी नहीं हुई, किन्तु उनमे नरेटीसे अधिक उपयोगिता नही आई, अर्थात् वे नरेटीसे बढकर काम नही दे सकी।

पर अब समय बदला है। चतुर कारीगर नरेटीसे भी सुन्दर प्याले, कीमती बटन और मनोहर खिलौने आदि बढियाँ बढ़ियाँ सामान तैयार करने लगे हैं। यूरोप और अमेरिकाकी स्त्रियोंकी विद्यासे भी बहुतसे काम होने लगे हैं।

किन्तु नरेटीमे नोक निकली हो या उसकी धार तेज हो, तो उसकी चोटसे लोहू-लुहान हो सकता है। इंग्लैडकी मताभिलाषिणी स्त्रियोकी विद्या भी नुकीली होनेसे, उसकी धार तेज होनेसे, इस समय यही काम कर रही है। वे पार्लियामेंटपर चढाई करती है, ईंट-पत्थर फेकती है—प्रधान मंत्रीको मारती पीटती है, और बड़ी बड़ी लाखोंकी इमारतोंको पल भरमें 'डिनामाइट' से उड़ा देती है !

नारियलकी जटा, स्त्रियोंका रूप है। जटा नारियलके बाहरकी चीज है, वैसे ही रूप भी स्त्रियोंके शरीरमें बाहर रहता है। दोनोंमें कुछ सार नहीं, इन्हें तज देना ही अच्छा है। हाँ, नारियलकी जटा एक काम आती है, उससे अच्छे मजबूत रस्से बनते है और उनसे बड़े बड़े जहाज बाँधे जाते हैं। स्त्रियोंके रूपकी रस्सीसे भी अनेक जहाज बाँधे जाते हैं। तुम लोग जैसे नारियलके रस्सोंसे जगन्नाथजीका रथ खींचते हो, वैसे ही स्त्रियाँ भी अपनी रूपकी

रस्सीसे बड़े बड़े मनोरथ खींचती है । जब रथ खींचना रोकनेके लिए कोई कानून बने, तो उसमें इस मनोरथ खींचनेको रोकनेके लिए एक 'दफा' जरूर रहनी चाहिए। ऐसा होगा तो इससे होनेवाली अनेक हत्याएँ बंद हो जायेंगी । यह तो मुझे मालूम नहीं कि नारियलकी रस्सीमें गला फँसाकर कभी किसीने जान दी है या नहीं, मगर यह मैं जरूर जानता हूँ कि स्त्रियोंके रूपकी रस्सीमें गला फँसा कर इतने लोगोंने प्राण दिये हैं कि उनकी गणना नहीं हो सकती ।

वृक्षके नारियलों और संसारके नारियलोंसे मेरी अनबनका कारण यही है कि मैं अभागा दोमेंसे एकको भी नहीं प्राप्त कर सका । और फल तो नीचे खड़े रहकर लग्गीसे खींचकर गिरा लिये जा सकते हैं, पर नारियल पेड़पर चढ़े बिना हाथ नहीं लग सकता । अगर पेड़पर चढ़नेकी चेष्टा करोगे तो या तो अपने पैरोंमें रस्सी बाँधनी पड़ेगी और या डोमकी* खुशामद करनी पड़ेगी ।

मैं डोमकी खुशामद करनेके लिए भी राजी हूँ । मगर किया क्या जाय, मेरे भाग्यमें नारियल बदा ही नहीं । मैं जैसा आदमी हूँ, वैसे ही पेड़में वैसे ही रूप-गुणकी लग्गीसे नारियलको पा सकता हूँ । पा सकता हूँ, लेकिन खटका यह है कि नारियल कहीं मेरे सिरपर न आपड़े । ऐसी बहुतसी धन्नो, मुन्नो, काली, गोरी हैं, जो चिदानन्दको अपना स्वामी बनाकर ग्रहण कर सकती हैं । किन्तु पराई लड़कीको सिर चढ़ाकर संसारकी यात्रा करनेमें यह गरीब ब्राह्मण सर्वथा असमर्थ है । यही कारण है कि अबकी बार चिदानन्दने भक्तिके साथ नारियलका फल विश्वनाथको अर्पण कर दिया । वह एक तो मसानमें रहते हैं, और उसपर विष भी पी लिया है। यह कच्चा नारियल उनका क्या बिगाड़ सकता है ?

इस देशमें, और एक तरहके आदमी आजकल दिखलाई दिये हैं, जिनको साधारणतः देशहितैषी कहते हैं । इनको मैं सेमरका फूल समझता हूँ । जब सेमरमें फूल फूलते हैं, तब देखनेमें वे बड़े सोहावने जान पड़ते हैं—बड़े बड़े लाल लाल फूलोंसे पेड़की बड़ी शोभा होती है । पर मेरी दृष्टिसे तो सेमरके गंजे पेटमें इतनी ललाई अच्छी नहीं जान पड़ती । वह कुछ पत्तोंसे ढकी रहती,

* जान पड़ता है चिदानन्द पुरोहितको 'डोम' कहता है, क्योंकि पुरोहित ही ब्याह कराता है । उः ! कैसा बदमाश है !   —मदारीलाल ।

तो अच्छी मालूम पडती। पत्तोंके भीतरमे जो थोड़ी थोड़ी ललाई देख पड़ती है वही सुन्दर जान पडती है । फूलमे सुगन्धका नाम नही, कोमलताका लेश नहीं, किन्तु तो भी वह बडा बडा लाल लाल होता है। अगर फूल गिरनेपर उनमे फल आते है, तो म समझता हूँ कि अब कुछ लाभ होगा। किन्तु तब भी कुछ लाभ नही देख पडा। धीरे धीरे चैतका महीना आनेपर घामकी कड़ी आँचमे वे भीतरके ओछे फल 'फट-फट करके झड पड़ते है और उनके भीतरसे जरासी रुई निकलकर सारे देशमे उडी उड़ी फिरती है।

सस्कृतके धुरन्धर पडित और शास्त्री मेरी समझमे धतूरेके फल है। बड़े बड़े वचनो और लम्बे लम्बे समासोके रूपमें उनके लम्बे लम्बे फूल फूलते है, परन्तु फलके समय वे ही कॉटदार धतूरे देख पडते है । मेरी बहुत दिनोमे इच्छा थी कि मै सभ्यशिरोमणि अंगरेजोंके साथ भोजन करके अपने ब्राह्मण-जन्मको सफल करूँ, पर इन अधम धतूरोंके कॉटोंके मारे कुछ न कर सका। धतूरेमे गुण अगर होता है तो यही कि वह नशीली चीजोंके नशेको और भी बढा देता है। यदि किसी गॉजा पीनेवालेको दम मारनेमे नशा नही होता, तो वह उसमें दो चार धतूरेके बीज मिला लेता है । किसी भग पीनेवालेको नशा नहीं होता तो वह उसमे धतूरेके बीज मिलाकर पीता है । जान पडता है, इसी खयालसे कुछ उपदेशक लोग अपने व्याख्यानोंमे और कुछ हिन्दी--लेखक लोग अपने लेखोमे इन पण्डितों और शास्त्रियोंके 'व्यवस्था'-वाक्य* उद्धृत कर दिया करते है। लेख और व्याख्यानके गॉजे और भगमे पण्डित-शास्त्रियोंके वाक्य-रूप धतूरेके बीज मिल जानेसे पढने और सुननेवालोंका नशा खूब जम जाता है। इसी नशेमे आजकल सारा देश मतवाला हो रहा है।

अपने देशके लेखकोंको मै इमली समझता हूँ । इनकी अपनी सम्पत्ति या पूँजी तो बस वही खटाई-ही-खटाई होती है, किन्तु यदि ये दूधको भी स्पर्श कर लेते है तो या तो फाडकर बेकाम कर देते है, और या खट्टा दही बना डालते है । इनमे गुण कुछ है तो वही खटाई, और वह भी बहुत खराब खटाई। इसके सिवा इनमे एक गुण और भी है, वह यह कि ये साक्षात् जड काष्ठका अवतार होते है । इमलीका काठ नीरस होता है, इसी कारण

* किसी विषयमे, उस विषयके विद्वान् पण्डितकी सम्मतिको 'व्यवस्था-वाक्य' कहते है।

समालोचनाकी आगमें जलता भी खूब है। सच कहनेमें डर काहेका, बात तो यह है कि इमलीके बराबर खराब चीज मुझे संसारमें और नहीं देख पड़ती। जो थोड़ी सी भी खा लेता है उसे अजीर्ण हो जाता है और खट्टी डकारें आने लगती हैं। जो अधिक खा लेता है उसे तो सदा अम्लपित्तका रोग बना रहता है। जो लोग साहब बन गये है और टेबल-कुर्सी लगाकर गैस या बिजलीकी रोशनीमें करीमबख्श खानसामाके हाथका पकाया हुआ खाना छुरी-कॉटेसे खाना सीख गये हैं, वे एक कठिनाईके हाथसे छुटकारा पा गये हैं—इमलीकी खटाईकी उन्हें कुछ पर्वाह नहीं रहती, उन्हें आदिसे अन्त तक इमलीकी चटनीके साथ रोटी नहीं खानी पड़ती। किन्तु जिन्हें छप्परके नीचे बैठकर रामदेईके हाथकी रसोई खानी पडती हैं, उनके कष्टका कुछ ठिकाना नहीं है। रामदेई कुलीनकी लड़की है, नित्य सबेरे नहाती है, रामनामी दुपट्टा ओढ़ती है, हाथमें तुलसीकी माला लिये रहती है, किन्तु मूंग-अरहरकी दाल, भात, और चटनीके सिवा कुछ बनाना नही जानती। करीमबख्श, जातिका तो नीच है, मगर रसोई ऐसी बनाता है कि उसका स्वाद अमृतका ऐसा होता है।।

बस अब एक प्रकारके और मनुष्यफलकी बात कह कर इस लेखको समाप्त कर दूंगा। अच्छा बतलाओ, ये देशी हाकिम किस जातिके फल हैं? जिसको क्रोध करना हो करे, मैं तो सच ही कहूँगा। ये लोग ससारके कुम्हड़े (कद्दू) हैं। इन्हें अगर छप्पर पर चढा दो तो ये ऊँचेपर फलेंगे, नहीं तो नीचे मिट्टीपर ही पडे पड़े लोटा करेंगे। जहाँ चाहो इन्हें डाल दो-उठा दो,

* चिदानन्दका मतलब यह है कि यद्यपि ॲगरेजीका साहित्य ॲगरेजोंकी रचना है-जिन्हे हम जातिकी दृष्टिसे नीचा समझते है-मगर है वह अमृतके समान सरस, उपादेय और जीवनदान करनेवाला। और हमारे वर्तमान देशी साहित्यकी रचना यद्यपि उच्च जातिके लोगोंके हाथसे होती है, मगर वह इमलीके समान दॉत खट्टे कर देनेवाला, हानिकारक और इधर उधरसे चुराया हुआ ही बहुधा होता है। ऐसे लेखकोके पास गॉठकी पूँजी तो कुछ होती नहीं, और दूसरोंसे जो लेते है उसे भी विकृत कर देते है। जो लोग ॲगरेजी नहीं जानते उन्हें उसीसे अपनी जिज्ञासा शान्त करनी पडती है, और जो अँगरेजी जानते है वे मजेसे ॲगरेजी साहित्यका स्वाद लेते हैं।

मगर जहाँ जरा आँधी चली, बेलसे टूट टूट कर जमीनमें लोटने लगेंगे। बहु-तसे तो रूपमें भी कद्दू हैं और गुणमें भी कद्दू हैं। कुम्हड़े या कद्दू आज-कल दो तरहके होते है, देशी और विलायती। विलायती कहनेसे यह न समझ लेना चाहिए कि ये कुम्हड़े विलायतसे आये हैं। आजकल जैसे देशी मोचीके बनाये जूते अँगरेजी बूट कहलाते है, वैसे ही ये विलायती कुम्हड़े भी है। यह कहनेकी तो कोई जरूरत ही नहीं कि विलायती कुम्हड़ेकी कदर ज्यादा होती है।

संसारके बगीचेमें और भी अनेक फल फलते है, उनमें सबसे बढ़कर निकम्मा निकृष्ट और कड़ुआ फल है,—चिदानन्द चतुर्वेदी।

३–यूटिलिटी या पेट-दर्शन ।

बेन्थम साहब यूटिलिटी* या हितवाददर्शनकी सृष्टि करके यूरोपमें अक्षय्य कीर्ति छोड़ गये हैं । मैं उस हितवाद-दर्शनको नापसन्द नहीं करता, और न उसका विरोधी ही हूँ, बल्कि अनुमोदन करता हूँ, परन्तु आपको मालूम होना चाहिए कि मैं भी एक सुयोग्य दार्शनिक हूँ । मैंने उसी हितवाददर्शनके आधारपर, उसमें कुछ घटा बढ़ा कर, एक नवीन दर्शनशास्त्रकी रचना की है । वास्तवमें देखा जाय तो यह मेरी रचना भारतमें प्रचलित हितवाद-दर्शनकी एक नई व्याख्यामात्र है । यहाँपर मैं उसका मर्म संक्षेपमें स्थूलरूपसे लिख देता हूँ । यह दर्शन प्राचीन प्रथाके अनुसार सूत्रोंमें लिखा गया है और मैंने आप ही उन सूत्रोंकी व्याख्या (भाष्य) भी लिख दी है । सूत्रोंकी रचना हिन्दीमें ही की गई है, इससे कोई यह न समझ बैठे कि मैं संस्कृत नहीं जानता । मैं संस्कृतका महामहोपाध्याय हूँ, मेरे पीछे उपाधियाँ भी बहुतसी लगी हुई हैं । किन्तु आजकलके हिन्दी-पाठकोंमें बहुत कम ऐसे निकलेंगे जो संस्कृत समझ सकें, इसीसे पाठकोंपर दया करके मैंने हिन्दीमें ही सूत्र लिखे हैं । लीजिए, अब मैं अपने दर्शनका प्रारंभ करता हूँ—

---

* यूटिलिटी शब्दके क्या माने हैं ? मैं खुद अँगरेजी नहीं जानता–चिदानन्दने भी कुछ नहीं बतलाया–इसी लिए लाचार होकर मैंने अपने पुत्रसे पूछा । मेरे पुत्रने डिक्शनरीमें देखकर यह अर्थ बतलाया है–' यू ' शब्दका अर्थ है तुम या तुम लोग । ' टिल ' शब्दका अर्थ है खेती करना । ' ईट ' शब्दका अर्थ है खाना । ' ई ' शब्दका क्या अर्थ है, सो वह कुछ बतला नहीं सका । मेरी समझमें चिदानन्दका मतलब यह है कि 'तुम सब लोग खेती करके खाओ' । कैसा पाजी है ! सबको किसान कह दिया । ऐसे दुष्ट दशानन लंबोदर गजाननकी रचना पढनेमें भी पाप होता है । मेरा पुत्र शायद अब बहुत अच्छी अँगरेजीकी योग्यता प्राप्त कर चुका है, नहीं तो ऐसे कठिन शब्दकी ऐसी अच्छी व्याख्या कभी न कर सकता । —मदारीलाल ।

ॐ नमो भगवते पेटदेवाय ।

सूत्र—जीवोंके शरीरमें बने हुए बडे भारी गढ़ेको पेट कहते हैं॥१॥

भाष्य—'बडे भारी' अर्थात नाक, कान आदि छोटे गढे पेट नहीं कहे जा सकते । कहनेसे विशेप दोष उपस्थित होगा। 'जीवोके शरीरमे बने हुए' कहनेका मतलब यह है कि पहाडकी खोह या तालाब आदिको कोई पेट न समझ ले और उन्हे भरनेकी इच्छा न कर बैठे । 'गढ़े' के कहनेका अभिप्राय यह है कि यद्यपि जीवोंके शरीरमे बने हुए बड़े गढ़ेको ही पेट कहते है, तो भी अवस्था विशेपमें, अर्थात् कभी कभी, अंजली आदिकी भी गिनती पेटमें ही कर ली जा सकती है। कहीं पेट भरवाना पड़ता है और कही अजली भरवानी पड़ती ह ।

सूत्र—पेटकी त्रिविध पूर्ति ही परम पुरुषार्थ है ॥ २ ॥

भाष्य—साख्यशास्त्रका भी यही मत है। त्रिविध पूर्ति—अर्थात् आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक पूर्ति ।

'आधिभौतिक'-पूर्ति, लड्डू, पेटा, बर्फी, खीर, मोहनभोग आदि तरह तरहकी भौतिक सामग्रियोंसे पेट भरना ।

'आध्यात्मिक'--पूर्ति, बड़े आदमियोंकी बडी बातोंमे तृप्त रहना ।

'आधिदैविक'--पूर्ति दैवकी दयासे पिलही तिल्ली जलोदर आदिसे पेटका भर जाना ।

सूत्र—इनमेंसे 'आधिभौतिक'-पूर्ति ही विहित है ॥ ३ ॥

भाष्य—'विहित' शब्दसे अन्य दो पूर्तियोका निषेध हुआ या नहीं, इसका निर्णय भविष्यत्‌के भाष्यकार करेंगे ।

अब यह सिद्ध हुआ कि पेट नामके बड़े विवरमें लड्डू पूड़ी आदि भौतिक पदार्थोको भर लेना ही पुरुषार्थ है। अब इस पुरुषार्थके साधन भी निश्चित करने चाहिए।

सूत्र—पहलेके पण्डितोंने पुरुषार्थ पानेके छह साधन या उपाय बतलाये हैं; यथा—विद्या, बुद्धि, परिश्रम, उपासना, बल, और छल॥४॥

भाष्य—(१) विद्या। विद्या क्या है, यह निश्चय करना बहुत ही कठिन है। कोई कहता है, लिखना पढ़ना सीख लेना ही विद्या है। कोई कहता है,

विद्याके लिए विशेष लिखने पढ़नेकी कोई जरूरत नहीं, पुस्तके लिख लेना और अखबार लिख लेना आजाना ही विद्वत्ताका प्रमाणपत्र है। कोई इसमें आपत्ति करता है, कहता है, जो लिखना नहीं जानता वह अखबारमे लेख ही कैसे लिखेगा ? मेरी समझमें यह तर्क करना ठीक नहीं । मगरका बच्चा अण्डा फोड़कर बाहर निकलते ही पानीमे तैरने लगता है, उसे सीखना नहीं पड़ता। उसी तरह भारतवासियों (विशेषकर हिन्दी भाषाके सम्पादकों, आधुनिक ग्रन्थकर्त्ताओं और कवियों) के लिए विद्या एक स्वभावसिद्ध सहज गुण है, उन्हें विद्या प्राप्त करनेके लिए लिखने-पढ़नेकी जरूरत नहीं।

(२) बुद्धि। जिस विचित्र शक्तिके बलसे आमको इमली कर सकते हैं और रुईको लोहा और लोहेको रुई बना सकते हैं, उसे बुद्धि कहते हैं। सूमकी सम्पदाकी तरह इसे आदमी आप ही देख सकता है, दूसरा नहीं। पृथ्वी भरकी सब चीजोकी अपेक्षा यह शक्ति ही जगत्मे अधिक देख पड़ती है। मैने तो कभी किसीको ऐसी शिकायत करते नही देखा कि मुझमे बुद्धि कम है।

(३) परिश्रम । ठीक समयपर गर्म गर्म भोजन करना, उसके बाद कोमल बिछौनेपर सोना, हवा खाने जाना, तमाखू जला जलाकर धूआँ-धार करना और अपनी या पराई स्त्रीसे प्रेमालाप करना इत्यादि बड़े बड़े कामोंको पूरा करना ही परिश्रम है।

(४) उपासना। किसी व्यक्तिके सम्बन्धमे यदि कोई बात की जाती है तो उसमें या तो उसके गुण गाये जाते हैं, और या उसके दोषोंका वर्णन होता है। किसी क्षमताशाली प्रधान व्यक्तिके सम्बन्धमे ऐसा वार्तालाप होनेमें, अगर वह सचमुच दोषपूर्ण है तो उसके दोष-कीर्तनको 'निन्दा' कहते हैं, और यदि उसमे कोई दोष नहीं तो उसके दोषकीर्तनको 'स्पष्ट कथन' या रसिकता कहते हैं। और गुणोंके सम्बन्धमें यह नियम है कि यदि उसमें कोई गुण न हो तो उसके गुणगानको 'न्यायनिष्ठता' और यदि वह सचमुच गुणी हो तो उसके गुणकीर्तनको 'उपासना' कहते हैं।

(५) बल। बड़ी बड़ी बातें मारना, लाल लाल आँखें निकालकर जोर जोरसे चिल्लाना-धमकाना, और मुँहसे अशुद्ध उर्दू अँगरेजी शब्दोंके साथ थूक बरसाना, थप्पड़ लात घूसा मारनेका इशारा करके ओठ चबाना-दाँत

पीसना, इनके सिवा साढे तिर्पन तरहसे मटक मटक कर ताल ठोकना,-मगर पटैतके सामने आनेपर औरतके लहँगेमे छिप रहना, वगैरह बातें 'बल' कहलाती है।

'बल' के छः उपभेद हैं। यथा—मुखका, हाथोंका, पैरोंका, आँखोंका, खालका, और मनका। गाली-गलौज, कोसना और निन्दा करना मुखका बल है। घूसा थप्पड़ वगैरह दूरसे दिखलाना हाथोंका बल है। भागना वगैरह पैरोंका बल है। रोना वगैरह आँखोंका बल है। प्रमाण चाणक्य पण्डित है —बालानां रोदनं बल। मारपीट सहना वगैरह खालका बल है। द्वेष, डाह, हिंसाप्रभृति मनका बल है।

(६) छल। नीचे लिखे व्यक्तियोको संसारमे छली जानना।

एक, दूकानदार। प्रमाण लीजिए—दूकानदार चीज बेचकर उसके दाम माँगता है। दाम देनेवाले जितने है सब यही समझते है कि हम सौदा खरी-दनेमें ठग लिये गये।

दूसरा, वैद्य। प्रमाण लीजिए—रोगीके आरोग्य होनेपर अगर वैद्य फीस माँगता है तो रोगी प्रायः यह सिद्धान्त कर लेना है कि मै आप ही आराम हो गया हूँ, ये हजरत यों ही ठगकर रुपए वसूल किये लेते है।

तीसरा, धर्मोपदेशक और धार्मिक। ये सदासे ठग कह कर प्रसिद्ध हैं। इनका और एक नाम है 'भंड'। क्योकि ये प्राय असलकी नकल करके लोगोंको ठगा करते हैं। इनके ठग होनेका एक विशेष प्रमाण यह भी है कि ये लोग धन आदिकी इच्छा नही रखते।

सूत्र—इन छः प्रकारके साधनोंसे पेट-पूर्ति या पुरुषार्थ असाध्य है॥ ५॥

भाष्य—इस सूत्रमे प्राचीन पण्डितोके मतका [illegible] विद्या आदि पूर्वोक्त छह साधनोंसे पेट नही भरा जा सक [illegible] दिखलाया जाता है।

(१) विद्यासे अगर पेट भरता तो हिन्दीके [illegible] मरते?

(२) बुद्धिसे अगर पेट भरता तो गधे बोझा क्यों [illegible]

(३) परिश्रमसे अगर पेट भरता तो हिन्दुस्तानी लोग कुली ही क्यों बने रहते ?

(४) उपासनासे अगर पेट भरता तो साहब लोग चिदानन्दपर अनुग्रह क्यो न करते ? मैने तो अपने आफिसके साहबको 'पे-बिल' कुछ बुरा नहीं बना दिया था।

(५) बलसे अगर पेट भरता तो हम गिरकर मार क्यों खाते ?

(६) छलसे अगर पेट भरता तो कभी कभी शराबके कारखानोंका दीवाला क्यो निकलता ?

सूत्र—पेट भरना या पुरुषार्थ केवल औरोंका हित करनेसे सिद्ध हो सकता है ॥ ६ ॥

भाष्य—उदाहरण लीजिए—ब्राह्मण, पुरोहित, महन्त, महात्मा वगैरह लोगोके कानोंमें 'मंत्र फूककर उनका हित करते है। आजकलके हिन्दीसमाचारपत्र आपसमें गाली गलौज करके पाठकोंका हित करते है। विचारक लोग न्यायालयमें स्वर्गीय सुखका अनुभव करते हुए अपने विचारसे प्रजाका हित कर रहे है। हिन्दीके बुकसेलर—खासकर काशीके—पेंचदार, मजेदार, चक्करदार उपन्यास लिखकर, प्रकाशित कर हिन्दी साहित्यका हित कर रहे हैं। यूरोपकी जातियोंने अनेक जगली जातियोका हित किया है और 'इंग्लिशमैन' आदि एंग्लो-इंडियन पत्र भारतका हित कर रहे है। इन सबका पेट अच्छी तरह भरता है, अर्थात् उन्हे पुरुपार्थ-लाभ होता है।

सूत्र—अतएव सब लोग देशका हित करो ॥ ७ ॥

भाष्य—इस अन्तिम सूत्रके द्वारा हितवाद-दर्शन और पेट-दर्शनकी एकता सिद्ध की गई। बस, चिदानन्दशर्माके सूत्रग्रन्थकी समाप्ति भी यहीं समझ लो। मुझे आशा है कि भारतवासी लोग सप्तम दर्शन समझकर इसका आदर करेंगे।

—श्री चिदानन्द चतुर्वेदी।

४–पतंग।

रसिकबाबूके बैठक खानेमें एक बैठकका ग्लोबदार बड़ा लैंप जल रहा है–पास ही मै मुसाहबी ढँगसे बैठा हुआ हूँ। रसिकबाबू बैठे हुए हिन्दुस्तानियोकी आपसकी फूटके बारेमे बातचीत कर रहे है। मै भंगका गोला चढ़ाए झूम रहा हूँ। हिन्दुस्तानियोंकी फूटसे चिढ़ कर आज मैं भंगकी डबल मात्रा चढा गया हूँ। विधाताने मेरे कपालमे यही लिख रक्खा था! इस समग्र ब्रह्माण्डकी अनादि क्रिया-परम्पराके नियमोंमे विधाताने यह भी लिख दिया था कि बीसवीं शताब्दीमे श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी पृथ्वीपर अवतार लेकर आज रातको रसिकबाबूके बैठकखानेमे बैठ कर आवश्यकतासे अधिक भंग छान लेगे, तब मेरी क्या मजाल कि मै उसे अन्यथा कर सकूँ?

मैंने नशेमे झूमते झूमते देखा, एक पतंग आकर लैंपके चारों ओर घूम फिर कर 'भनभन' करने लगा। नशेके झोकेमें मैने सोचा, क्या मै पतंगकी भाषा नहीं समझ सकता? कुछ देरतक कान लगा कर सुनता रहा, पर कुछ न समझ सका। मैने मन-ही-मन पतंगसे कहा–"तू यह क्या भनभन भनभन कर रहा है, मेरी समझमे कुछ नहीं आता।" एकाएक भंग भवानीकी कृपासे मुझे दिव्य कान मिल गये। मैंने सुना, पतंग कहता है–"मैं इस प्रकाशके साथ बातचीत कर रहा हूं; तुम चुप रहो।" तब मैं चुप होकर पतंगकी बातचीत सुनने लगा। पतंग कह रहा था—

"देखो प्रकाशमहाशय, पहले तुम अच्छे थे, पीतलकी दीवटपर मिट्टीके दीपकमें शोभा पाते थे, और हम बिना किसी रुकावटके जल मरते थे। अब तुम भी अँगरेजी फैशनके भक्त होकर शीशेके घेरेमें घुस कर बैठे हो। हम चारों तरफ घूमते फिरते है; परन्तु भीतर तुम्हारे पासतक जानेकी राह नहीं पाते–जल कर मरने नहीं पाते।

"देखो, इस तरह जल मरनेका हमको अधिकार है, राइट है, हक है। हमारी पतंग जाति सदासे प्रकाशमे जलकर मरती आई है–कभी किसी प्रकाशने हमको नही रोका। तेलके प्रकाश, मोमबत्तीके प्रकाश, लकड़ीके प्रकाश—किसी भी प्रकाशने हमको नहीं रोका। प्रभो, फिर तुम क्यों काँचके कोटमें बैठकर हमें जलमरने नहीं देते? हम गरीब पतंग हैं, हमपर

यह सहमरण-निषेधका आईन क्यों जारी करते हो? हम क्या हिन्दुओंकी स्त्रियाँ हैं कि जलकर मर न सकेंगे?

"देखो, हिन्दुओंकी स्त्रियोंमें और हममें बडा अन्तर है। हिन्दुओंकी स्त्रियाँ आशा-भरोसा रहते कभी जलकर मरना नहीं चाहतीं, पहले विधवा होती हैं, पीछे सती। हमारी ही जाति ऐसी है जो सदा आत्मत्याग करनेके लिए तैयार रहती है। हमारे साथ स्त्रीजातिकी तुलना कैसी?

"यह सच है कि हमारे ही समान स्त्रियाँ भी रूपकी आग जलते देखकर उसमें कूद पडती हैं। फल भी एक ही होता है, हम भी जल मरते हैं और वे भी जल मरती हैं। पर देखो, उनको उस जल मरनेमें सुख है, मगर हमको क्या सुख है? हम केवल जलनेके लिए जलते हैं, मरनेके लिए मरते हैं। क्या स्त्रियाँ भी ऐसा कर सकती हैं? फिर हमारे साथ उनकी तुलना कैसी?

"सुनो, अगर ज्वालापरिपूर्ण रूपकी आगमें इस शरीरकी आहुति न दी, तो फिर यह शरीर किस लिए है? अन्य जीव क्या सोचते हैं, सो तो हम कह नहीं सकते, किन्तु हम पतंग जातिके जीव हैं, हमें बहुत कुछ सोचने पर भी नहीं जान पडता कि यह शरीर किस लिए है?—इसे लेकर हम क्या करेंगे? हम नित्य फूलोंका 'मधु' पीते हैं, नित्य जगतको प्रफुल्लित करनेवाली किरणोंमें विचरते हैं, परन्तु इसमें क्या सुख है? फूलोंमें वही एक ही गन्ध है। मधुमें वही एक ही मधुरता है। सूर्यमें वही एक ही प्रकारका तेज है। ऐसे असार, पुराने, विचित्रता-शून्य जगत्में रहना किसे अच्छा लगेगा? इस घेरेके बाहर आओ, जलती हुई रूपकी शिखापर हम अपने शरीरको निछावर कर दें।

"देखो, मैं तुमसे बहुत ही साधारण भिक्षा चाहता हूँ। अपने प्राण तुमको अर्पण कर जाऊँगा, क्या न लोगे? देनेके सिवा तुमसे कुछ न लूँगा। फिर इसमें तुम्हारी क्या हानि है? तुमने अपने रूपसे जलानेके लिए जन्म लिया है, और मैं जलनेके लिए पैदा हुआ हूँ, आओ, जिसका जो काम है उसे करते चलें। तुम हँसते रहो, मैं जलूँ।

"तुम संसारभरको जला डालनेकी शक्ति रखते हो। जगत्में ऐसी कोई चीज नहीं है जो तुमको रोक सके। फिर तुम काँचके कोटमें क्यों छिपे हुए

हो ? सारे जगत्की गतिका कारण होकर भी तुम क्यो इस कैदमें पड़े हुए हो ? किस मूर्खने यह कॉचका कोट बनाया है ? और किस पाजीने तुम्हे इसके भीतर बंद कर रक्खा है ? प्रभो, तुम तो विश्वव्यापी हो, कॉचका कोट तोड़-कर क्या मुझे दर्शन नही दे सकते ?

" तुम क्या हो—यह मै नहीं जानता। यह न जानने पर भी केवल इतना जानता हूं कि तुम मेरी वासनाकी वस्तु हो, जागतेमें ध्यानकी सामग्री, सोतेमें सुखका स्वप्न, जीवनकी आशा और मरनेका आश्रय हो। तुमको कभी जान न सकूंगा—जानना चाहता भी नही। जिस दिन जान लूंगा, उसी दिन मेरा सुख भी चला जायगा। जो चीज चाहकी होती है, उसका स्वरूप जान लेने पर फिर वह सुखकी सामग्री या चाहकी चीज नही रहती।

" तुमको क्या न पा सकूंगा ? कितने दिन तुम इस कॉचके कोटमें रहोगे ? क्या मैं इस कॉचको तोड न सकूंगा ? अच्छा, रहो, मैं छोड़नेवाला जीव नहीं—फिर आता हूं।" भनभन करके पतंग उड गया।

* *

इतनेमे रसिकबाबूने पुकारा—" चौबेजी ! " मै चौंक पड़ा। ऑखें खोल कर देखा, जान पडा—रसिकबाबू न पुकारते तो मै तकिया लेकर तखतके नीचे ही होता ! रसिकबाबूकी तरफ कई बार ऑखें फाड फाड़ कर देखा, मगर उनको पहचान न सका। ऐसा जान पड़ा कि एक बड़ा भारी पतंग तकियेके सहारे बैठा हुआ हुक्का पी रहा है। वे मुझसे बातें करने लगे, मुझे जान पड़ा, पतंग भनभन भनभन कर रहा है। तभीसे मुझे जान पड़ने लगा कि जितने मनुष्य है, सब पतंग है। सभीके जल मरनेके लिए एक न एक अग्नि है। सभी उस अग्निमे जल मरना चाहते हैं। सभी समझते है कि उस आगमे जल मरनेका उनको अधिकार है। उनमेंसे कोई जल मरता है, और कोई कॉचसे टकराकर फिर आता है। ज्ञानकी अग्नि, धनकी अग्नि, मानकी अग्नि, रूपकी अग्नि, धर्मकी अग्नि, इन्द्रियोकी अग्नि, कहॉंतक गिनावें, संसार अग्निमय है। इस अग्निमय ससारमें कॉचका घेरा भी है। जिस प्रकाशको देख कर मोहित होते हैं—मोहित होकर जिसमे कूद पड़ना चाहते हैं–कहॉं, उसे तो नहीं पाते–लौट कर भनभन करते चले जाते हैं, और फिर फिर कर

उसीके आसपास चक्कर लगाते हैं। अगर घेरा न होता तो संसार अबतक कबका जल कर भस्म हो गया होता। यदि सभी लोग धर्मके ज्ञाता होकर धर्मकी अग्निको अज्ञानके आवरणसे अलग कर पाते, तो इस संसारका कारोबार कितने दिन चलता? बहुतसे मनुष्य ज्ञानाग्निपर चढे हुए काँचके आवरणसे टकराकर बच जाते है। परतु साक्रेटिस (सुकरात) और गेलिलियो उसमें जल मरे। रूपकी, धनकी और मानकी अग्निमे तो हम नित्य ही हजारों पतंगोंको जलते मरते देखते हैं। इस अग्निदाहका जिसमे वर्णन होता है, उसको काव्य कहते है। महाभारतके लेखकने मानकी अग्नि उत्पन्न कर उसमें दुर्योधन–पतगको जला दिया, जगत्मे एक अद्वितीय काव्य-ग्रन्थकी रचना हुई। ज्ञानाग्निमे जलनेके गीत 'पेराडाइज़ लास्ट †' नामके ग्रन्थमे गाये गये हैं। धर्माग्निका अद्वितीय कवि 'सेंट पाल' गिना जाता है। भोगकी अग्निके पतंग 'एण्टोनी और क्लिओपेट्रा' थे। रूपाग्निके पतंग 'रोमियो और जूलियट' थे। ईर्षाकी अग्नि 'ओथेलो' मे और इन्द्रिय-सुखकी अग्नि 'गीतगोविन्द' और 'विद्यासुन्दर' मे जल रही है। स्नेहकी आगमे सीता-पतंगको जलानेके लिए रामायणकी रचना हुई है।

आग क्या पदार्थ है–सो हम नही जानते। रूप, तेज, ताप, क्रिया, गति आदि शब्दोंका कुछ अर्थ ही नही है। यहाँपर दर्शनशास्त्र हार मानते हैं, विज्ञान हार मानता है, धर्मपुस्तके हार मानती है, काव्यके ग्रंथ हार मानते है। ईश्वर क्या है, धर्म क्या है, ज्ञान क्या है, स्नेह क्या है? क्या है, सो हम कुछ भी नही जानते। तो भी उन्ही अलौकिक अज्ञात पदार्थोको घेर घेर कर चक्कर मारा करते हैं। हम पतंग नही है, तो क्या है?

देखो भाई पतंग-दल, इस तरह चक्कर लगानेमे, भटकनेमें कोई लाभ नहीं। हो सके, तो आगमे कूद कर जल मरो। न हो सके तो चलो, भनभन करके चल दे।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

---

† कवि मिल्टनका एक ग्रंथ।

५—मेरा मन ।

मेरा मन कहाँ गया ? उसे किसने लिया ? कहाँ, जहाँ मेरा मन था वहाँ तो नहीं है। जहां मैंने अपने मनको रख छोड़ा था, वहाँ तो उसका कुछ भी पता नहीं है। किसने उसे चुराया ? उसकी खोजमें पृथ्वी-आकाश-पाताल एक कर डाला, मगर मेरा मन या मेरे मनका चोर कहीं नहीं मिला। फिर किसने मेरा मन चुरा लिया ?

मेरे एक मित्र बोले—देखो, रसोईघरमें जाकर देखो, सभव है कि वहाँ तुम्हारा मन पडा हो।

यह मैं मानता हूँ कि रसोईघरमें मेरा मन पड़ा रहा करता था। जहाँ पुलाव जर्दे और कबाब कोफ्तेकी सुगन्ध उड़ती थी—जहाँ डेकची-वाहिनी 'अन्न-पूर्णा' की धीमी धीमी फुदफुद-बुदबुद ध्वनि सुन पड़ती थी, वहीं मेरा मन पड़ा रहता था। जहाँ आलू-देव कड़ाहीकी गंगामें सचैल स्नान करके मिट्टी-कांसे-कांच या चाँदीके सिंहासनमें विराजमान होते हैं, वहीं मेरा मन प्रणत होकर पडा रहता है, भक्तिरसमें सराबोर होकर उस तीर्थस्थानको छोडना नहीं चाहता। जहाँ बकरीका बच्चा, दूसरे 'दधीचि' की तरह परोपकारके लिए अपनी हड्डियाँ अर्पण कर देता है, और उन मांसमिली हड्डियोंसे कोर्मा-रूपी वज्र बन कर भूख-रूपी वृत्तासुरका वध करनेके लिए तैयार रहता है, वहीं मेरा मन इंद्र-पद पानेके लिए उपस्थित रहता है। जहाँ पाचकरूपी विष्णु पूरी-कचौरीरूपी सुदर्शनचक्र छोडता है, वहीं मेरा मन परम वैष्णव होकर खड़ा रहता है। अथवा जिस आकाशमें पूरी-रूपी चन्द्रमाका उदय होता है, वहाँ मेरा मन राहु बनकर 'ग्रहण' के ताकमें लगा रहता है। और लोग चाहे जिसे (रुपए आदिको) कहें, मगर मैं तो पूरीको ही 'अखण्ड-मण्डलाकार' कहता हूँ। जहाँ रसगुल्लारूपी शालग्राम विराजते हैं, वहीं मेरा मन उनका उपासक हो रहता है। रसिकबाबूके घरकी मिसरानी देखनेमें तो सूपनखाकी सगी बहिन थी और उसकी अवस्था भी कमसे कम साठ वर्षकी होगी, मगर वह रसोई अच्छी बनाती थी और परोसती भी जी खोलकर थी, इसी कारण एक समय मेरा मन उसको चाहने लगा था। इस शुभकार्यमें बाधा केवल यही हुई कि मिसरानी पहले ही कूच कर गई; इसीसे ऐसा नहीं हो सका।

मित्रके कहनेसे मैने रसोईघरमे अपने मनकी खोज की, मगर वहाँ पता नहीं चला। पुलाव कोफ्ते वगैरह अधिष्ठाता देवतोंसे पूछनेपर मालूम हुआ कि उनमेंसे किसीने मेरा मन नहीं चुराया।

मित्रने फिर कहा—" अच्छा, अब जरा श्यामा ग्वालिनके यहाँ जाकर तो खोज करो। शायद वहीं तुम्हारा मन ले गई हो।" श्यामाके साथ मेरा कुछ सम्बन्ध अवश्य है, लेकिन वह सम्बन्ध शृगाररसका नहीं, गो-रसका है। श्यामा, देखनेमे गदबदी, गोल गाल, अवस्था पचासके लगभग, दाँतोंमे मिस्सीकी धड़ी, माँगमे सेंदुर भरा, मुखमे हँसी भरी, नाकमे छोटीसी नथ, और सिरपर दूध-भरी मटकी लिये, रसमयी हँसी बरसाती राहमे चली जाती थी, और मैं पीछे पीछे उस हँसीका मजा बटोर बटोर कर अपनी झोली भरता जाता था। यह देखकर कुछ दुनियाके लोग मेरी निन्दा करने लगे। पुजारी महाराजके मारे बागमे फूल नहीं खिलने पाते, और चवाइयोंके मारे श्यामाके आगे मेरा मुख-कमल नही खुलने पाता। नही तो गोरस और काव्यरसमे परस्पर खूब देन लेन चलता। इसमे मुझे अपने लिए चाहे दुःख हो, या न हो, लेकिन श्यामाके लिए मुझे अवश्य बडा दुःख है। क्योंकि मेरी समझमे श्यामा सती, साध्वी, पतिव्रता है, यह बात भी मै चार आदमियोके आगे कहने नहीं पाता। एक बार मैने यह बात कही, तो महल्लेके एक दुष्ट लड़केने इसका भी उलटा ही अर्थ किया। उसने कहा—श्यामा 'है,' इसलिए वह 'सत्' या 'सती' है। वह साधू ग्वालेकी स्त्री है, इससे उसे 'साध्वी' कह सकते है और वह विधवा होनेपर भी पतिसे खाली नही, इसीसे घोर 'पतिव्रता' है। कहनेकी जरूरत नही कि मैने शिक्षा देनेके लिए, ऐसा बुरा अर्थ करने-वाले लडकेके, दो चार लप्पड़ झाड़ दिये थे, किन्तु इससे भी मेरा कलंक दूर नही हुआ।

जब लिखने बैठा हूं तब साफ ही साफ लिखूंगा। मेरे मनमे श्यामाका अनुराग कुछ-न-कुछ अवश्य है। इसके कई कारण है—एक तो यह कि वह जो दूध देती है वह सस्ता होता है और उसमे पानीका एक बूंद भी नहीं मिला होता। दूसरे यह कि वह कभी कभी दूध, मट्ठा, मक्खन वगैरह मुझे मुफ्त ही दे जाती है। तीसरे एक दिन उसने मुझसे कहा था कि "चौबेजी, तुम्हारे पास वह कागजोंकी पोटली कैसी है?" मैने पूछा—" क्या तुम सुनोगी?" इसके बाद मैने उसे कई लेख पढ़कर सुनाये। उसने बैठकर

मन लगाकर उन्हे सुना। भला, इस व्यवहारसे कौन लेखक बे-दामका गुलाम न बन जायगा? श्यामाकी तारीफ कहाँतक करूँ, उसने मेरे कहनेसे, अनुरोध करनेसे, भग पीना भी शुरू कर दिया है।

यह बात मै स्वीकार करता हूँ कि इन्हीं सब कारणोंसे मेरा मन कभी कभी श्यामाके घरके चारों ओर चक्कर लगाया करता है। किन्तु, केवल उसके आसपास ही नहीं, उसके यहाँ जिस दालानमे मगला गऊ बँधती है, वहाँ भी मेरा मन बराबर ताक-झाँक लगाये रहता है। मै जैसे श्यामाको चाहता हूँ, वैसे ही मगलाको भी। एक दूध, मट्ठा और मक्खन पैदा करती है, और दूसरी देती है। गगा विष्णुके चरणोसे पैदा हुई है, लेकिन उनको यहाँतक लाये है राजा भगीरथ। मगलाको मै विष्णुपद और श्यामाको राजा भगीरथ समझता हूँ। मै दोनोको समानभावसे चाहता हूँ। श्यामा और उसकी गऊ, दोनो ही सुन्दरी, दोनों ही मोटी ताजी, रसमयी, दूध देनेवाली और घड़े घड़े भरके थनोवाली है। उनमेसे एक गोरसकी और दूसरी हास्यरसकी जननी है। और मै, मै तो दोनोंहीके निकट बिना दामके बिक चुका हूँ।

किन्तु आज कल खोज करनेसे जान पडा कि मेरा मन श्यामाके छपरखटमे या गोशालामें नही है। फिर मेरा मन कहाँ गया?

रोते रोते घरके बाहर निकला। देखा, एक युवती जलकी कलसी कमरपर रक्खे लिये जा रही है। उसके मुखमण्डलपर दृष्टि पडी, तो उसकी गहरे काले रगकी और हवाके हिलोरोसे हिलती हुई अलके, काली काली कमान सी भौहे, और काली काली आँखोकी पुतलियाँ देखकर जान पड़ा, जैसे कमलके वनमे चचल भौरे घूम घूम कर उड़ रहे है—बैठते नही, उड़े उडे फिरते है। चलनेमे उसके अगोका हिलना देखकर जान पड़ता था, जैसे लावण्यकी नदीमे छोटी छोटी लहरे उठ रही है। पग-पगपर चलते समय जान पडता था, जैसे वह हृदयकी हड्डियाँ तोड़ती चली जा रही है। उसे देखकर मुझे जान पडा कि निसन्देह इसीने मेरा मन चुराया है। मै उसके साथ हो लिया। उसने घूम-कर कुछ क्रोधका भाव दिखाकर कहा—यह क्या जी? तुम मेरे साथ क्यों आ रहे हो?"

मैंने कहा—तुमने मेरा मन चुराया है?

युवतीने मुझको गाली देकर तीखे स्वरमे कहा—मैंने चुराया तो नहीं है। अलबत्ता तुम्हारी बहनने दाम लगानेके लिए मुझको दिया था। मैंने

उसका भाव बताकर तुम्हारी बहनको ही फेर दिया है। अपनी बहनके ही पास जाकर तलाश करो।

उस घड़ीसे मैं सीख गया। फिर मनकी खोजमें वैसी रसिकता करनेका साहस मुझे नहीं हुआ। मगर मैंने मन-ही-मन समझ लिया कि मेरा मन इस संसारमें कहीं किसी चीजमें नहीं है। दिल्लगी नहीं, सच कहता हूँ, किसी चीजमें मेरा मन नहीं है। शरीरके सुख और आराममें मन नहीं है। जो हँसी दिल्लगी मुझे प्यारी थी, उसमें भी अब मेरा मन नहीं है। मेरी कुछ फटी पुरानी पोथियाँ थीं, उनमें मेरा मन पहले रहता था मगर अब वहाँ भी नहीं है। धनोपार्जनमें तो मेरा मन कभी था ही नहीं, और अब भी नहीं है। कहीं किसी चीजमें मेरा मन नहीं है, फिर बतलाओ, मेरा मन कहाँ गया?

समझा, लघुचेता (छोटे दिलके) आदमियोंके लिए मनका बन्धन अवश्य चाहिए, नहीं तो उनका मन उड़ जाता है। संसारमें हम क्या करनेके लिए आते हैं--सो तो मैं ठीक ठीक बता नहीं सकता, किन्तु इतना अवश्य जान पड़ता है कि मनको बन्धनमें डालनेहीके लिए आते हैं। मैं हमेशा अपना ही रहा, पराया नहीं हुआ। यही कारण है कि इस पृथ्वीपर मुझे सुख नहीं है। जो लोग स्वभावसे ही निपट आत्मप्रिय होते हैं वे भी, ब्याह करके, गृहस्थ होकर, स्त्री-पुत्रोंको आत्मसमर्पण कर देते हैं, इसी कारण वे सुखी हो जाते हैं। नहीं तो वे किसी तरह सुखी न हो सकते। मैंने बहुत खोज करके देखा है कि पराये लिए आत्मविसर्जनके सिवा पृथ्वीपर स्थायी सुख पानेका और उपाय नहीं है। धन, यश, इन्द्रियसुख आदि सुख अवश्य हैं, लेकिन वे स्थायी (ठहरनेवाले) नहीं हैं। ये सब पहलेपहल कुछ सुख देते हैं। दूसरी बार उतना सुख नहीं होता, तीसरी बार और भी कम सुख होता है। धीरे धीरे अभ्यास होजाने पर उनमें कुछ भी सुख नहीं रहता। सुख तो रहता ही नहीं, उलटे असुखके दो कारण पैदा हो जाते हैं। एक तो जिस चीजका अभ्यास पड़ जाता है उसके होनेसे सुख नहीं होता, लेकिन न होनेसे भारी कष्ट जान पड़ता है। दूसरे, पूर्ण न होनेवाली लालसाके बढ़ते रहनेसे दुःख और यन्त्रणाकी सीमा नहीं रहती। अतएव पृथ्वीपर जो चीजें कामनाकी वस्तु कहकर चिरकालसे परिचित हैं, वे सभी तृप्त न कर सकनेवालीं हैं, और इसीसे दुःखकी जड़ हैं। जहाँ देखोगे वहाँ यशके साथ निन्दा, इन्द्रियसुखके साथ रोग, धनके साथ हानि और चिन्ता देखोगे। सुन्दर शरीर बुड्ढा और रोगी हो जाता है, सुनाममें

भी मिथ्या कलंक लगाया जाता है, अपने धनको कहीं कहीं स्त्रीका उपपति भोग करता है, मान और प्रतिष्ठा मेघमालाकी तरह शरद्‌ऋतु (बुढ़ापे) में नहीं रहती। विद्यासे भी तृप्ति नहीं होती, वह केवल अन्धकारसे घोर अन्धकारमें ले जाती है। उससे इस संसारकी तत्त्व-जिज्ञासा कभी मिट नहीं सकती। हाँ, यह बात अवश्य है कि विद्याका जो उद्देश्य (धन, मान, यश आदिकी प्राप्ति) है, वह उसके द्वारा सिद्ध हो जाता है। किन्तु उससे सच्चे सुखकी प्राप्ति नहीं होती। क्या आपने कभी किसीको कहते सुना है कि "मैं धनोपार्जन करके, अथवा यशस्वी होकर, सुखी हुआ हूँ ?" इन कई लाइनोंको जो कोई पढे, वही स्मरण करके देखे कि उसने कभी किसीके मुखसे ऐसा सुना है ? मै सौगंद खाकर कह सकता हूँ कि किसीने कभी ऐसी बात नहीं सुनी होगी। इससे बढ़कर धन और मानके निकम्मे होने-का प्रमाण और क्या हो सकता है ? आश्चर्यकी बात तो यही है कि ऐसे अकाट्य प्रमाणके रहते हुए भी हर एक आदमी उसी धन और मानके लिए प्राणपणसे चेष्टा करता है। इसका कारण और कुछ नही, आजकलकी 'सुशिक्षा' है। माके दूधकी घूँटीके साथ ही बच्चेके हृदयमें यह विश्वास पैठ जाता है कि जो कुछ है वह धन और मान है। बालक देखता है कि रातदिन उसके मा-बाप, भाई-बहन, पास-परोसी, इष्ट-मित्र, नौकर-चाकर, सभी "हाय धन, हाय यश, हाय मान," करते फिरते हैं। बस, वह बालक बोल निकल-नेके पहले ही उसी रास्तेपर चलना सीख जाता है। न जाने यह मनुष्य-समाज कब नित्य और सच्चे सुखके पानेका उपाय खोजेगा ? जितने विद्वान्, बुद्धि-मान्, दार्शनिक और संसारका तत्त्व जाननेकी डींग हाँकनेवाले है, सब मिल कर देखे कि औरको सुखी बनानेके सिवा अपने सुखी होनेका और कोई उपाय है या नहीं। मैं कहता हूँ कि नहीं है। मैं मरकर, जलकर, राख हो जाऊँगा, मेरा नाम तक इस संसारसे उठ जायगा, किन्तु मै मुक्तकण्ठ होकर कहता हूँ कि एक दिन लोग मेरी इस बातको अवश्य जानेंगे कि मनुष्यके स्थायी सुखका मूल कारण दूसरेको सुखी करनेके सिवा और कुछ नहीं है। आज जैसे लोग धन मान आदिके पीछे पागल हुए फिरते हैं, वैसे ही एक दिन सारी मनुष्यजाति दूसरेको सुखी बनानेके लिए पागल हुई फिरेगी। मैं मरकर मिट्टीमें मिल जाऊँगा, मगर मेरी यह आशा एक दिन अवश्य सफल होगी। सफल होगी, लेकिन कितने दिनोंमे ? हाय, कौन बतलावेगा, कितने दिनोंमें !

बात पुरानी है। ढाई हजार वर्ष पहले शाक्यसिंह इसी बातको कई तरह बतला गये हैं। उनके बाद और भी कई लोकशिक्षक महापुरुषोंने यही सिखलाया है। किन्तु किसी तरह संसारके लोग नहीं सीखते; वे किसी तरह इस धन-जन-मान-लालसाके इन्द्रजालको अपने आगेसे नहीं हटा सकते। इधर जबसे अँगरेजी शासनका अधिकार हुआ है, तबसे इस मामलेमे और भी गड़बड़ी पड़ गई है। अँगरेजी शासन, अँगरेजी सभ्यता और अँगरेजी शिक्षाके साथ साथ 'मटीरियल प्रास्पेरिटी' (भौतिक सम्पत्ति) पर अनुराग भी दिनोंदिन इस देशमे बढ़ता जाता है। अँगरेज जाति इस भौतिक सम्पत्तिको बेहद चाहती है। अँगरेजोंकी सभ्यताका यह प्रधान चिह्न है। अँगरेज लोगोका जबसे यहाँ शुभागमन हुआ है, तबसे वे इस देशकी भौतिक सम्पत्ति बढानेमे ही जीजानसे जुटे हुए है। हम भी 'यथा राजा तथा प्रजा' होकर उस भौतिक सम्पत्तिके आगे और सब भूल गये या भूल रहे है। भारतवर्षकी और सब देवमूर्तियाँ स्थानभ्रष्ट हो गई है, सिन्धुसे लेकर ब्रह्मपुत्र नद तक केवल भौतिक सम्पत्तिकी ही पूजा हो रही है। देखो, वाणिज्यकी कैसी श्रीवृद्धि या तरक्की हो रही है–देखो रेलगाड़ीका जाल कहांतक फैला हुआ है—देखते हो, टेलीग्राफ कैसी चीज है!

देखता हूँ, किन्तु चिदानन्दका प्रश्न यह है कि तुम्हारे टेलीग्राफसे और रेलगाडीसे मेरे मनका सुख कितना बढेगा? मेरे खोये हुए मनको क्या ये वस्तुएँ खोज दे सकती है? क्या इनसे किसीके जीकी ज्वाला मिट सकती है? इनसे कृपणकी तृष्णा मिट सकती है? किसी अपमानितके अपमानका बदला चुक सकता है? अगर नही, तो तुम अपनी इस रेल और टेलीग्राफको उखाड़ कर समुद्रमे फेक दो, चिदानन्दकी तो यही राय है।

क्या अँगरेजी, और क्या हिन्दी, जो मासिकपत्र, समाचारपत्र और व्याख्यान हम देखते या सुनते है, उसीमे हमको भौतिक सम्पत्तिकी चर्चा या आलोचना मिलती है। बम् भोलानाथ! भौतिक सम्पत्तिकी पूजा करो, रुपयोंकी ढेरीपर ढेरी चढाओ, जो कुछ है वह सोलह आनेका रुपया है! रुपया भक्ति है, रुपया मुक्ति है, रुपया उन्नति है, रुपया सद्गति है! रुपया धर्म है, रुपया कर्म है, रुपया ही धर्मार्थ-काम-मोक्षका मूल है! इस राहपर न जाना, देशका रुपया घटेगा, उस राहपर चलो, देशका रुपया बढ़ेगा! जय पशुपतिकी! रुपया बढाओ–रुपया बढ़ाओ! रुपया रेल और टेलीग्राफसे बरसता है, उन्हींके मन्दिरोमे जाकर सिर झुकाओ! ऐसा करो जिसमे रुपए बढ़ें, शून्य आकाशसे

रुपए बरसा करे ! रुपयोंकी झनझनाहटसे भारत भर उठे ! और मन ? मन और क्या चीज है ? रुपया ही मन है, मन तन्मय है ! मन हमारा ' टक-साल ' में गढ़ा और बिगाडा जाता है। रुपया ही भौतिक सम्पत्ति है। हर हर बम् बम् ! भौतिक सम्पत्तिकी पूजा करो ! इस पूजाके पुरोहित शुद्धाचारी अँग-रेज ऋषि हैं। आदमस्मिथ-पुराण और मिल-तन्त्रसे इस पूजाके मन्त्र पढ़े जाते है। इस पूजाके उत्सवमे अँगरेजी अखबार नगाड़ा और ढोल बजाते है, और हिन्दी अखबार झाँझ पीटते हैं । शिक्षा और उत्साहका नैवेद्य लग जानेपर हृदयकी भेट चढाई जाती है । इस पूजाका फल भी सुनोगे ? सुनो, इस पूजाका फल है, इस लोक और परलोकमे सदाके लिए नरकभोग ! तो आओ फिर, सब लोग मिलकर भौतिक सम्पत्तिकी पूजा करे। आओ, यशोगंगाके जलमें धोकर, वञ्चना-बिल्वपत्रमे मीठी बातोंका चन्दन छिडककर इस महादेवकी पूजा करें। बोलो भाई, हर हर बम् बम् ! हम भौतिक सम्पत्तिकी पूजा करते है। बजाओ भाई ढोल तुरही और झाँझ—ढम ढम ढम, झम झम झम ! आइए पुरोहितजी ! मन्त्र पढिए। हमारे इस बहुत पुराने घीको लेकर स्वधा स्वाहा उच्चारण कर अग्निमें आहुति दीजिए ! कहाँ है लाला मदारीलालके साहबजादे यूटिलिटेरियन बहादुर ! बकरेकी गर्दन खूँटेपर रक्खी है, एक बार बाबा पञ्चा-नन्द*का नाम लेकर हाथ मारो ! हर हर बम् बम् ! चिदानन्द खड़ा हुआ है, बकरेकी ' मुडी ' देना ! तुम मजेमें पूजा करो।

पूजा करो, कोई हानि नहीं, परन्तु मुझे कई बाते समझा दो।—तुम्हारी इस भौतिक सम्पत्तिसे कितने अभद्र भद्र हुए है ? कितने अशिष्ट शिष्ट हुए है ? कितने अधार्मिक धर्मात्मा हुए है ? कितने अपवित्र पवित्र हुए है ? एक भी नही। अगर मेरा यह अनुमान सच है, तो मुझे तुम्हारी यह 'सम्पत्ति' रत्तीभर न चाहिए। मै आज्ञा देता हूँ कि इसे भारतसे उठा दो।

तुम्हारी बात मै समझता हूँ। तुम्हारा विश्वास है कि यह पेट नामका जो बड़ा भारी गढ़ा है इसे नित्य भरना चाहिए; नहीं तो काम नहीं चल सकता। तुम कहते हो कि " सबका यह गढा जिससे अच्छी तरह भरता रहे, उसीकी चेष्टा हम करते हैं।" मैं कहता हूँ कि यह तो बहुत ही अच्छी बात है,

* पञ्चानन नाम ठीक नहीं—पञ्चानन्द ही ठीक है। मदिरा, मास, गाड़ी-जोड़ी, पोशाक, और वेश्या—इन पॉच आनन्दोंसे पञ्चानन्दका सगठन हुआ है।
—मदारीलाल।

परन्तु इसके लिए इतनी धूमधाम या तन्मयताकी आवश्यकता नहीं। इस गढ़ेके भरनेमें तुम ऐसे लग गये हो कि तुमको और तरफ आँख उठाकर देखनेका भी अवकाश नहीं। मेरी समझमें गढ़ेका एक कोना चाहे खाली रहे, वह अच्छा, परन्तु और और तरफ भी मन लगाना चाहिए। गढ़ेको भरना और मनकी तृप्ति (सुख) दोनो भिन्न हैं। मानसिक सुख बढ़ानेका क्या कोई उपाय नहीं हो सकता? तुम इतनी कलें बनाते हो, क्या मनुष्य मनुष्यमें परस्पर प्यार बढ़ानेकी कोई कल नहीं बन सकती? जरा अकल लड़ाकर देखो, नहीं तो सब विकल हो जायगा।

मै भी चिरकालसे केवल गढ़ा भर रहा हूँ, मैने कभी पराये लिए कुछ नही सोचा। इसीसे सब खो बैठा हूँ—ससारमे मेरे लिए सुख नही है, इसीसे इस पृथ्वीपर मेरे रहनेका प्रयोजन भी कुछ नहीं। दूसरेका बोझ अपने सिरपर क्यों लूँ, यही सोचकर मैने ब्याह नहीं किया। उसका फल यह हुआ कि मेरा मन कही नही है--लापता है। मतलब यह कि मै सुखी नहीं हूँ। सुखी कैसे हो सकता हूँ? जब मै किसीके काम न आया, किसीकी जिम्मेदारी मैंने नही ली, तब सुखपर मेरा अधिकार ही क्या है?

यह सच है कि सुखपर मेरा अधिकार नहीं है, लेकिन इससे यह न समझ लेना कि तुम लोगोंने ब्याह किया है और उससे तुम सुखी हुए हो। यदि पारिवारिक स्नेहमे तुम्हारी आत्मप्रियता (खुदपसन्दगी) लीन नही हुई, यदि विवाहसंस्कारसे तुम्हारा हृदय उदार नही बना, यदि तुम अपने परिवारपर प्यार करनेके द्वारा सारी मनुष्यजातिको प्यार करना नही सीखे, तो तुम्हारा ब्याह वृथा हुआ, तुमने व्यर्थका बखेडा मोल लिया। इंद्रियतृप्ति या पुत्रका सुख देखना ही विवाहका उद्देश्य नहीं है। यदि विवाह-बन्धनसे मनुष्यका चरित्र उत्तम न बना, तो विवाहकी कोई जरूरत नही। इन्द्रियाँ अभ्याससे वश की जा सकती हैं। अभ्याससे ही इन्द्रियाँ एकदम शान्त बनाई जा सकती है। मेरी सम्मति है कि मनुष्यजाति अभ्यासके द्वारा इन्द्रियोंको वशमे रख-कर चाहे पृथ्वीपरसे उठ जाय, किन्तु जिस विवाहसे प्रीतिकी शिक्षा न मिले, वैसे विवाहकी कोई आवश्यकता नहीं है।

अब चिदानन्द शर्मा हाथ जोड़कर सबसे यह प्रार्थना करता है, कि आप लोगोमेंसे कोई सज्जन उसका एक ब्याह करा दे सकते हैं?

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

६—चाँदनीमें* ।

इस घासफूससे हरे भरे स्थानमें, इस उमंगसे बहती हुई गंगाके किनारे, इस चमकीली चाँदनीमें, आज चिट्ठेकी श्रीवृद्धि करूँगा—उसका कलेवर बढ़ाऊँगा। ऐसी ही चाँदनीमें ट्रेल्स शर्मा, ट्रायकी ऊँची दीवारपर चढ़कर, क्रिसीडाकी यादमें गर्म साँसें लिया करते थे, ऐसी ही चाँदनीमें सुन्दरी थिसवी इसी तरह ओसकी बूँदोंसे भीगी हुई कोमल घासको सुकुमार पैरोंसे रौंध कर पिरामसके मिलनस्थानको अभिसार करती थी, और हमारे कान्हाने भी ऐसी ही शरद् ऋतुकी चाँदनीमें रास रचा था। मै भी आज पञ्चपतिका द्रौपदीसे भी बढ़कर 'महाभारत' रचनेकी शक्ति रखनेवाली इस लेखनीके साथ रास रचने बैठा हूँ—देखूँ कन्हैयाकी तरह पहाड़ उठा सकता हूँ, या नही!

चन्द्र, तुम हँसते हो? मारे हँसीके आकाशमें लोटे लोटे फिर रहे हो? अपनी सत्ताईस प्यारियों (नक्षत्रों) के साथ आँख मटका कर मुझे हँस रहे हो? राजा दक्षकी समझदारीपर वारी!—एकदम सत्ताईस लड़कियाँ गले मढ़ दीं! इधर चिदानन्द शर्मा केवल एक ब्याहके लिए ईश्वरसे त्रिकाल प्रार्थना करते करते बूढ़ा हो गया! अच्छा, अब तुम अमल-धवल-किरण-राशि सुधाकर, और नही तो कमसे कम 'श्लेषा' और 'मघा' को मुझे दे दो, मै इन दोनोंको बहुत प्यार करता हूँ। मुझ जैसे निकम्मे लोग इनकी कृपासे कमसे कम दो दिन अपने घर रहनेका आराम पा सकते है। मै इन दोनो बहनोंको अपने घरमें सदाके लिए रखकर सुखसे समय बिताऊँगा। इनमे और भी अनेक गुण हैं, अपनी अक्षमता (नालायकी) के कारण कोई काम पूरा न होनेपर लोग सहज ही इन्हें दोष देकर आप बरी हो सकते हैं। मैं भी रसिक बाबूके घरका सौदा खरीदनेमें अगर ठगा आऊँगा, तो बस इन्हीं दोनोंके माथे सारा दोष मढ़कर सफाई दे सकूँगा।

---

* यह निबन्ध बङ्किमबाबूके प्रिय सुहृत् बाबू अक्षयचन्द्र सरकारका लिखा हुआ है। —प्रकाशक।

चन्द्रदेव, तुमने मेरी बातपर ध्यान नहीं दिया? अभी तक तुम गंगाके तरंग-रंग-भरे हृदयपरसे अपने करो * द्वारा अन्धकार-पट हटाते ही जा रहे हो? अब भी ठंडी हल्की हवाके साथ गुपचुप सलाह करके पेड़ोंकी फुनगियोंपर अपनी झलक दिखाओगे? अब भी घासपर वैसे ही मणि-मुक्ता-मरकत (पन्ना) की वृष्टि करोगे? घूरेंमें मोती और कोई बिखरावे चाहे न बिखरावे, मगर मैं देखता हूँ कि तुम बिखराया करते हो। आज मैं भी बिखराऊँगा।

इस संसारके लोग, ये कन्नौजराज जयचंदके प्र-परा-अप-पौत्र और उनके निर-दुर-वि-अधि-दौहित्र मुझे जला जलाकर खाक किये देते हैं। मेरी छातीके ऊपर विश्वविद्यालयकी स्थापना हुई है। बी० ए० हुए बिना ब्याह नहीं होता। अब संसारका चलना अत्यन्त कठिन जान पडता है। उच्च शिक्षाका फल क्या है?—मसहरी, चाँदीके कलसे, सोनेकी घडी-चैन और बटन तथा सिरसे पैर तक सोनेचाँदीके गहनोंसे लदी हुई, रेशमी कपडोंसे मढी हुई, एक वश-यष्टिका×। हरि हरि बोलो भाई! डूबतेमें तिनकेका सहारा लेनेवाले पाण्डित्या-भिमानी बी० ए० उपाधिधारी उच्चशिक्षित बालकको कलशी-वस्त्र-वंश-खटिया-समेत सचेत अवस्थामें गंगालाभ हो गया!!!+ पहले उपाधि मिली थी, अब समाधि मिली। वे विलायती ब्रह्ममें लीन हो गये। भारतके युवक संसा-री जीव हुए। उनकी उच्चशिक्षाने उन्हें उन्नतिके पहाडकी चोटीपर खडा कर दिया। उन्होंने हजार तोलेके चाँदीके बर्तन, और सौ तोले सोनेके गहने और संसार-कुटीरका आधारदण्ड एक वशयष्टिका (स्त्री) पाई, और—और उसके साथ उनको हेमकूट पर्वतके पास किष्किन्धापुरीकी सर्कारी वकालत भी, जिसपर उनका बहुत दिनसे दाँत था, मिल गई। हरि हरि बोलो भाई! उन्हें इतने दिनके बाद समाधि मिली!!! उन्होंने उच्चशिक्षा पानेके लिए बड़े यत्नसे कामस्काट्का+ देशकी नदियोंके नाम कण्ठस्थ किये हैं। इसी उच्च-शिक्षाके लिए उन्होंने आधी आधी राततक तेल जलाकर लेम्पके आगे एकाग्र-भावसे सहारा मरुभूमिके धूलिकणोंका हिसाब लगा डाला है। इसी उच्चशिक्षाके

* किरणो और हाथो। × वश चलानेका सहारा अर्थात् स्त्री। + इस समय चिदानन्दने जरूर बेहद भंग पी ली थी, नही तो वह इस तरहकी बात न लिखता। —मदारीलाल।

+ रूसके उत्तर पूर्वका प्रायद्वीप।

लिए शार्लिमेनके पहलेकी ५२ पीढ़ी और पीछेकी ५३½ पीढ़ीके नाम रट डाले हैं। इसी उच्च शिक्षाके बलसे उन्होंने सीखा है कि प्रकाश्य सभाओंमे अनर्गल वक्तृता दे लेना ही परम पुरुपार्थ है, किसी-न-किसी तरह अँगरेजोंकी निन्दा कर लेना ही राजनीतिकी जानकारी है, और वंशदण्डिका (स्त्री) की स्थापना करके उम्मेदवारो (बाल-बच्चो) का दल बढ़ाकर जगत्‌को जंगल बना देना ही इस कलियुगी जीवनकी सफलता है।

मगर मैं इस तरहकी वंशदण्डिका नहीं चाहता। मैं विल (वसीयत) कर जाऊँगा कि मेरी सात पीढ़ीतक किसीका ब्याह न हो, तो भी अच्छा लेकिन ऐसी वंशदण्डिकाके सहारे स्वर्ग पानेकी कामना करना किसी तरह उचित नहीं। यदि संसारको चलानेके लिए ब्याह किया जाता है, तो मैं मछली वगैरह जानवरोंके साथ ब्याह करूँगा, अगर रुपयोंके लिए ब्याह किया जाता है, तो मैं टकमालके बड़े अफसरसे ब्याह करूँगा, और यदि सौन्दर्यके लिए ब्याह किया जाता है, तो घूँघटसे घिरे हुए चन्द्र-वदनको दूरहीसे प्रणाम कर, इस चन्द्रसे ब्याह करूँगा।

भागीरथी, अगर तुम शान्तनु राजाके विशाल वक्षःस्थलमे, या उससे ऊँचे हिमालयके भवनमे, अथवा और भी ऊँचे महादेवके जटाजूटमें रहतीं, तो आज कौन तुम्हारी उपासना करता? तुम नीचगामिनी होकर, मनुष्यलोकमें उतर कर, सहस्र धारामे सागरसे मिलने गईं, इसीसे सगर राजाके साठ हजार पुत्रोंका उद्धार कर सकीं। समीरण, अगर तुम अञ्जनाके अञ्चलसे ही चिरकाल तक क्रीड़ा करते रहते, या मलयाचलपर अपने प्रमोद-मन्दिरके बीच चन्दनकी डालें झुकाकर, अथवा इलायचीकी लताओंको हिलाकर छेड़ कर फिरते रहते, तो फिर कौन "त्वमेव जगज्जीवनं पालनं" कह कर तुम्हारी स्तुति करता? यदि इन वसन्त-विलासी पक्षियोंका कलरव नन्दनवनमे ही सुन पड़ता, तो चिदा-नन्दशर्मा आज यहाँ इतनी रातको इनके नामपर वृथा स्याही कलमका नाश क्यों करता? चन्द्र, यदि तुम क्षीरसागरके तले—अमृतके भंडारमें—मूँगेके पलँगपर—मोतीकी मसहरी डालकर सोते रहते, तो फिर कौन तुम्हारे साथ महिला-मुख-मण्डलकी तुलना करता? अथवा तुम इन अपनी सत्ताईस सुन्द-रियोंकी मण्डली लेकर "सारं श्वशुरमन्दिरं" के सिद्धान्तको सच्चा समझ दक्षके भवनमे ही वास करते रहते, तो आज चिदानन्द शर्मा इस तरह तुम्हारे दर्शनकी अभिलाषासे इस श्मशानके निकट संसारसे तटस्थ होकर कैसे बैठता?

शशि,—अगर तुमने व्याकरण पढा हो तो मुझे माफ करना, मुझे शशिन् कहनेका अभ्यास नहीं है—मैं अभीतक तुम्हारे गुणोंपर दृष्टि डाल रहा था। सचमुच तुममें अनेक गुण हैं। शशि, तुम अनाथाकी झोपड़ीके द्वारपर पहरेदारकी तरह चौकसी किया करते हो; जरा पलक नहीं झपकने पाती। इसी तरह छोटा बच्चा जब नाचता नाचता तुमको पकड़ने चलता है, तब तुम उसके साथ नाचते नाचते खेलते हो। छोटी छोटी लड़कियाँ जब स्वच्छ सरोवरके भीतर तुमको कभी देख पाती और कभी नहीं देख पाती हैं, तब तुम्हें देखनेकी लालसासे इधर उधर सरोवरके किनारे दौड़ती हैं, और तुम फिर तनिकसी झकाई देकर उनके साथ लुकीलुकैया खेलते रहते हो। नई बहू जब महलके ऊपर अकेले आडमें बैठकर लंबी साँसें लेती है, तब तुम वृक्षोंके झुरमुटसे धीरे धीरे मुँह उठाकर उसके हृदयमें अमृतकी वर्षा करते हुए शान्ति लाते हो। जब नदी आशा-तरगपूर्ण हृदय लेकर धीरे धीरे प्रवाहकी मन्द गतिसे सागरके पास जाती है, तब तुम्ही उसे सुवर्ण-भूषण पहनाकर आशीर्वाद देते हुए राह दिखलाते हो। जब गुलाब वसन्तरागमें मस्त होकर खिलता और हिलता डुलता है, तब तुम्ही उसके कानमें चमेलीको चूमनेको सलाह देते हो। और जब बुरे विचारसे कोई मनुष्य किसी कुल-कामिनीका धर्म लेनेको उद्यत होता है, तब तुम अपने सुकुमार मुखमण्डलमे कोपकी डोरीसे भौंहकी ऐसी कमान तानते हो कि वह तुम्हारी ओर आँख उठाकर देख भी नहीं सकता। तुम्ही खूनीकी तरवारमें ऐसी बिजली चमका देते हो कि उसे उसका पाप, रुधिरबिन्दुओंके रूपमें रौरव नरक दिखला देता है।

तुम खिलाड़ी बच्चेके लिए चलती हुई सोनेकी थाली, तरुण पुरुषोंके लिए आशा-दीप, युवक-युवतियोंके लिए रात बिताने और भोग करनेकी प्रधान सामग्री, तथा बूढ़ोंके लिए स्मृति-दर्पण हो। तुम अनाथाके पहरेदार, पथिकके पथप्रदर्शक स्थिर दीपक, गृहस्थके रात्रि-सूर्य, पापीके पापके साक्षी, और पुण्यात्माके यशकी पताका हो। तुम आकाशकी उज्ज्वल मणि, जगत्‌की शोभा और इस मरघटके जीव श्रीचिदानन्दके हृदय-सर्वस्व हो। तुम अच्छेके लिए अच्छे, और बुरेके लिए बुरे हो, रसमें रस हो, नीरस समयमें विष हो। तुम, मुझ चिदानन्दकी, सहधर्मिणी (स्त्री) बनने योग्य हो। शशि, मैं तुमको बहुत प्यार करता हूँ, मै तुम्हारे ही साथ ब्याह करूँगा। सब पाठक मिलकर हरि हरि बोलो भाई!

बम् भोलानाथ ! चन्द्र तो पुरुष है ! अब डबल मात्राके बिना काम नहीं चल सकता ।

हम लोगोंके मतसे चन्द्र पुरुष है, मगर विलायती शर्मा लोगोंके मतसे चन्द्र कोमलांगी कामिनी है। हमारे मतमें चन्द्र ' ही ' He है, और अँगरेजोंके मतसे चन्द्र ' शी ' She है* । अब क्या उपाय है ? चन्द्र वास्तवमे ही है या शी, इसका निश्चय कैसे हो ?

असल बात तो यह है कि इस बारेमें संसारके साथ आज तक मेरा मत नहीं मिला। इस बारेमें मुझे तरह तरहके सन्देह होते हैं । जो वाजिदअली शाह लखनऊ शहरसे चुपचाप मटियाबुर्जमें जाकर रहे और वहाँ हस-हसी कबूतर-कबूतरी आदिके साथ खेलते, गुलाबजलकी नहरमें नहाते, और अपने ही समान सोनेके पिंजरेमे पड़ी हुई बुलबुलको घीका पुलाव खिलाते थे, वह He थे या She ? और जिस रानीने देश-प्रेमके कारण ऐहिक सुख-सम्पत्तिको लात मार दी, राजपुरुषोंकी शरणमे जानेके बदले भीख माँगना अच्छा समझकर नेपालके पहाडी प्रदेशमे जा कर आश्रय लिया, वह He है या She ? इससे तो जान पड़ा कि साहससे He या She का निर्णय नहीं होता। तो क्या युद्धचतुरताके द्वारा He या She का निर्णय होना चाहिए ? अच्छा, जिस जवानने (जोन ऑफ आर्क) आर्लीन्स दुर्गपर आक्रमण करते समय सबसे आगे पैर बढाया, जिसने फ्रान्सका फिर उद्धार किया, उसे He कहेंगे या She ? और जिस बेडफर्डने उसे जालमें फँसानेके लिए उसी जवानके कारागार (कैदखाने) में मर्दके कपडे पहन रक्खे थे, उसे He कहेंगे या She ? नहीं, युद्धकौशल्यसे भी निर्णय न होगा। अच्छा, साधारणतः सुना जाता है कि जो बलवान् हैं वे ही मर्द और जो निर्बल है वे ही स्त्री हैं। इसी तरह सही। जिस विद्वद्वर कॉम्टने अपनेको नीतिज्ञशिरोमणि मानकर यूरोपियन पण्डितमण्डलीसे ' कर ' माँगा था, उसी अतुल प्रतापशालीको जिस मैडम क्लोटिलड-डेबोने अपने प्रतापसे वशमें कर लिया, उसे She कहेंगे या He ? रोमराज्यके कैसरगण प्रतापशाली पृथ्वीपति थे। ऐसे तीन कैसरोंको जिस मिसर देशकी रानी क्लिओपेट्राने अपने अधीन रखकर उनपर हुकूमत चलाई, उसको She

---

* ही He और शी She दोनों शब्द अँगरेजी भाषाके ' सर्वनाम ' हैं। He पुल्लिंगके लिए और She स्त्रीलिंगके लिए काममे लाया जाता है।

कहेंगे या He ? असल बात तो यह है कि इस जगतमें कौन He है, कौन She है, इसका निश्चय नहीं हो सकता । एक दिन नाटकका तमाशा हो रहा था, उसमें एक स्त्रीपात्रने पार्ट करते करते कहा—" सिंहिनी होय शिवापद सेइ हौ ? " और भारतके नवयुवक मन्त्रमुग्धकी तरह उसकी ओर ताकने लगे, उस समय मुझे सचमुच वह नारी सिंहिनी और वे युवक शिवा (सियारी) जान पड़े थे। उस समय यदि कोई मुझसे पूछता कि इनमें कौन He है और कौन She, तो मैं अवश्य कहता कि यह स्त्री He है और ये देखने सुननेवाले She । सच तो यह है कि भारतीय युवक कही He और सर्वत्र विकल्पसे इट It होते है ※। इसकी नित्यविधि भी है । जैसे, वे हँसीदिल्लगीमें He, पलँगपर She और कामकाजमें It होते है। वे वक्तृता देनेके समय He, साहबोंके सामने She और मद्यपान करनेपर It हो जाते है । फल यह कि वे चाहे He हों, चाहे She, अन्तको It होना अनिवार्य है। जो कुछ हो, मुझे अपने ही बारेमें निश्चय नही है कि मैं He हूँ या She । उस दिन काली भाटने मेरा नाम लेकर श्यामासे कुछ दिल्लगी की, श्यामाने चटपट दूधसे भरा सिरपरका घडा उसके ऊपर पटक दिया और उसकी छातीके किवाड़ोकी मजबूती जाँचनेके लिए उसपर एक विशेष प्रकारका अस्त्र चलानेकी इच्छा प्रकट की, वह श्यामा तो संसारकी दृष्टिमें हुई She, और जिससे एक दिन रसिक बाबूने जो कहा कि " चौबेजी, आज ऊँघते ऊँघते तुमने लेम्प गिराकर बिछौना जला डाला, कलको घरभरमें आग लगा दोगे !" तो डरके मारे भगकी मात्रा कम कर दी, वह मैं हुआ He । ऐसे ही विचारके कारण तो संसारसे मुझसे पटती नही। मतलब यह कि जब मैं खुद अपने He या She होनेका निश्चय नहीं कर सकता, तब चन्द्रके He या She होनेका निश्चय कैसे होगा ? अगर चन्द्र He है, तो मै She हूँ, क्योंकि मुझे चन्द्रसे प्रेम हो गया है, मै चन्द्रसे ब्याह अवश्य करूँगा । और शायद मैं सचमुच श्रीचिदानन्द चौबे निकला, तो चन्द्र She है, चन्द्र विलायती मतसे She है। अच्छा, तो मैं विलायती ढगसे ही चन्द्रके साथ ब्याह करूँगा ।

※ It भी अँगरेजीका सर्वनाम है; इसका प्रयोग नपुसकलिंगके लिए होता है ।

इस समय अनेक मत हैं, और उनके अनुसार अनेक काम होते हैं; मैं विलायती मतसे ब्याह करूँगा। देखो न, इस समय विष्णुके दस अवतार भिन्न भिन्न काम देते हैं। मत्स्य (मछली), कूर्म (कछुआ) और वाराह (सुअर) खानेके टेबिलकी शोभा बढ़ाते है। नृसिंहरूपधारी कुत्ते सदा साथ रहते हैं। भारतके युवक लोग वामन होकर भी चन्द्रको छूनेकी, पकड़नेकी, चेष्टा करते है। वे पहले राम (परशुराम) की तरह माताकी सेवा, और दूसरे रामकी तरह स्त्रीकी सेवा करते हैं। उन्होने तीसरे राम (बलराम) से मद्य-पानकी शिक्षा प्राप्त की है और बौद्धमतसे ससारकी अनित्यता मानकर कल्कि अवतारकी तरह संहारमूर्ति धारण की है। इस समय शाक्तमतसे भोज्य पदार्थ बनते है, और शैव--त्रिशूल (काँटे) मे कोंच कोंच कर वे गलेके नीचे उतारे जाते हैं। पीछेसे या साथ ही सुरापान (मद्यपान) अवश्य सेवनीय समझा जाता है। इसके सिवा जेरूसलम ॐ के प्रथम गौरांग (ईसा) के उपदेशा-नुसार 'भजन' होता है, नवद्वीपवासी दूसरे गौरांगकी तरह हरिकीर्तन किया जाता है और राधानगरके छोटे गौरागकी तरह सस्कृत श्लोक पढ़े जाते है।

अतएव शशि, पूर्णशशि, मैं तुमको अँगरेजी मतसे She मानकर होश-हवास और तन्दुरुस्तीकी हालतमें खुशीसे तुम्हारे साथ ब्याह करता हूँ। मेरे बाद मेरे पुत्र पौत्र भी बिना किसीके साझे, सुखपूर्वक, तुमपर अधिकार बनाए रख सकेंगे। इसमे तुम या तुम्हारी जगहपर और जो आवेगा वह, अगर कोई आपत्ति करेगा तो वह नामजूर होगी। तुम्हारी सत्ताईस प्यारियोंपर आजसे मेरा पूर्ण अधिकार हो गया।

अब इस तरह दबे पैरों रोहिणीके साथ गुपचुप बातें करनेसे क्या होगा? इस तरह मुँह मोड़ मोड़ कर हँसते, और हलके हलके बादलोंका घूँघट काढ़ कर भागते हुए कहाँतक जाओगे? इति कोर्टशिप।

अथ गान्धर्वविवाह। मैंने तुमको वरमाला पहनाई, तुम मुझे वरमाल पहनाओ।

कन्याने खुद दान किया, वर स्वयं बराती बन आया।
अपना मन ही बना पुरोहित, मड़वा मरघटमें छाया॥

ॐ ईसाइयोंका पवित्र तीर्थस्थान—ईसाकी जन्मभूमि।

देखो चन्द्र, अब निरालेमें मै तुमसे कुछ बाते करना चाहता हूँ । अब तुम अपने रूप-गौरवका घमण्ड करके जहाँ तहाँ रूपकी वर्षा न करना । जिस समय पुत्रशोकसे पीड़ित माता छाती पीटकर तुम्हारी तरफ देख देख कर रोती होगी, उस समय तुम उसे अपना रूप दिखाकर क्या करोगे ? तब कलंकिनी, तू अपने रूपकी राशिको घने बादलोंके भीतर छिपा रखना । जब ससारकी ज्वालाओंसे जले हुए लोग तुम्हारे दर्बारमे आकर फर्याद करें, तब उनके आगे अपना रूप लेकर न बैठना, क्योंकि जो संसारकी आगमे जल रहा है उसके लिए वह तीव्र विषके समान होगा । उसको सबपर घृणा हो गई है, वह किसीकी प्रसन्नता या खुशीको देख नही सकता । और सुनो--जिसने इस लोकके सारे सुखोंकी चरम सीमापर पहुँचकर आत्मत्यागकी पूरी तैयारी कर ली है, उसको भी वृथा आशा बँधाकर इस ससारमें फँसा रखनेकी चेष्टा न करना । तुमपर अब एकमात्र मेरा ही अधिकार है, अब तुम किस तरह दूस-रेको आशा बँधाओगी ?

सुनो, चिदानन्दके लिए समय असमय कुछ नही है संयोग वियोग भी कोई चीज नही है । चिदानन्दको सुख दुःखकी भी कोई पर्वा नही है । तुम सदा मेरे पास आना, अपने सुख दु खकी बातें मुझसे कहना और मेरी बातें सुनना । मेरी बातें सुनकर भुला न देना, अपने हृदयमें, अपनी अस्थि-मज्जाके साथ, उन बातोंको मिला रखना ।

मगर देखो, उजियाली रातमें मुझसे मिलने आना, यह सुन्दर रूप लेकर अँधेरी रातमें न निकलना । प्रिये, मेरे लिए यह कैसे सुखका दिन है, सो तुम्हारे सिवा और कौन समझ सकता है ! देखो, आजसे महीने महीने, हर महीनेके अन्तमें, इसी गंगातटपर, मै रात बिताऊँगा । लेकिन याद रक्खो, प्रत्येक पूर्णि-माकी रातको न आना । पचाङ्ग बनानेवाले ज्योतिषियोंसे मुहूर्त पूछ लेना, नहीं तो किसी दिन दुष्ट राहू राहमे तुम्हारा मुँह काला करके तुमको कष्ट पहुँचावेगा । आज पहली ही रातको और अधिक उपदेश करना ठीक नही, फिर देखा जायगा ।

अब चन्द्र, एक बार इस मनुष्यलोकमें उतर कर गंगातरंगावलीके ऊपर परीकी तरह नाचो—मैं देखूँ ! एक बार काले बादलके भीतर घुसकर—दौड़कर बाहर निकलकर झाँको तो सही ! एक बार गहरे बादलमें छेद करके

मेरी तरफ मधुर कटाक्षपात करो तो सही ! एक बार नक्षत्र-नक्षत्रमें परस्पर झगड़ा कराकर, जब वे भिड़ने लगें तब उन दोनोंके दल हटाकर, वेगसे दौड़ो तो सही ! एक बार दौड़नेकी थकावटसे निकले हुए पसीनेकी मोती-सरीखी बूंदोंसे सुशोभित मस्तकपर घूंघट काढ़कर गगन-गवाक्षमें बैठकर वायुसेवन करो तो सही ! एक बार निरन्तर अमृतवर्षा करके चकोरोंको तृप्त करो तो सही ! एक बार इस शुभ अवसरपर चिदानन्दके हृदयमें उदय होकर भीतरका अन्धकार दूर करो तो सही !—अब चिदानन्द सोता है।

चन्द्र, यह क्या ? तुम क्षीरसागरकी लड़की त्रिभुवनविहारिणी होकर भी 'मान' करती हो ? चिदानन्दसे तुम्हारा क्या अपराध बन पडा ? एक बार स्त्री-पुरुषभेदकी जटिलता मिटानेके लिए उदाहरणके तौरपर मैंने श्यामा ग्वालिनका नाम ले लिया था; तो क्या उसीके लिए रूठ रही हो ? ऐसी साधारण बातके लिए आज इस तरह रूठना तो अच्छा नहीं मालूम पड़ता। देखो, तुम कलकिनी हो, तो भी मैंने तुमको ग्रहण कर लिया। तुमसे पूर्वानुराग होनेके कारण आजतक मैं Lunatic * नाम स्वीकार किये हुए हूँ। ज्योतिषी लोग कहते है कि तुम पत्थर हो, तो भी मैंने तुमसे ब्याह कर लिया। वे कहते हैं कि तुममें मनुष्यत्व नहीं है, तो भी मैंने तुमको स्वीकार कर लिया। तो भी खफगी है ?—अच्छा तो यह संसार-गरल-खण्डन गिरितरुशिरोमण्डन किरण-चरण मेरे सिरपर रख लो। हो सके तो इस अनन्त नील वृन्दावनमे एक बार बादलका घूंघट काढ़कर मानिनी राधा बनकर बैठो; मैं एक बार स्त्रीके पैर पकड़ कर अपने जीवनको सफल कर लूं+ । आज मैं चाहे सैकडों अपराधोंका अपराधी हूँ, तुम्हारे द्वारा मेरे सब पापोंका प्रायश्चित्त हो जायगा । तुम मेरे चान्द्रायणव्रतके× चन्द्रफलक हो। तुम मुझे वैतरणी† पार पहुँचानेवाले नए ढंगके बछडे हो !

---

* चन्द्रग्रस्त, अर्थात् पागल।

+ चिदानन्दने एक बार श्यामा ग्वालिनके भी पैर पकड़े थे; लेकिन दूधके लिए।—लाला मदारीलाल।

× यह व्रत प्रायश्चित्तके लिए किया जाता है।

† यमलोककी भयानक नदी। इससे सहजमें पार होनेके लिए मृत्युसमय गो-दान किया जाता है।

नहीं मानतीं ?–ऐसा करोगी तो मैं सैकड़ों हजारों ब्याह कर लूँगा। अब चिदानन्दने ब्याहकी नई रीतियाँ सीख ली हैं। उसने आप ही वर, समधी, पुरोहित और घटक* बनना सीख लिया है। चिदानन्द अब चाहे जहाँ ब्याह कर सकता है। जब देखूँगा कि नव-पल्लवोंसे लदी हुई डाल अपना मुँह बढ़ाकर पत्तोकी अँगुली मटका कर बुला रही है, बस, उससे ब्याह कर लूँगा। जब देखूँगा कि पद्मिनी स्वच्छ सरोवरके दर्पणमें ग्रीवा बाँकी करके अपना रूप निहारकर खिली उठती है, बस, उसे ब्याह लूँगा। जब देखूँगा कि नदी इन्द्र-धनुषका किनारा पकड़े हुए उसीके साथ लहरा लहरा कर खेल रही है, बस, उसे उसी धनुष्यकी सौगन्द देकर अपनी चिरसंगिनी बना लूँगा। जब देखूँगा कि अनन्त शय्या (पृथ्वी) पर लेटी हुई गंगा श्वेत वस्त्र (चाँदनी) और मणियोंके आभरणों (तारागणकी परछाहीं) से भूषित होकर सोने लगी, बस, उसके साथ सो रहूँगा। जब देखूँगा कि कुंजकी लता फूलोंके गुच्छोंसे सिंगार करके काले काले केश-कलापको खोलकर सूर्यकी सुनहली कोमल कान्तिसे मुग्धाका भाव दिखा रही है, बस, उसकी गोदमें सिर रखकर उसे उसके वरको पहचनवा दूँगा। चिदानन्दने अब ब्याह करना सीखा है और घटकका काम भी सीख लिया है। अब वह ब्याहके लिए किसीका मुँह नहीं निहारनेका।

पाठकगण, अगर तुम मेरा कहना मानो, तो मेरी तरह मेरी रायसे ब्याह करो। मैं, कन्याके लिए वर और वरके लिए कन्या खोजना खूब जानता हूँ–तुम्हारे मनकी चीज ढूँढ़ दूँगा।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

* जो लोग कन्याके लिए वर और वरके लिए कन्या खोज देते हैं।

७–वसन्तका कोकिल।

तुम भाई वसन्तके कोकिल, अच्छे जीव हो। जब फूल खिलते है, दक्षिण-पवन चलता है, यह संसार सुखके स्पर्शसे सिहर उठता है, तब तुम आकर रसिकता शुरू करते हो। और जब दारुण शीतकालमे लोगोंके दाँत कटाकट बोलते है, तब कहाँ रहते हो भैया ? जब सावन-भादोंकी बरसातसे मेरी टूटीफूटी कुटियामे नदी बह चलती है, जब बौछारोकी कड़ी चोटमे भीगे हुए कौए और चील्हे इधर उधर घर घर घुमती फिरती है, तब तुम्हारा यह स्निग्ध कृष्णकान्त कमनीय कलेवर कहाँ रहता है ? तुम वसन्तके कोकिल हो, और जाडे-बरसातके कोई नहीं ?

क्रोध न करना, तुम्हारे ऐसे हम लोगोमें भी बहुतसे है। जब रसिक बाबूके यहाँ इलाके परसे आमदनी आती है, तब मनुष्य-कोकिलोके कलकण्ठकूजनसे उनका वह निकुञ्ज-निकेतन भी गूँज उठता है। कितनी ही चोटी, तिलक, माँग और चश्मोंका बाजार लग जाता है, कितनी ही कविता, श्लोक, गीत, छोटी अँगरेजी, मोटी अँगरेजी, टूटी-फूटी फटी अँगरेजी, चुराई हुई अँगरेजीके आर्तनादसे रसिक बाबूका बैठकखाना वैसा ही जान पड़ता है, जैसे ढाबलीमे कबूतर 'गुटरगूँ गुटरगूँ' कर रहे हो। जब उनके घरमे नाच-रंग, गाना-बजाना, तिथि-तेवहार, उत्सव-निमन्त्रण होता है, तब झुंडके झुंड मनुष्य-कोकिल आकर उनके घरद्वारको सराय बना डालते है—कोई खाता है, कोई गाता है, कोई हँसता है, कोई खाँसता है, कोई तमाखू जलाता है, कोई हँसता हुआ टहलता है, कोई नशेकी मात्रा चढ़ाता है और कोई टेबिलके नीचे लुढ़कता है। जब रसिक बाबू बाग जाते है, तब मनुष्य-कोकिल चीटियोंकी कतार होकर उनका साथ देते हैं; परन्तु जिस रातको खूब पानीकी झड़ी लगी, रसिक बाबूका जवान लड़का मर गया, उस दिन उनको एक भी आदमी नहीं मिला। किसीकी तबियत अच्छी नहीं थी, इस लिए वह नहीं आ सका, किसीको बड़ा भारी सुख था–पोता हुआ था, इससे वह नहीं आ सका, किसीको सारी रात नींद नहीं आई थी, इससे नहीं आ सका, कोई रातभर पड़ा सोया किया, इससे नहीं आ सका। असल बात यह है कि वह दिन बरसातका है, वन्सतका नहीं। वसन्तका कोकिल उस दिन क्यों आने लगा ?

सो भाई वसन्तके कोकिल, तुम्हारा दोष नहीं है, तुम मजेमें बोलो। इस अशोककी डालपर बैठो, लाल लाल फूलोंके ढेरमें अपने काले शरीरको, दहकते अंगारोंमें छिपे हुए काले बैंगनकी तरह, छिपाये रखकर एक बार अपने पञ्चम स्वरमें 'कु—ऊः' कहकर पुकारो। तुम्हारे इस 'कु—ऊः' शब्दको मैं बहुत पसन्द करता हूँ। तुम खुद काले, पराए अन्नसे पले हुए हो, तुम्हारी दृष्टिमें सभी 'कु' हैं। तो फिर जितना हो सके, इसी पञ्चम स्वरमें पुकार कर कहो—'कु—ऊः'। जब इस पृथ्वीपर ऐसी कोई सुन्दर चीज देखो, जिसमें तुम्हारे मनमें डाह, जलन या द्वेष पैदा हो, तभी ऊँची डालपर बैठकर पुकार कर कहना 'कु—ऊः'। क्योंकि तुम सुन्दरतासे शून्य, पराये अन्नसे पले हुए हो। जब देखना, शामकी हवा पाकर पुष्पगुच्छोंसे लदी हुई लता डोल उठी, सुगन्धकी लहरें उठने लगी, वैसे ही पुकार कर कहना 'कु--ऊः'। जब देखना असंख्य गुलाब एक साथ खिलकर, अपनी खुशबूमें आप ही मस्त होकर, एक दूसरेके ऊपर गिर रहे हैं, तब अपनी डाल परसे पुकार उठना 'कु—ऊः'। जब देखना, मौलसिरीके बहुत ही घने स्निग्ध श्यामल उज्ज्वल पत्तोंकी शोभा वृक्षमें नहीं समाती–जवानीमें भरी सुन्दरीकी तरह हँस हँस कर, इतरा इतरा कर, हिल डुलकर, टूटफूट कर, उछली पडती है, उसके खिले हुए असंख्य फूलोंके सुगन्धसे आकाश मस्त हो रहा है, तब, उसीके सहारे बैठकर, उन्हीं पत्तोंके स्पर्शसे अपने अंग शीतल करके, उसीके गंधसे देह पवित्र करके, उसी वकुल-कुञ्जसे पुकारना 'कु–ऊ'। जब देखना, शुभ्रमुखी शुद्ध शरीरवाली सुन्दरी चमेली सन्ध्याके हिमकणोंकी नमी और घोर घामकी कमी पाकर धीरे धीरे मुख खोलनेका साहस कर रही है—तहकी तह असंख्य अकलंक पंखडियोंको विकसित करनेका उपक्रम कर रही है—जब देखना कि भौंरा उस रूपको देखकर आदर-भरे स्वरमें उसके ऊपर, आसपास गुनगुनाता हुआ चक्कर लगा रहा है–तब ए कलमुहे, फिर 'कु–ऊः' कहकर अपने जीकी जलन बुझाना। और, जब किसी गृहस्थके आँगनमें अनारकी डालपर बैठकर देखना कि उस घरकी कुसुम-कुमारी कन्याएँ लताका डोलना, गुलाबका खिलना, मौलसिरीका रूप, रंग, गन्ध और चमेलीकी निर्मलता एकत्र लेकर क्रीड़ा कर रही हैं, तब उन्हींके मुँहपर, इसी पञ्चम स्वरमें, घरभरको प्रति-ध्वनित करते हुए सबसे पुकार कर कहना—इतना रूप, इतना सुख, इतनी पवित्रता, सब 'कु–ऊः'। यही तुम्हारी जीत है–यही पञ्चम स्वर। नहीं,

तो इस तुम्हारे 'कु–ऊः' को कोई न सुनता। इस पृथ्वीपर 'ग्लाडस्टन,' 'डिज़राय' आदिकी तरह–तुम केवल गलेबाजीसे जीत गये, नहीं तो तुम्हारा यह काला रंग तुमको सर्वत्र पुरस्कारमें तिरस्कार दिलाता! तुम्हारी अपेक्षा कोयलेका रंग भी अच्छा है। गलेबाजीमे इतना गुण न होता, तो निकम्मे नाविल (उपन्यास) लिखनेवालेको राजमन्त्रीका पद कैसे मिलता? और 'जॉन स्टुअर्ट मिल' को पार्लियामेंट महासभामे स्थान क्यों न मिलता?

अच्छा, तो तुम कोकिल, 'प्रकृति' की बृहत् पार्लियामेंटमें खड़े होकर, नील चँदोवेमे मण्डित और पर्वत–नदी–नगर–निकुज आदि बेचोंमे सुसज्जित इस महासभाके भवनमें, अपने उसी मधुर पञ्चम स्वरसे कु–ऊः कहकर पुकारो,—सिंहासन परसे 'हेस्टिंग्ज़' तक हिल उठे। 'कु–ऊ!' अच्छा, यही सही, इस कमनीय कण्ठसे 'कु' (बुरा) कहोगे तो 'कु' मान लेंगे, और 'सु' (अच्छा) कहोगे तो 'सु' मान लेंगे। 'कु' के सिवा है क्या? सब 'कु' है। लतामें कॉटे हैं, कुसुममें कीड़े है, गंधमे विष है, पत्ते सूख जाते हैं, रूप फीका पड जाता है, स्त्रियॉ छल कपट जानती है। ठीक 'कु—ऊ' है, तुम गाओ। किन्तु जब तुम अपने इसी पंचम स्वरमे कहोगे तभी 'कु' मानेंगे, यदि मुर्गे राम 'कुक्कू' करके सबेरेकी सुखकी नींदको 'कु' कहेंगे, तो उसे मै 'कु' नही माननेका। उसके गला नही है। गलेबाजीसे संसारपर शासन चलाया जा सकता है, केवल चिल्लाने चीखनेसे कुछ नही होता। अगर तुम्हारे ही पञ्चम स्वरको कोई पा सके, तो वह शब्दमन्त्रसे जगत्को जीत ले। लय-पर्दा या कडी-मध्यमका कुछ काम नही। सर जेम्स मॉकिन्टस अपनी वक्तृतामें फिलासफी (दर्शन) की कड़ी मध्यम मिलानेसे हार गये, और मेकॉले Rhetoric (अलङ्कार) का पञ्चम लगाकर जीत गये। भारतचन्द्र 'शृंगार' को पञ्चममें गाकर जीत गये है, कविकंकणके ऋषभ (स्वर) को कौन सुनता है? देखो, लोगोंके बूढे मा-बापोंकी बेसुरी बकबकसे क्या फल देख पड़ता है? किन्तु जब बाबूजीकी बीबीजी बाबूका 'सुर' बाँध देनेके लिए सारंगीकी खूँटीकी तरह उनके कान उमेठकर पञ्चममें गला चढ़ाती है, तब, तुम्हीं बताओ, बाबू 'पिंड़ि पिंड़ि,' करने लगते हैं कि नहीं?

मगर यह समझमे नहीं आता कि तुम्हारे स्वरको पञ्चम क्यो कहते हैं। क्या जो मीठा है वही पञ्चम है? हॉ, दो पञ्चम जरूर मीठे लगते हैं—एक

स्वरका पञ्चम, और दूसरा महावर-लगे छोटे पैरोंके घुँघरूदार बिछुओंका पञ्चम। किन्तु 'सुर' पञ्चममें उठनेसे ही अच्छा लगता है, और पैरोंका पञ्चम पैरमे उतारनेहीमें मीठा लगता है।

कौन स्वर पञ्चम है, कौन स्वर सप्तम है, कौन मध्यम है, और कौन गान्धार है, यह मुझे कौन समझायेगा? यह हाथीकी चिंघाड है, वह घोडेकी हिनहिनाट है, वह मोरका शोर है और वह बदरकी किचकिच है, यह कहनेसे तो मेरी समझमें कुछ भी नहीं आता। मै नशेबाज बेसुरा सुनता हूँ, बेसुरा समझता हूँ, बेसुरा लिखता हूँ—धैवत, गान्धार, निषाद, पञ्चमकी पर्वा नहीं रखता। अगर पखावज, तानपूरा, चिकारा लेकर कोई मुझे सात स्वर समझाने आता है, तो उसका गरजना सुनकर मुझको मगला गायके तुर्त ब्याए बच्चेका शब्द याद आजाता है—उसके पीनेसे बचे हुए निर्जल दूधमें ध्यान बॅट जाता है—सुर समझ ही नहीं पडता। मैं गानेवालेके निकट कृतज्ञता प्रकट करके मन-वाणी-कायासे आशीर्वाद करता हूँ कि वह दूसरे जन्ममे मगला गायका बछडा अवश्य हो।

अब आरे कोकिल, मै और तू, दोनों, एक बार पञ्चममे गावे। तू भी जो है, मैं भी वह हूँ। हम दोनों, एक ही दुखके दुखी और एक ही सुखके सुखी है। तू इसी फूलोके बागमे हरएक वृक्षपर आनन्दसे गाता हुआ घूमता है, मै भी इस ससार-काननमे घरघर आनन्दसे यह चिट्ठा सुनाता हुआ विचरता हूँ। आ भाई, हम दोनों हिलमिल कर पञ्चममे गावे। तेरे भी कोई नही, आनन्द है, मेरे भी कोई नही, आनन्द है। तेरी पूँजी यह गला है; मेरी पूँजी यह भगका गोला है। तू भी ससारमें इस पञ्चम स्वरको पसंद करता है—और मैं भी इसे प्यार करता हूँ। तु पञ्चम स्वरमें किसको पुकारता है? और मै ही किसे पुकारता हूँ? बतला तो सही कोकिल, किसे पुकारता है?

जो सुन्दर है, उसीको पुकारता हूँ, जो भला है, उसीको पुकारता हूँ। जो मेरी पुकार सुनता है उसीको पुकारता हूँ। इसी—जिस आश्चर्यमय ब्रह्माण्डको देखकर कुछ भी न समझनेके कारण विस्मित हो रहा हूँ—इसीको पुकारता हूँ। इस अनन्त सुन्दर जगत्-शरीरका जो आत्मा है उसीको पुकारता हूँ। मैं भी पुकारता हूँ—तू भी पुकार। जानकर पुकारूँ या बेजाने

पुकारूँ—एक ही बात है। तू भी कुछ नही जानता, और मै भी। तेरी भी पुकार पहुँचेगी, और मेरी भी। यदि सब पुकारोंको सुननेवाला कोई कान है, तो मेरी पुकार क्यों न वहाँ तक पहुँचेगी? आ भाई, दोनो जने हिलमिल-कर एक बार पञ्चम स्वरमे पुकारे।

अच्छा तो फिर 'कुऊः कुऊः' कहनेमें सधे हुए गलेसे, तू कोकिल, एक बार पुकार तो सही। कण्ठ न होनेके कारण मैं कभी अपने मनकी बात कह नहीं सका। अगर तेरा यह भुवनमोहन स्वर पाता, तो कहता। तू मेरे मनकी वही बात खुलासा करके इस कुसुमकुंजकाननमें एक बार कह, मै सुनूँ। क्या कहना चाहता हूँ—यह भी कहना नहीं जानता, उसी बातको तू कह दे—मै सुनूँ। चिदानन्दके मनकी बात इस जन्ममे नही कही गई—मनकी मनमे ही रही। अगर कोकिलका कण्ठ पाऊँ–कोई अमानुषी भाषा पाऊँ—और नक्षत्र तारागण सुननेवाले हो—तो मनकी बात कह सकता हूँ। इस नील नभोमण्डलमें घुसकर, इस नक्षत्रमण्डलीमे उडकर क्या कभी मनमाने ढगसे 'कु—ऊः' नही पुकार सकूँगा? मै न पुकार सकूँ न सही, तू ही कोकिल, एक बार मेरी तरफसे पुकार—मै सुनूँ।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी

८—स्त्रियोंका रूप* ।

—✣✣—

बहुतसी सुन्दरी रूपके गौरवसे पृथ्वीपर पैर ही नहीं रखतीं। सोचती हैं, जिधर वे लचककर लोचके साथ निकल जाती हैं, उधरके लोगोंकी सुध-बुध जवानीकी नदीमें उठनेवाली हाव-भावकी लहरोंमें बह जाती है—एक नवीन जगत्की सृष्टि हो जाती है। वे समझती है, उनके रूपकी आँधी जिधर उठती है, उधरके लोगोंका धैर्य फूसकी तरह उड़ जाता है—धर्मका कोट ढह पडता है। जब पुरुषोंके मनरूपी सागरमे उनके रूपकी बढ़िया आती है, तब उसमें (पुरुषोके) कर्म-जहाज, धर्म-नौका और बुद्धि-डोंगी, सब डूब जाते है। केवल सुन्दरताका अभिमान रखनेवाली रमणियोको ही ऐसा विश्वास नही है। बहुतसे पुरुष भी जब स्त्रियोंकी मोहिनी शक्तिके वशीभूत होकर उनके रूपकी महिमाका बखान करने लगते हैं, तब वे भी ऐसी बाते कहते है, जिन्हें सुनकर बड़ा ही विस्मय होता है। तब वे आकाशके तारागण, चन्द्र, और पृथ्वी परके पर्वत, पशुपक्षी, कीड़े, पतंग, लता आदिको लेकर उपमाके लिए खूब खींचतान करते हैं। और फिर उनमेंसे बहुतोको अपमानित कर उलटे पैरों लौटा देते हैं। वे रूपवती युवतीके मुखमण्डलसे तुलना करनेके लिए पूर्ण चन्द्रमाको निमन्त्रण देकर फिर उसे कलङ्कित करके लौटा देते हैं। गरीब चन्द्रमा अपने कलंकको छातीसे लगाये रात भरमें अपना काम पूरा करके खिसक जाता है। वे सुन्दरीके मस्तकमे लगे हुए सिन्दूर-बिन्दुको देखकर पूर्वदिशाके मस्तककी शोभा जो बालसूर्य हैं, उनकी निन्दा करते है। सूर्यदेव लाल होकर पृथ्वीको जलाकर चले जाते है। वे रसमयी रमणीके मुखकी हँसीके आगे, खिले हुए कमलपुष्पपर सूर्यकी किरणोके, या खिली हुई कोकाबेलीपर चाँदनीके, नृत्यको कुछ नहीं समझते। तभीसे कमल और कोकाबेलीपर कीड़े और पतंगोंका अधिकार हो गया। वे कामिनीके कण्ठहारको देखकर रातमे जगमगाती हुई तारागणकी मालाका

* यह लेख बंकिमबाबूके मित्र बाबू राजकृष्ण मुखोपाध्यायका लिखा हुआ है।
—प्रकाशक।

तिरस्कार करते हैं। मै समझता हूँ, अब वे ज्योतिषका अनुशीलन छोड़कर सुनारी सीखनेमें मन लगावेंगे। वे रसरंगमयी ललनाओंके अंगसञ्चालनमें ऐसी लावण्य-लीला निहारते हैं कि चाँदनी रातमे धीरे धीरे हिलते हुए वृक्षोंके पत्तोंमें, अथवा निरन्तर चलायमान नदीकी हिलोरोंमे, चाँदनीकी क्रीडा उन्हें कुछ नहीं जँचती। इसीसे शायद वे रातको सो रहते है, और कलसी घड़े आदि भरकर नदीको सुखानेकी चेष्टा किया करते हैं। और, जब वे स्त्रियोंके नयनोंका वर्णन करने बैठते हैं, तब सरोवरमे मलय-पवनसे हिलते डुलते हुए नील कमलोंकी कौन कहे, संसारभरकी कोई चीज उन्हे अच्छी नहीं लगती।

इन स्त्रियोंकी स्तुति करनेवालोमे उपमाके अनुभवकी जो शक्ति है, उसकी बड़ाई किये बिना नहीं रहा जाता। एक नेत्र, उनकी कल्पनाके प्रभावसे, कभी पक्षी (खंजन, चकोर आदि), कभी जलजीव (मछली आदि), कभी वनस्पति (पद्म, पलाश, इन्दीवर आदि) और कभी जड़ पदार्थ (आकाशके तारे आदि) बन जाते है। एक चन्द्रमा उनकी कृपासे कभी स्त्रियोका मुखमण्डळ और कभी पैरोका नख बन जाता है *। इतना ऊँचा कैलासका शिखर और इतनी छोटी कमलकी कली, दोनोंकी उपमा एक ही अगके साथ देते है। इसपर भी पूरा नहीं पडता, तब अनार, कदम्बपुष्प, हाथीके मस्तक, नगाड़े आदिको उपमाकी जजीरमे जकडकर वाहवाही लूटनेकी कोशिश करते हुए अपनी कुशाग्रबुद्धिका परिचय देते है। यह तो सभी जानते है कि कहाँ जलचारी छोटा सा पक्षी हस, और कहाँ स्थलविहारी बडेभारी डीलडौलवाला चार पैरका पशु हाथी, इनकी चाल एक सी न होना ही स्वाभाविक है। किन्तु कविनामधारी जीवोकी दृष्टिमे ये दोनो ही स्त्रियोसे अपनी अपनी चाल सीखे हैं। उसपर तुर्रा यह कि ऐसे वैसे हाथीकी चालके साथ इन हंसगामिनियोंकी गतिकी तुलना नहीं करते, हाथियोंके राजा गजराजकी ही चालको इस गतिके योग्य समझते हैं। सुना जाता है कि हाथी एक दिनमें बहुत दूर जाता है, घोड़ा वगैरह कोई भी पशु उसके बराबर नही जा सकता। तो फिर

* मेरी समझमे चन्द्रमाके साथ नखकी उपमा बहुत ठीक होगी। क्योंकि ऐसा करनेसे कवितामें उत्तम पदविन्यास या ‘ जमक ’ आ सकती है। यथा– “ नखर-निकर-हिमकर-करम्बित-कोकिल-कूजित-कुञ्ज-कुटीरे ”। यह खास मेरी बनाई हुई कविता है। —मदारीलाल।

जिनको दूरका सफर करनेकी जरूरत पड़ा करती है, वे इन्हीं गजेन्द्रगामिनी कामिनियोंकी सवारीपर ही यात्रा क्यों नहीं करते ? जिधर अभी रेल नहीं गई, उधर छौंट छौंट कर गजेन्द्रगामिनियोकी डाक बिठला दी जाय तो कैसा हो ?

मैं भी किसी समय कामिनीभक्त कवियोमे गिना जाता था, और था भी। उस समय मुझे भी इस सारे ससारमें रमणियोंके समान सुन्दर वस्तु और नहीं देख पडती थी। चंपा, कमल, कुन्द, कदम्ब, मौलसिरी, गुलाब, बेला आदि फूल, उस समय कामिनियोंकी कान्तिमें गुँथी हुई कुसुममालाओंके आगे कुछ भी नही जँचते थे। मै वसन्तमे फूली हुई पृथ्वीमे भी बढ़कर फूल सी सुन्दरीको प्यार करता था, बरसातमे बढ़ी हुई तरंगमयी नदीसे भी बढ़कर रसवती युवतीका पक्षपाती था। किन्तु अब मेरे वे विचार बदल गये हैं। मुझे दिव्य ज्ञान हो गया है। मैं मायामयी महिला-मण्डलीका मोहजाल काटकर उससे बाहर भाग आया हूँ। मल्लाहके सड़े जालमे फँसा हुआ मच्छ जैसे उसे काटकर भाग जाता है, या मकडीके जालमे पडकर गुबरीला कीड़ा उसे तोड़कर निकल भागता है अथवा दुष्ट बैल किसी तरह रस्सी तुड़ा पाने पर पूँछ उठा कर भागता है, वैसे ही मैं भी महिला-मण्डलीके मोहजालसे निकल भागा हूँ। मगर इसमे मेरी कुछ करामात नही है, यह सब भंग भवानीका प्रताप है। हे भंग भगवती, तुम्हारे जगल अक्षय हों। तुम रेशमी बोरोमे विराजमान होकर दिग्विजय करो, चीन, जापान, साइबेरिया, यूरोप, अमेरीका आदि सब देशोमे तुम्हारी उपासना हो, केवल भारतमे ही नहीं, पृथ्वी भर पर तुम्हारी जयती मनाई जाय। मगर मैया, मुझ चिदानन्दको न भूल जाना। मै तुम्हारा दासानुदास हूँ। मै तुम्हारी कृपासे सर्वसाधारणके उपकारार्थ जी खोलकर अपने मनकी दो चार बात कहूँगा।

इसमें कोई सन्देह नही कि मेरी बाते सुनकर केवल स्त्रियाँ ही नहीं; बहुतसे पुरुष भी मुझे पागल ठहरावेगे। ठहरावें, उससे मेरी कोई हानि नहीं। नई बात जो कहता है वही संसारमें पागल गिना जाता है। गेलीलिओने* कहा—पृथ्वी घूमती है, इटलीके धनी मानी विद्वान् बुद्धिमान् सुनकर हँसने लगे। उन्होने समझ लिया कि गेलीलिओ पागल हो गया है। उसके बाद

* कोपर्निकस् P. D.

बहुत सा समय बीत गया; अब इटलीके धनी मानी विद्वान् बुद्धिमान् पृथ्वीका घूमना सुनकर नहीं हँसते, और गेलीलिओको भी अब कोई पागल नहीं कहता।

संसारके सभी लोग सुन्दरताके बारेमें स्त्रियोंकी प्रधानता स्वीकार करते हैं। विद्या, बुद्धि और बलमें पुरुषोंको श्रेष्ठ मानकर भी रूपका टीका स्त्रियोंके ही मत्थे मढ़ा जाता है। हाँ, मेरी समझमें मत्थे ही मढा जाता है; नहीं तो पुरुषोंसे बढकर स्त्रियाँ रूपवती नहीं होती। हे मानमयी मोहिनियो, मेरे इस अपराधके कारण तुम अपने कुटिल कटाक्षसे कालकूटकी वर्षा कर मुझे भस्म न कर देना, काली नागिनसे भी बढकर विषभरी वेणीसे मुझे जकड़ न लेना; अपनी भौंह-कमानपर बाण सधान कर मुझे मार न डालना! सच तो यों है कि तुम्हारी निन्दा करते समय मेरा कलेजा धडकने लगता है। मैं तुमको बहुत डरता हूँ। राह समझकर, अगर तुम अपनी नथका फंदा डाल रक्खो, तो बडे बड़े हाथी उसमें फँसकर लटकनकी तरह उसीमें लटकते रह जायँ— यह चिदानन्द क्या चीज है! तुम्हारी नथका लटकन अगर खिसक पड़े तो उससे कई खून हो जाना बहुत संभव है। तुम्हारे चन्द्रहारका एक आध चन्द्रमा भी अगर किसीपर टूट पडे, तो उसके हाथ पैर टूट जाना कुछ विचित्र नहीं। अतएव तुम मुझपर कोप न करना। और हे रमणीप्रिय कल्पनाप्रिय उपमाप्रिय कविगण, मैं तुम्हारा भी अपराधी हूँ। किन्तु, मैं तुम्हारी उपास्य देवता स्त्रीमूर्तिकी सुखमयी प्रतिमाको तोडनेके लिए प्रवृत्त हुआ हूँ— यह सोचकर मुझे मारने मत दौडना। मैं इस बातको साबित कर दूँगा कि तुम लोग कुसंस्कारदूषित पौत्तलिक (बुतपरस्त) हो। तुम लोग उपास्य देवताकी प्रकृत (असली) मूर्तिको छोडकर विकृत (बिगड़ी हुई या नकली) प्रतिमूर्तिकी पूजा कर रहे हो।

संसारमें देखा जाता है कि जिसके सुन्दर बाल होते हैं, वह नकली बालोंसे अपने सिरकी शोभा नही बढ़ाता। जिसके निर्मल और दृढ़ दाँत होते हैं, उसे बनावटी दाँतोंकी जरूरत नहीं पड़ती। जिसका सुन्दर गोरा रंग होता है, वह पाउडर नहीं मलता। जिसके आँखे हैं, वह काँचकी आँखें नहीं लगाता। जिसके पैर हैं वह लकड़ीके पैरोंका सहारा नहीं ढूँढ़ता। तात्पर्य यह कि जिसके जो चीज होती है, वह उसके लिए लायँ लायँ नहीं करता। जो यह समझता है कि प्रकृतिने उसे अमुक चीज नहीं दी, वही उसके पानेके

लिए यत्न करता है। यही देख-सुनकर मैंने निश्चय किया है कि स्त्रियोंमें रूप रत्ती भर भी नहीं है। वे सदा अपना रूप बढ़ानेमें ही लगी रहती है। किस तरह सुन्दर जान पडेगी, इसी चिन्तामें चूर रहती हैं। अच्छे अच्छे गहने किस तरह मिलेंगे, यही हर घड़ी भावना रहती है। इसीके लिए हर घड़ी चेष्टा किया करती है। मैं तो यह कहनेमे भी अनुचित नहीं समझता कि गहने ही उनके लिए जप, तप, ध्यान, ज्ञान, सब कुछ हैं। अपने शरीरको सजानेके लिए वे इतना यत्न करती हैं, इसीसे मुझे जान पड़ता है कि उनमे सच्ची सुन्दरता अधिक नहीं है। जिसकी नासिका सुडौल सुन्दर नहीं है, वही नथकी रस्सीमें लटकनरूपी जगन्नाथको झुलाती है। जिसके कान सुन्दर नहीं हैं, वही फल-फूल-पशु-पक्षी-बेल-बूटेदार करनफूल या झुमके लटकाती है। जिसका हृदय अच्छा नहीं है, वही सात लड़की फॉसी (सतलड़ी) डालकर पुरुषोंको, विशेपकर दुधमुहे बच्चोको, डराती है। जो बिना गहनोंके भी अपनेको सुन्दर समझेगी, वह कभी गहनोका बोझा लादनेके लिए इतनी व्यग्र न होगी। मर्दलोग गहने न पा कर भी सन्तुष्ट रहते हैं, मगर औरतें बिना आभूषणोके चार आदमियोमें मुँह नही दिखा सकती। अतएव स्त्रियोंके ही व्यवहारसे सिद्ध हुआ कि स्त्रियाँ सुन्दरतामें पुरुषोसे कम है।

प्रकृतिकी सृष्टिपद्धतिको सूक्ष्म दृष्टिसे देखनेसे यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है कि पुरुषोकी सुन्दरता स्त्रियोसे अधिक है। जिस फैले हुए कलाप (मोरकी पूँछ) को देखकर मेघका मुकुट इन्द्रधनुप हार मानता है, वह कलाप मोरके ही होता है, मयूरीके नहीं। जिस केसर (गर्दनके बालो) से सिंहकी इतनी शोभा है, वह सिंहिनीके नहीं होती। जो ककुद (पीठ परका उठा हुआ मांस) बैलके सुन्दर मालूम पड़ता है, वह गऊके नहीं होता। जैसी सुन्दर लाल कलँगी मुर्गेके सिरपर होती है, वैसी मुर्गीके नहीं। इस तरह ध्यान देकर देखनेसे स्पष्ट जान पड़ता है कि उच्च श्रेणीके जीवोंमे भी स्त्रियोंकी अपेक्षा पुरुप सुश्री या सुन्दर होते है। तब केवल मनुष्योंकी सृष्टिमे विधाता इस नियमको क्यों तोड़ने लगे? हे 'विद्या-सुन्दर' नाटककी रचना करनेवाले महाशय, क्या तुमने मेरे इसी सिद्धान्तके अनुसार अपने नायकका नाम 'सुन्दर' रक्खा था? क्या तुम समझ गये थे कि स्त्रियाँ चाहे जैसी 'विद्या'वती हों, उन्हे पुरुषोंके स्वाभाविक सौन्दर्य और विशाल बुद्धिके आगे हार माननी पड़ती है?

सुन्दरताकी बहार जवानीकी फसलमें होती है। किन्तु हे अपने रूपके नशेमें अन्धी हुई ललनाओ, तुम्हारी जवानी कितने दिन टिकती है? समुद्रकी तरह आते आते ही तो उतर जाती है। बीससे पचीस-तीसके बीच तुम बुढिया हो जाती हो। थोडे ही दिनोंमें तुम्हारे अंग शिथिल पड़ जाते हैं। उमर चढते-ही-चढते तुम्हारे गलेकी जयमालाको गिरा देती है। चालीस पैतालीस वर्षकी अवस्थामें पुरुषके चेहरेपर जो श्री रहती है, वह तुम्हारे चेहरेपर बीस पचीस वर्षके भीतर ही नहीं रहती। तुम्हारा रूप बिजलीकी तरह है, इन्द्रधनुषकी तरह है, पानीके बबूलेकी तरह है। घडी भरके लिए न सही, मगर वह बहुत ही थोड़े दिन ठहरता है। रूप-भोगके लिए जो पागल हुए फिरते हैं, उनका कष्ट मुझे उसी समय जान पड़ता है जब मैं भोजन करने बैठता हूँ। मुझे अपने जीवनमें बड़ा भारी दुःख यही है कि दाल-भात-रोटी थालीमें परोसते परोसते ही ठंडी हो जाती है। ऐसे ही स्त्रियोंकी जवानीका भात प्रेमकी थालीमें परोसते परोसते ही ठंडा हो जाता है; फिर उसे कोई भी रुचिसे नहीं खाता। अन्तको सँवार-सिंगाररूपी चटनी मिलाकर आदरका नमक छोडकर किसी तरह उसे निगलना पडता है।

हे सौन्दर्यका घमंड रखनेवाली नारियो, सच कहना, क्या क्षणस्थायी होनेके कारण ही तुम्हारे रूपका इतना आदर है? तुम्हारा रूप ऐसा है कि उसे अच्छी तरह भोगना कैसा, देखना भी असंभव है, देखते ही देखते धूपकी तरह ढल जाता है। क्या इसीसे मर्दलोग तुम्हारे मुख-चन्द्रके चकोर बने रहते हैं—तुम्हारे रूपपर धन-धर्म-धैर्य सब वार देते हैं? तुम्हारा रूप उसी धनके समान है जो अचानक मिल जाता है और फिर वैसे ही हाथसे निकल जाता है। क्या इसीसे तुम उसका ठीक ठीक दाम नहीं बतला सकतीं? मेरी समझमें तो केवल क्षणभर ठहरनेके कारण ही स्त्रियोंका सौन्दर्य इतना मनोहर नहीं होता, और भी एक कारण है। वह कारण यह है कि पृथ्वीमण्डलपर जितने ग्रन्थकारोंका मत मान्य हुआ है वे सभी पुरुष थे, और उन्होंने अपनी ऑखोंमें अनुरागका अंजन लगाकर उस दृष्टिसे स्त्रियोंके रूपका वर्णन किया है। सुनते है कि मजनू जिसपर मरता था, वह लैला बिल्कुल बदसूरत थी। लेकिन वह मजनूके लिए परियोंसे बढ़कर थी। मसल मशहूर है कि "दिल तो लगा गधीसे परी कौन चीज है।" खैर जो कुछ हो, कहनेका मतलब यह है कि स्त्रियाँ प्रेमकी चीज हैं, उन्हे कौन रसिक या कवि साधारण दृष्टिसे

देखेगा ? यह आपने देखा ही होगा कि अच्छे आईनेमें बुरी सूरत भी अच्छी देख पड़ती है। हम यदि नारीके भुवनमोहन रूपको प्यारका अंजन लगाकर देखेंगे, तो फिर वह पुरुषकी अपेक्षा अच्छी क्यों न देख पडेगी ?

हे प्रेमदेव, यूरोपके कवियोंने तुमको अन्धा ठहराया है। बात झूठ नहीं है। तुम्हारे प्रभावसे कोई भी अपनी प्यारी चीजके दोष नहीं देख पाता। तुम्हारा अंजन जिसकी आँखोंमें अँज गया, वह हमेशा ही विश्व-विमोहन वस्तुओंसे घिरा रहता है। वह विकट मूर्तिको सुन्दर देखता है, वह कर्कश स्वरको अमृतमय मानता है, वह भूतनीकी उछल-कूदको ललनाकी लावण्यलीलासे भी बढकर सुखदायक समझता है। यही कारण है कि चीनदेशमें चिपटी नाककी कदर है, विलायती बीवियोंके समाजमें भूरे बालों और कंजी आँखोंका आदर है, हब्शियोंके देशमें मोटे ओठोंका सम्मान है, और हमारे भारतमें गुदना गुदाये हुए मिस्सी-मलिन-मुख-चन्द्रकी शोभा है। इसीलिए मनुष्यसमाजमें स्त्रियोंके रूपका आदर है। और अगर कहीं स्त्रियाँ भी मर्दोंकी तरह पेटकी बात जबानपर ला सकती या लाती, तो हे प्रेमदेव, उनके गुणसे न सही, कमसे कम तुम्हारे गुणसे तो अवश्य हम सुन पाते कि पुरुषोंके रूपके आगे स्त्रियोंका रूप कुछ भी नहीं है।

परन्तु, यद्यपि स्त्रियाँ अपने भीतरके गुप्त भावको वचनोंके द्वारा प्रकट करनेमें सकुचती हैं, मगर उनके कार्योंमें उस आन्तरिक भावकी झलक दिखलाई पड़ जाती है। आपने प्राय देखा होगा कि कोई स्त्री किसी स्त्रीको अपनेसे अधिक सुन्दर स्वीकार करना नहीं चाहती, परन्तु पुरुषको सहजहीमें आत्मसमर्पण कर देती है। इससे क्या यह सिद्ध नहीं होता कि स्त्रियाँ मन ही-मन स्त्री-रूपकी अपेक्षा पुरुष-रूपको अधिक मानती हैं ?

पुरुषोंके ' रूप रूप ' चिल्लानेसे ही स्त्रियोंका सर्वनाश हुआ है। सभी यह समझते हैं कि रूप ही स्त्रियोंका महामूल्य रत्न है—सर्वस्व है। इसका फल यह हुआ है कि कामिनियाँ जो कुछ चाहती हैं, उसे लोग रूपके ही बदलेमें देना चाहते हैं। इसीसे मनुष्य-समाजके लिए कलंक-रूपिणी वेश्याओंकी सृष्टि हुई है। इसीसे परिवारमें स्त्रियोंको दासी बनकर जीवन बिताना पड़ता है।

मैं यह सुनना नहीं चाहता कि स्त्रियोंकी न ठहरनेवाली सुन्दरता या रूप ही उनकी एक मात्र पूँजी है, या संसार-सागर पार करनेवाला कर्णधार है। यह

बात मै बहुत दिनोंसे सुन रहा हूँ। सुनते सुनते कान पक गये । अब नहीं सुन सकता। मै सुनना चाहता हूँ कि नारियोंमें रूपकी अपेक्षा सौगुने, हजारगुने, लाखगुने, करोडगुने महत्त्वके गुण है । मै सुनना चाहता हूँ कि स्त्रियाँ साक्षात् सहिष्णुता, भक्ति और प्रेमकी मूर्ति हैं । जिन्होंने देखा है कि माता कितने कष्ट सह कर बच्चोंका लालन पालन करती है, जिन्होंने देखा है कि स्त्रियाँ कितने स्नेह और यत्नसे अपने परिवारके रोगियोंकी सेवा शुश्रूषा करती हैं, वे ही नारियोकी सहिष्णुताका कुछ पता पा सकते है । जिन्होंने कभी किसी सुन्दरीको पति या पुत्रके लिए प्राण देने, धर्मके लिए सासारिक सुखोंको लात मारते, देखा है, वे ही कुछ कुछ समझ सकते है कि उनके हृदयमें कैसी भक्ति और कैसा प्रेम है ।

जब मै सबमें श्रेष्ठ नारीका आदर्श खोजने लगता हूँ, तब मेरे आगे पतिके साथ जल मरनेके लिए तैयार 'सती' की मूर्ति आ जाती है । मै देखता हूँ कि चिता धकधक जल रही है, सती अपने पतिके पैरोंको आदरके साथ अपनी छातीसे लगाये हुए अग्निके बीचमे बैठी हुई है । आग धीरे धीरे बढ़कर फैल रही है, सतीके एक एक अगको जलाती हुई दूसरे अगमे लग रही है । सती अग्निमे जल रही है और अपने स्वामीके चरणोका ध्यान कर रही है। मुखपर शारिरिक या मानसिक कष्टके कोई लक्षण नहीं है। मुख खिले हुए कमलके समान प्रसन्न है । धीरे धीरे आग ही आग देख पड़ने लगी। सतीके प्राण निकल गये, शरीर भस्म हो गया। धन्य सहिष्णुता! धन्य प्रेम! धन्य भक्ति!

जब मैं सोचता हूँ कि कुछ दिन हुए, हमारे देशकी अबलाएँ कोमलागी होनेपर भी इस तरह पतिके लिए प्राण दे सकती थीं, तब मेरे मनमें एक नई आशाका संचार होता है । तब मुझे विश्वास होता है कि 'महत्त्व' का बीज हम लोगोंके हृदयमे अभी पड़ा हुआ है । क्या समय आनेपर भी हम अपना महत्त्व न दिखा सकेंगे ? हे भारतकी नारियो, तुम भारतकी महामूल्य मणियॉ हो, तुमको रूपकी झूटी बड़ाईसे क्या प्रयोजन ? तुम अपने सहनशीलता, दया, भक्ति और प्रेम आदि गुणोंको अपनाओ ।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी ।

१–फूलका ब्याह।

वैशाखका महीना 'सहालक' का महीना है। मैने वैशाखकी पहली तिथिको रसिक बाबूके बागमे बैठकर एक ब्याह देखा है। उसीका हाल लिखे रखता हूं, शायद आगे होनेवाले वर-वधुओंको इससे कुछ शिक्षा मिल सके।

चमेलीका ब्याह है। दिनान्त-शैशव बीत चला, कली-कन्या ब्याहने लायक हो आई। कन्याका बाप बडा आदमी नही, छोटासा पेड है, और उसपर उसके अनेक लडकियॉ ब्याहनेको है। ब्याहकी बहुत सी बातचीत हुई, पर कोई पक्की नहीं हुई। बागका राजा गुलाब, पात्र तो बेदाग है, मगर घराना बड़ा ऊँचा है। वह इतना उतरकर सम्बन्ध करनेके लिए राजी नहीं होता। दुपहरियाके फूलको इस ब्याहमे इनकार नही था, लेकिन वह बड़ा रागी (लाल और क्रोधी) है, कन्याके पिताका जी नहीं भरा। केवड़ा पात्र तो अच्छा है, किन्तु दिमाग बडे है, पता ही नहीं रहता। इसी प्रकारकी गड़बड़मे मधुकर महाराज दूत बन कर चमेलीके पेडके पास आकर उपस्थित हुए। आते ही बोले—

"गुन! गुन! गुन! लड़की है?"

चमेलीके वृक्षने पत्ते हिलाकर उत्तर दिया—"है।"

भ्रमरने पत्तोंके आसनपर बैठकर कहा—"गुन-गुन-गुन! गुन-गुन-गुन! लडकी देखूँगा।"

वृक्षने डाल झुकाकर, संकोचसे ऑखे बंद किये हुए और घूँघट निकाले हुए कन्याको दिखा दिया।

भ्रमरने एक बार चक्कर लगाकर कहा—"गुन-गुन-गुन!, गुन देखना चाहता हूँ—घूँघट खोलो।"

लजीली कन्या किसी तरह घूँघट नही खोलती। वृक्षने कहा—"मेरी लड़कियॉ बड़ी लजीली हैं। तुम जरा देर ठहर जाओ, मै मुँह खोलकर दिखाता हूँ।"

भ्रमर 'भन' से उड़ गया और गुलाबके बैठकखानेमें जाकर गपशप लड़ाने लगा। इधर चमेलीकी बड़ी बहन सन्ध्यादीदी जाकर उसे बहुत कुछ समझाने लगी-बोली-" बहन, जरा घूँघट खोलो, नहीं तो वर नहीं आवेगा—मेरी प्यारी, मेरी दुलारी, इत्यादि।" कलीने कितनी ही वार कहा—" दीदी, तू जा!" किन्तु अन्तको सन्ध्याके स्निग्ध स्वभावसे मुग्ध होकर चमेलीने मुँह खोल दिया। तब भ्रमर महाशय 'भन' से राजमहलसे उतरकर फिर उपस्थित हुए। कन्याको देखा। जैसा रूप है वैसी ही सुगन्ध है। भ्रमरराज बोले—" गुन-गुन-गुन! गुन-गुन-गुन! कन्या गुणवती है। अच्छा घरमें 'मधु' कितना है?"

कन्याके पिता वृक्षने कहा—जितनेका करार होगा उतना दे दूँगा, रत्ती भर कम न होगा।

भ्रमरने कहा—गुन-गुन-गुन! आपमें अनेक गुन है—मेरा मेहनताना?

वृक्षने डाले हिलाकर कहा—वह भी दूँगा।

भ्रमरने कहा—मेहनतानेकी रकम कुछ पेशगी न दे डालो! 'नगद दान महा कल्याण!' यह बड़ा भारी गुन है,-गुन-गुन-गुन।

तब क्षुद्र वृक्षने खीझकर सब डाले हिलाकर कहा—पहले वरका हाल तो बताओ—वर कौन है?

भौरा—वर बहुत ही सुपात्र है। उसमें अनेक गुन है,-गुन-गुन-गुन!

वृक्ष—उसका नाम क्या है?

भौरा—लाला गुलाबचंद। उसमें बहुतसे गुन हैं,-गुन-गुन-गुन!

ऐसी बातचीतोको मनुष्य नहीं सुन पाते। मुझको भंग भवानीकी कृपासे देखने-सुननेकी दिव्य शक्ति प्राप्त हो गई है, इसीसे मैं सुन सका। मैंने सुना, कुलपूज्य मधुकर महाराज, पर झाड़कर और छः पैर फैला कर, गुलाबका गुणानुवाद गा रहे थे। कहते थे, " गुलाबका घराना बहुत बड़ा है, यह बहुत ही ऊंचा कुल है; इसका रंग ही निराला है। फूलते तो सभी फूल हैं, लेकिन गौरव गुलाबहीका अधिक है; कारण, ये साक्षात् वांछा मालीकी सन्तान हैं-उसने इन्हें अपने हाथसे लगाया है। अगर कहो, इस फूलमें काँटे हैं, तो किस कुल या फूलमें नहीं हैं?"

जो कुछ हो, किसी तरह ब्याहकी बातचीत पक्की करके भौंरेराम मन-से उड़कर गुलाब बाबूके बंगलेमें खबर देने गये। गुलाब उस समय हवाके साथ नाच-नाच कर हँस-हँस कर कूद-कूद कर क्रीड़ा कर रहा था। गुलाबने ब्याहकी खुशखबरीमें खिलकर लडकीकी उम्रके बारेमें पूछा। भौंरेने कहा— आज ही कलमें खिल उठनेकी उम्र है।

गोधूलि-बेलाकी 'लग्न' आनेका समय हुआ है। गुलाब स्वय विवाह-यात्राके उद्योगमें लगा हुआ है। झींगुरोंने नौबत बजाना शुरू किया। ममाखीने शहनाईका बयाना लिया था, लेकिन रतौंधी आनेके कारण वह साथ न जा सकी। जुगनुओंने पंशाखे जलाये। आकाशमें तारागणोंकी आतशबाजी छूटने लगी। कोयल आगे आगे नकीबका काम करती चली। बहुतसे बराती चले। राजकुमार कमल शामकी आबहवा खराब होनेके कारण बरातमें शामिल नहीं हो सके। किन्तु 'दुपहरिया' के सभी घराने आये, सफेद दुपहरिया, लाल दुपहरिया, जर्द दुपहरिया आदि सब आकर मौजूद हुए। 'कनैर' के दोनों (सफेद और लाल) घराने प्राचीन समयके राजाओंकी तरह बड़ी ऊँची ऊँची डालोंपर चढे हुए आकर उपस्थित हुए। 'बेला' सहबाला बननेवाला था, इस लिए खूब सजधज कर आया; चंपा पीताम्बर पहने आ कर खडा हुआ। मगर बहुत सी बराडी पी आया था, मुँहसे उग्र गन्ध निकल रही थी। केवडेके झुंड भी सादगीके साथ अपनी बहार दिखाते हुए महकसे महफिलको मस्त कर रहे थे। अशोक नशेके मारे लाल हो रहा था। उसके साथ एक चीटोंका झुंड मुसाहब होकर आया था। उनका गुणसे कुछ भी सम्बन्ध नहीं, उलटे दन्तदंशनका भारी भय है। ऐसे बराती कहाँ नहीं जुटते, और किस ब्याहमें गड़बड करके झगड़ा नहीं मचवा देते! कुंद, कुरुबक, कुटज आदि और भी अनेक बराती आये थे। भ्रमर महाराजसे, अगर आपकी इच्छा हो तो, उनका पूरा परिचय प्राप्त कर सकते है, क्योंकि उनका जाना-आना सर्वत्र होता है और उन्हे सभी जगहसे कुछ न कुछ मधु मिला करता है।

मेरा भी निमन्त्रण था, मैं भी गया। देखा, वर-पक्षके लोग बड़ी विपत्तिमें पड़े हैं। वायुने सब बरातियोको लाद ले जानेका ठेका लिया था। उस समय तो वह बहुत तूमतड़ॉगसे चला था, मगर कामके समय न जाने कहाँ जा छिपा, खोजनेपर भी कहीं पता नहीं लगा। मैंने देखा, वर और बराती,

सब चुपचाप सोचमें खड़े हैं। चमेलीकी कुल-रक्षाके लिए मैंने ही फूलोंका वाहन बनना स्वीकार कर लिया। वर और बराती सबको लेकर चमेली-पुरको चला।

वहाँ जाकर देखा, कन्यापक्षकी कामिनियाँ खुशीसे खिल रही हैं; घूँघट खोलकर सुगंध बरसाती हुई सुखकी हँसी हंस रही है। हर एक पत्ता एक दूसरेके गलेसे लगा हुआ है। खुशबूकी लूट मची हुई है। रूपका बाजार लगा हुआ है। जुही, मालती, कामिनी, रजनीगधा आदि सोहागिनोने स्त्री-आचार कराया। इतनेमें पुरोहित आकर मौजूद हो गये। देखा कि रसिक बाबूकी नौ बरसकी लड़की कुसुमलता (सजीव फूल-सरीखी) सुई और तागा लिये खड़ी है। कन्याके पिता (वृक्ष) ने कन्यादान किया। पुरोहित-जीने दोनोको एक डोरेमें डाल कर गाँठ दे दी।

फिर स्त्रियाँ वरको भीतर ले गईं। न-जाने कितनी मधुमयी रसमयी सुन्दरियोने वहाँ वरको घेर लिया। सीधे स्वभाव और उज्ज्वल भावसे दिल्लगी करते करते नेवाडीका मुँह सूख उठा। गुलमेंहदीके रगीन मुखकी हँसी रोके नही रुकती थी। जुही कन्याकी सखी है, वह कन्याके पास जा कर सो रही। रजनीगन्धाको ताडका राक्षसी कहकर वरने बडी भारी दिल्लगी की। बकुलकी एक तो उम्र कम, उसके ऊपर जितना गुण है उतना रूप नहीं, वह एक कोनेमें चुपचाप बैठी रही। बड़े आदमियोंकी घरवालीकी तरह मोटी गेंदाबीबी नीली साडी हटाकर रौबके साथ बैठ गईं। इतनेमें "अजी उठो, घर जाओ--रात हो गई है, क्या यही लुढक रहोगे काका?" कहती हुई कुसुमलताने मुझे हिलाया। चौंककर देखा, कही कुछ भी न था। वह फूलोका रगीन दिन कहाँ गायब हो गया? मैने सोचा, ससार सचमुच अनित्य है—अभी था, अब नहीं है। वह रमणीय दिन कहाँ चला गया? वे हँसमुख रसभरी पुष्पनारियाँ कहाँ गईं? जहाँ सब जायँगे वहीं, स्मृति-दर्पणके तले, 'भूत'--सागरके गर्भमे। जहाँ राजा, प्रजा, पहाड़, समुद्र, ग्रह-नक्षत्र आदि गये हैं, या जायँगे, उसी जगह ध्वंस-पुरमे। इस ब्याहकी तरह सब कुछ शून्यमे लीन हो जायगा, सब हवामें उड़ जायगा। केवल रहेगा क्या? भोग? नहीं भोगनेकी चीजके बिना भोग नहीं रह सकता, तब क्या रहेगा? स्मृति।

कुसुमलताने कहा—उठो न, क्या कर रहे हो?

मैंने कहा—दूर हो पगली, मैं ब्याह करा रहा था।

कुसुमलता हँसती हुई और पास आकर आदर करके पूछने लगी—किसका ब्याह काका?

मैंने कहा—फूलका ब्याह।

कुसुमलता—वाह वाह, फूलका ब्याह? मैं भी तो फूलका ब्याह करा रही थी।

मैं—कहाँ?

कुसुमलता—यह देखो मैंने फूलोंकी माला गूँथी है।

मैंने देखा, बालिकाकी बनाई उसी मालामें मेरे वर और वधू दोनों हैं।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

१०—बड़ा बाज़ार ।

श्यामा ग्वालिनके साथ मुझे चिरविच्छेदकी संभावना देख पड़ती है। मैं जबसे रसिकबाबूके घर आया हूं तबसे उसका दूध, दही, मक्खन, मलाई खा रहा हूं। खानेके समय समझता था कि श्यामा केवल परलोकमें सद्गति पानेकी कामनासे ही यह अनन्त पुण्य-सचय कर रही है। जानता था कि जो लोग संसारके जंगलमें पुण्यरूपी मृगको फँसानेके लिए फंदा लिये घूमते हैं, उनमें श्यामा बहुत ही चतुर है। मैं नित्य दूध दही खानेके बाद देवगणके निकट प्रार्थना करता था कि श्यामाको उस लोकमें अक्षय स्वर्ग मिले और इस लोकमें भगकी मात्रा बढे। किन्तु इस समय—*हाय! मनुष्यका चरित्र कैसी भयानक स्वार्थपरतासे कलंकित है!—इस समय* वह दाम माँगती है!

इसी कारण श्यामाके साथ मेरे चिरविच्छेदकी संभावना देख पड़ती है। पहले दिन जब उसने दाम माँगे तो मैंने दिल्लगीमें बात उड़ा दी, दूसरे दिन विस्मित हुआ, और तीसरे दिन गालियाँ देने लगा। अब उसने दूध-दही देना बंद कर दिया है। कैसा अन्धेर है! इतने दिन बाद मालूम हुआ कि मनुष्यजाति निहायत खुदगर्ज है, इतने दिन बाद जान पड़ा कि आशाओंको यत्नपूर्वक हृदयके खेतमें रोपकर विश्वासके जलसे उन्हें पुष्ट करना व्यर्थ है। अब मैंने जाना कि भक्ति, प्रीति, स्नेह, प्रणय आदि सब झूठी बातें हैं, आकाश-कुसुमके समान निर्मूल हैं, दमबाजियाँ हैं। हाय, मनुष्यजातिका परिणाम क्या होगा! हाय, धनलोभी ग्वालोंकी जातिको कौन उबारेगा! हाय, श्यामा ग्वालिनकी गऊ कब चोरी जायगी!

श्यामाके दूध-दही है, वह देगी; मेरे पेट है, मैं खाऊँगा। *उसके साथ यही* सम्बन्ध है। इसमें वह दाम किस अधिकारसे माँगती है? कुछ मेरी समझमें नहीं आता। श्यामा कहती है कि "मैं अधिकार-वधिकार कुछ नहीं जानती; मेरी गऊ है, मेरा दूध है, मैं दाम लूँगी।" वह किसी तरह समझती ही नहीं कि गऊ किसीकी नहीं, गऊ खुद अपनी है, अर्थात् उसपर उसीका अधिकार है, और दूध, जो पीता है, उसीका है।

तथापि, मै यह स्वीकार करता हूँ कि संसारमें दाम लेनेकी एक रीति है। केवल खाने-पीनेकी ही सामग्री क्यों, सभी चीजें दाम देकर खरीदनी पडती हैं। दूध, दही, चावल, कपडा–लत्ता आदि बाजारमें बिकनेवाली चीजोंको जाने दीजिए, विद्या--बुद्धि भी दाम देकर खरीदनी पड़ती है। कालेजमें दाम देकर विद्या मोल लेनी पडती है। बहुत लोग अच्छी बातोंको दाम देकर खरीदते है। हिन्दू लोग अक्सर दाम देकर धर्म खरीदते हैं। यश और मान तो बहुत ही थोडे दाममे मिल जाता है। अच्छा, अच्छी चीज दाम देकर खरीदनी होगी—यह नियम तो कुछ समझमे भी आता है; लेकिन यह क्या अन्धेर है कि जो विष खानेसे मनुष्य मर जाता है वह भी तुमको दाम देकर बाजारसे खरीदना होगा? मनुष्य ऐसा ही दामका गुलाम है, वह दाम लिये बिना बुरी चीज भी किसीको देना नहीं चाहता!

इसीसे, मेरी समझमे, यह जगत् ही एक बड़ा बाजार है—इसमे सभी अपनी अपनी दूकान लगाये बैठे है। सभीका एक उद्देश्य है—दाम पाना। सभी बराबर पुकार रहे है—"हमारी दूकानमे अच्छा माल है—खरीददार चले आओ।" सभीका उद्देश्य है कि ग्राहककी आँखोमे धूल झोंककर रद्दी माल उसके गले मढ दे। दूकानदारों और खरीददारोंमे बराबर यह युद्ध चल रहा है कि कौन किसे कहां तक ठग सकता है! इस बाजारमे सस्ता खरीदनेकी चेष्टाको ही लोग 'जीवन' कहते है।

बहुत सोच-विचार कर मनके चिन्ता-रूपी दुःखको कम करनेके लिए मैने शामकी भंग दोपहरको ही छान ली। फिर क्या था, भंग-भवानीके अगमे आते ही वह रग जमा कि सब ढग ही बदल गया—दिव्य दृष्टि खुल गई। मैने ऑखे फाडकर देखा, सामने सुविस्तृत ससारका बाजार लगा है। देखा, अगणित दूकानदार दूकानें लगाये बैठे है—असख्य खरीददार सौदा चुका रहे है। देखा, वे दूकानदार और खरीददार परस्पर एक दूसरेको अँगूठा दिखा रहे है। मै भी अँगोछा कंधेपर डालकर कुछ खरीददारी करनेके लिए बाजारकी तरफ चला। सबसे पहले रूपकी हाटमें गया। क्योंकि ससारका नियम है कि जो चीज घरमें नहीं होती, उसीके लिए आदमी बाजार जाता है। रूपकी हाटमे जाकर देखा तो वह ससारका मछरहट्टा (मछली-बाजार) निकला। पृथ्वीभरकी परियाँ मछली होकर टोकनीसे ढकी हुई कूँड़ोंमे पड़ी हैं। देखा, छोटी बड़ी, रोहू, गिरई, झींगा, इलिश, पूँटी वगैरह हर तरहकी मछलियाँ खरीददारके लिए

पूँछ पटक पटक कर छटपटा रही हैं। जितना बाजारका वक्त बीतता जाता है, उतना ही वे बिकनेके लिए तड़पती है। मछलीवालियों पुकार रही है—" मछली लोगे जी ? कुल-पोखरकी सस्ती मछली यों ही लुटाई जा रही है।" कोई पुकारती है—" मछली लोगे जी ? धन-सागरकी मीठी मछली, जो खरीदता है उसे फिर जन्म नहीं लेना पडता, एक ही जन्ममें सब गतियों हो जाती है। धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष, सब बीबीके श्रीचरणोकी ठोकरोंसे घरभरमें मारा मारा फिरता है। जिसमें शक्ति हो वह खरीद ले। सोनेकी हॉडीमें ऑखोंके जलसे उबालकर हृदयकी आगमें कड़ी ऑच देकर पकाना पड़ता है। जो खरीददार इतना साहस रखता है, वह आवे। सावधान ! हीराका कॉटा गलेमें फॅसनेसे सासरूपी बिल्लीके पैरों पड़ना पडता है।—कॅटेकी तकलीफ है तो क्या, मछली बड़े मजेकी है !–आओ खरीददार, चले आओ।" कोई पुकारती है—" आओ, हमारी चटपटी लाज-सरोवरकी मछली खरीदो। घीम, तेलमे, पानीमे, जिसमें चाहे पका लो। लो–लो, आओ, ले जाओ, मजेमे जिन्दगी बिताओ।" कोई कहती है–" कीचड़ धोकर चोंदसी मछली लाई हूॅ। देखने ही खरीददार पागल हो जाता है। लो, ले जाकर अपना घर उजियाला करो।"

यों देख सुनकर मछली खरीदने लगा। क्योकि मेरी रसोई अभी तक मांस-मछलीके मजेसे खाली थी। देखा, मछलियोके दलाल भी है, जिनका नाम है पुरोहित। दलालके खडे होने पर पूछा, दाम क्या है ? उत्तर मिला–दाम है 'जीवन-सर्वस्व'। जो मछली चाहो खरीदो, दाम एक ही है। मैंने कहा—अच्छा ये मछलियों कब तक चलेंगी ? दलालने कहा—दो-चार दिन, उसके बाद सड जायेंगी, दुर्गन्ध आने लगेगी। तब यह सोचकर कि इतने महॅगे भावसे ऐसी कम-टिकाऊ चीज क्यो खरीदूं, मै मछरहट्टेसे भागा। यह देखकर मछलीवालियॉ हाथ मटका मटका कर मुझे गालियॉ देने लगी।

रूपका बाजार छोडकर विद्याके बाजारमें गया। देखा, वहॉ फल बिकते हैं। एक जगह टीका-तिलक लगाये, चुटैया फटकारे, रामनामी वस्त्र ओढ़े कुछ ब्राह्मण पके नारियल लिए दूकानपर खरीददारोको बुला रहे हैं। कहते हैं—" हम बेचते हैं घटत्व-पटत्व और पत्व-णत्व। घरमे अन्न होना ही स्व-त्व है। नहीं तो न-त्व है। द्रव्यत्व, जातित्व, गुणत्व आदि 'पदार्थ' हैं। बापके श्राद्धमे दक्षिणा न देनेसे ही तुम 'अपदार्थ' हो। हमारे पास 'पदार्थ तत्त्व' नामका

पका नारियल है—खानेमें बहुत ही कठिन है। उसके पहले छिलकेमें लिखा है कि ब्राह्मणी ही ' परम पदार्थ ' है। अभाव नामक नारियल चार प्रकारका है।* तुम्हारे घरमें धन है, हमारे घरमें नहीं है, इसे कहते हैं अन्योन्याभाव। जब तक धन नहीं पाते, तबतक प्रागभाव है। वह धन खर्च हो जानेसे ध्वंसाभाव हो जाता है। रहा अत्यन्ताभाव, सो हमारे घरमें हर घडी बना रहता है। अगर यह संशय हो कि अभाव नित्य है या अनित्य, तो हमारे भंडारेमें झांककर देखो, देखोगे अभाव नित्य ही है। इस लिए हमारे पके नारियलको खरीदो। ' व्याप्य ' ' व्यापक ' और ' व्याप्ति,' इस नारियलका सारांश है। ब्राह्मणका हाथ ठहरा व्याप्य, चाँदीका सिक्का हुआ व्यापक, और तुम्हारे दान करनेहीमें हुई व्याप्ति। यह पका नारियल खरीदो, अभी सब समझमें आजायगा। देखो भैया, ' कार्य-कारण-सम्बन्ध ' बडी भारी बात है। रुपए दो, अभी एक कार्य हो जायगा। कम देना ही अकार्य है, और कारण क्या समझावें, यह जो दोपहरकी कड़ी धूपमें घुटी खोपडी लिये नारियल बेचने आये हैं, इसका कारण ब्राह्मणी ही है। अगर कुछ न खरीदोगे तो हमारा नारियल लाद लाना अकारण ठहरा। इस लिए नारियल खरीदो—नहीं तो हम इन्हीं नारियलोंपर सिर पटककर जान दे देंगे।"

घोर घामकी तपनके कारण पसीनेमें तर हो रहे उन ब्राह्मणोंका शरीर और वाग्वितण्डापूर्ण प्रलाप देख सुन कर दया हो आई। मैंने पूछा—"महा-महोपाध्यायजी, नारियल लेनेके लिए हम तैयार हैं, मगर आपकी दूकानमें नारियल छीलकर गोला निकालनेके लिए कोई औजार भी है?" उत्तर मिला—" नहीं भैया, हम कोई अस्त्र नहीं रखते।" मैंने कहा–" तो फिर नारियल छीलते कैसे हो?" उत्तर मिला–" हम छीलना नहीं जानते, दाँतोंसे

* वंकिम बाबूका अभिप्राय यह है कि नैयायिक पण्डितोंकी विद्या नारियलके समान है। जैसे पके नारियलका गोला जटाओंमें छिपा रहता है, वैसे ही उनकी विद्या घटत्व पटत्व आदि दुरूह शब्दोंमें छिपी रहती है। जैसे नारियल ऊपर सूखा और भीतर सरस मीठा होता है, वैसे ही पुराने पण्डितोंकी विद्या है। × × × नैयायिक लोग चार प्रकारका अभाव मानते हैं—अन्योन्याभाव, प्रागभाव, ध्वंसाभाव और अत्यन्ताभाव। अर्थात् अन्योन्यका अभाव, पहलेका अभाव, नाश हो जानेपर अभाव, और अत्यन्त ही अभाव।

नोच नोचकर खाते हैं ।" मैने ब्राह्मण पण्डितोंको नमस्कार कर पासहीकी दूसरी दूकानमें प्रवेश किया ।

ब्राह्मणोंके सामने ही एक्सपेरिमेण्टल साइंस (अनुभूत विज्ञान) की दूकान है । कुछ अँगरेज दूकानदार सूखे नारियल, बादाम, पिस्ता, सुपारी वगैरह फल बेच रहे हैं । दूकानके ऊपर बड़े बड़े पीतलके अक्षरोंमें लिखा है—

MESSRS. BROWN JONES AND ROBINSON
NUT-SUPPLIERS.
ESTABLISHED, 1757
ON THE FIELD OF PLASSEY

MESSRS BROWN JONES AND ROBINSON
offer to the Indian public
A large assortment of

NUTS:

PHYSICAL, METAPHYSICAL,
LOGICAL, ILLOGICAL,
AND
SUFFICIENT TO BREAK
THE JAWS AND
DISLOCATE TEETH OF
ALL INDIAN YOUTHS
Who stand in need of having
their dental superfluities
curtailed.

अर्थात्—

मेसर्स ब्राउन जोन्स और राबिन्सन्
अखरोट बेचनेवाले ।
स्थापित प्लासीके मैदानमें सन् १७५७.

मेसर्स ब्राउन जोन्स और राबिन्सन्

भारतवासियोंके लिए
बहुतसे विविध प्रकारके अखरोट देते हैं।
स्थूलपदार्थसम्बन्धी, आत्मविद्यासम्बन्धी,
तार्किक, अतार्किक जो दाँतों और
जबड़ोंको तोड़ डालनेके लिए काफी है।
उन सब भारतीय नवयुवकोंके लिए,
जो दाँतोंकी बहुतायतको कम
करनेकी आवश्यकता रखते है,
दिये जाते हैं।

दूकानदार पुकार रहा है--"आ रे काले बच्चे, Experimental Science (अनुभूत विज्ञान) खायगा, आ। देख औवल नंबरका एक्सपेरीमेंट (अनुभव) घूसा है; इससे दाँत उखड़ते है, मत्था फटता है, और *हड्डियाँ टूटती है। हम सब इन एक्सपेरीमेंटों (अनुभवों) को बिना दाम* लिये ही दिखा देते हैं--बस, पराया सिर या नर्म हड्डी मिलनी चाहिए। हम स्थूल पदार्थोंका संयोग और वियोग साधनेमे सिद्धहस्त है। रसायनके बलसे, बिजलीके बलसे, अथवा चुम्बकके बलसे जड पदार्थोंको अलग अलग करनेमे ही विशेष चतुर है। किन्तु सबकी अपेक्षा घूसोंके जोरसे खोपड़ीके खण्ड खण्ड अलग कर देनेहीमे हमारा हाथ सफा है। हम माध्याकर्षण, यौगिकाकर्षण, चुम्बकाकर्षण आदि तरह तरहके आकर्षणोंकी बात जानते है सही, लेकिन सबकी अपेक्षा केशाकर्षणका ही विशेष अभ्यास रखते हैं। इस संसारमें जड़ पदार्थोंके तरह तरहके योग (मेल) देखे जाते हैं, जैसे हवामे 'अम्लजन' और 'यवक्षारजन' का सामान्य योग है, पानीमें 'जलजन' और 'अम्ल-जन' का रासायनिक योग है और तुम्हारी पीठ और हमारे हाथमें मुष्टियोग है। देखेगा काले लड़के? इन विचित्र बातोंको देखना हो, तो सिर बढ़ा दे। देखेगा कि ग्रेव्हिटेशन (आकर्षण शक्ति) के बलसे ये सब नारियल वगैरह तेरे सिरपर पड़ेंगे, तू पार्कन नामके अद्भुत शब्द-रहस्यका परिचय पावेगा, और अपने मस्तककी नसोंके गुणसे पीड़ाका अनुभव करेगा। पेशगी दाम दे, तो चैरिटी (खैरात) में एक्सपेरीमेंट पा सकेगा।"

मैं यह सब देख-सुन रहा था। इसी समय सहसा देखा कि अँगरेज दूकानदार लोग लाठियाँ लिये हुए झपट कर ब्राह्मणोंके पके नारियलोंके ढेरपर जा पड़े। यह देखते ही उसी दम ब्राह्मण लोग नारियल छोड़कर, रामनामी दुपट्टेको फेंककर, अ-कच्छ होकर जान लेकर भागे। तब साहब लोग उन नारियलोंको अपनी दूकानपर उठा ले आये और विलायती अस्त्रोंकी सहायतासे छील कर मजेसे खाने लगे। मैने पूछा—"यह क्या हुआ?" साहबोंने कहा—"इसको कहते है Asiatic Researches (एशियाई अनुसन्धान)।" तब मैं इस आशंकासे कि कहीं मेरे शरीरमे भी Anatomical Researches (चीरफाडसम्बन्धी खोज) न हो, वहाँसे भागा।

वहाँसे साहित्यके बाजारमे गया। देखा, वाल्मीकि वगैरह ऋषि लोग अमृतफल बेच रहे है। फिर देखा, और कुछ लोग लीची, अमरूद, अनानास, अगूर, अनार आदि स्वादिष्ट फल बेंच रहे है। मालूम हुआ, यह अँगरेजोका साहित्य है। और भी एक दूकान देखी। उसमे असंख्य बालक और औरतें बेच-खरीद रहे थे। भीड़के मार भीतर नहीं घुस सका, बाहरहीसे पूछा—"यह काहेकी दूकान है?"

बालकोंने कहा—"हिन्दी साहित्यकी।"

मै—"बेचता कौन है?"

उत्तर—"हम ही बेचते है। दो एक बडे व्यापारी भी है। उनके सिवा कुछ कथरी-कवि भी है। उनका परिचय प्राप्त करना हो तो समस्यापूर्तिके मासिकपत्र देखो।"

मै—"अच्छा, इस मालको खरीदता कौन है?"

उत्तर—"हमी लोग।"

माल देखनेकी इच्छा हुई। देखा, अखबारके कागजमे लिपटे हुए कुछ कच्चे केले है।

वहाँसे तेलियोंकी पट्टीमें गया। देखा दुनियाभरके उम्मेदवार और मुसाहब तेलीके रूपमें तेलका भाँडा लिये कतार बाँधे इस सिरेसे उस सिरे तक बैठे है। तुम्हारे श्रीचरणोमे कोई जगह खाली सुन पाते ही, तुम्हारे पैर पकड़ कर तेलका भाँड़ा निकाल कर, तेल मलने बैठ जाते हैं। कोई जगह खाली न होनेपर भी, शायद हो—इस आसरेसे, पैर पकड़कर तेल मलने

लगाते हैं। तुम्हारे पास नौकरी नहीं है, न सही—नकद रुपया तो है अच्छा वही दो, तेल मलते हैं। किसीकी प्रार्थना है, जब तुम अपने निराले बागेमें बैठकर बराडीकी बोतल खाली करोगे, तब मैं तुम्हारे तलवोंसे तेल मलूँगा —मेरी बेटीका ब्याह हो जाना चाहिए। किसीकी अर्दास है, मैं तुम्हारे कानोमें बराबर खुशामदका खुशबूदार तेल छोड़ूँगा--मेरे मकानकी टूटी दीवार पक्की करा दीजिए। किसीकी कामना है, तुम्हारी दयादृष्टिसे मेरा खबरका कागज (समाचारपत्र) चल निकले, मै तुम्हारे लिए दिनको रात और रातको दिन लिख सकता हूँ।

सुननेमें आया कि इन तेलियोंकी खीच-तानमें कितनोंके पद टूट गये। मुझे खटका हुआ, कही कोई तेली भगके लिए चिदानन्दके चरणोंमे भी तेल न मलने लगे! मै वहाँसे भी भागा।

उसके बाद यशके हलवाई-हट्टेमे गया। समाचारपत्रसम्पादक-नामधारी हलवाई गुड और विलायती चीनी मिली हुई सडी बासी मिठाई नगद दाम ले कर बेच रहे थे। वे राह-चलतोंको जबर्दस्ती पकड़कर वह माल उनके गले मढ रहे थे और उसके बाद दाम न मिलनेपर कपड़ा तक उतार लेनेके लिए उतारू हो जाते थे। इधर उनकी उस यशकी मिठाईकी दुर्गन्धके मारे रास्ता चलनेवाले लोग नाकमे कपड़ा दे-देकर इधर उधर भागते थे। दूकानपर लोग बिना खोयेकी गुड़-मिली चीनीकी विचित्र मिठाई बनाकर सस्ते भावमे बेच रहे थे। उनमे कोई रुपए आठ आनेके लिए, कोई सिर्फ खातिरके लिए और कोई केवल शामकी ब्यालूके लालचसे, यश बेचते है। कुछ ऐसे सस्ता माल बेचनेवाले भी है जो सिर्फ बाबूसाहब या भैयासाहबकी गाड़ीपर हवा खा आनेके लिए ही यशके ढेर लुटा देते है।

उसी बाजारमे एक तरफ राजकर्मचारी लोग हलवाईके रूपमे राय बहादुर, राजाबहादुर, खिताब—खिलत, निमन्त्रण, धन्यवाद वगैरह तरह तरहकी मनोहर चमकीली मिठाइयाँ लिये दूकान खोले बैठे है, और चदा, सलाम, डाली खुशामद, अस्पताल खुलवाना, रास्ता—घाट बनवाना इत्यादि मूल्य लेकर अपनी मिठाई बेच रहे हैं, लेकिन बिक्रीका प्रबन्ध ठीक नही है। कोई सर्वस्व समर्पण करके भी कुछ नहीं पाता, और कोई सिर्फ सलाम करके मन भर बाँधे लिये जाता है।

इसी तरह अनेक दूकानें देखीं; किन्तु सभी जगह सड़ा माल आधे दामों-पर बिकते पाया, कहीं खरा माल न देख पड़ा। केवल एक दूकान ऐसी देख पडी, परन्तु उस दूकानमें खरीददार एक न देख पड़ा। देख क्या पड़ता, दूकानके भीतर बहुत ही घना अन्धकार था—कुछ भी न सूझता था। पुकारनेपर भी दूकानदारका पता न चला, बाहरसे केवल एक प्रकारका भय पैदा कर देनेवाला अनन्त गर्जन सुनाई पडा। अस्पष्ट प्रकाशमे बाहरके तख्तेका लेख पढ़ा। उसमें लिखा था—

यशकी दूकान।

बिकनेकी चीज–अनन्त यश।

बेचनेवाला—काल।

मूल्य—जीवन।

जिन्दगीमे कोई इसके भीतर प्रवेश नहीं कर सकता।

और कही सुयश नही बिकता।

पढकर मैंने सोचा, मुझे ऐसा यश न चाहिए। चिदानन्द चौबेकी जान सलामत रहेगी तो बहुतेरा यश हो रहेगा।

'विचार' के बाजारमे गया। देखा, वह कसाईखाना है। टोपी माथेपर लगाये, शमला माथेपर रक्खे, छोटे बडे कसाई छुरी हाथमे लिए पशुओंको काट रहे है। भैसे वगैरह बडे बडे जानवर सीग हिलाकर भागे जाते है, और बकरी-भेड वगैरह छोटे और भोले जानवर जान दे रहे है। मुझे देखते ही एक कसाई बोल उठा—यह भी बैल है, इसे भी काटना होगा। मै सलाम करके भागा।

अब बडा बाजार घूमनेकी इच्छा नही रही, तो भी श्यामापर गुस्सा था, इस लिए एक बार दहीहट्टा देखे बिना न लौट सका। जाकर पहले ही देखा, वहॉ खुद चिदानन्द चौबे ग्वाला, चिट्ठारूपी सड़े मट्ठेकी मटकी लिये, बैठा है। आप मट्ठा पी रहा है, और औरोंको भी पिला रहा है।

वैसे ही चौंक पड़ा, भंग उतर गई, ऑखे खोलकर देखा, देखा कि रसिक बाबूके घरमे ही हूँ। मगर मट्ठेकी मटकी सचमुच पास रक्खी हुई है। श्यामा मट्ठा ले कर मुझे मनाने आई है, कहती है–"चौबेजी, खफा न होना। आज दूध या दही कुछ नहीं बचा। इतना मट्ठा लाई हूँ। इसके दाम न देने होंगे।"

११–मेरा दुर्गोत्सव ।

दशहरेके दिन मुझसे किसने इतनी भग पी लेनेके लिए कहा था ! मैंने क्यो भंग पी ली ! मै क्यो (देवीकी) प्रतिमा देखनेके लिए गया ! जो फिर कभी देख नहीं सकता, वही मैने क्यों देखा ! यह इन्द्रजाल किसने दिखाया !

मैंने देखा कालका प्रबल प्रवाह बडे वेगसे विश्वब्रह्माण्डमे बहा चला जा रहा है, मै भी उसीमे एक छोटी सी डोंगीपर बैठा हुआ हूँ । देखा, अनन्त अपार अन्धकार है । उस प्रवाहमे आँधीसे बड़ी बडी लहरे उठ रही है । बीच बीचमे उज्ज्वल नक्षत्र दिखलाई पडते है, कभी छिप जाते है, और कभी फिर निकल आते है । मै अकेला ही हूँ, अकेले होनेसे डर मालूम पडने लगा । बिल्कुल ही अकेला हूँ, माता भी पास नही। "मैया ! मैया !" कह कर पुकार रहा हूँ । मै इस काल-सागरमे मैयाको खोजने आया हूँ । मैया कहाँ है ? कहाँ मेरी मैया है ? कहाँ हो चिदानन्दकी जननी भारतमाता ? इस घोर समय-समुद्रमे कहाँ हो तुम ?

सहसा स्वर्गीय बाजोके शब्दसे कान भर गये । आकाशमे, प्रात कालके अरुणोदयका ऐसा, ललाई लिये उज्ज्वल प्रकाश छिटक गया । शीतल मद पवन चलने लगा । तरगपूर्ण जलराशिके ऊपर, दूरपर, मैने देखा, सुवर्णमटी सप्तमीकी प्रतिमा शरदकी शोभासे शोभायमान है । जलमे हँसती है, तैरती है, और विमल प्रकाश फैलाती है । यही क्या मैया है ? हाँ यही मैया है । पहचाना यही मेरी जननी जन्मभूमि है । यह मिट्टीकी, अनन्तरत्नधारिणी, इस समय कालकी कोखमे डूबने चली है । रत्नभूषित दस भुजाये दसो दिशाये है, जो कि दस तरफ फैली हुई है । उन भुजाओमे जो शस्त्र देख पड़ते हैं, वे तरह तरहकी शक्तियाँ है । पैरोंके नीचे शत्रु कुचला पडा हुआ है, चरणाश्रित वीर सिंह शत्रुको उठने नहीं देता !—यह मूर्ति इस समय नहीं देखूँगा, आज भी नहीं देखूँगा, कल भी नही देखूँगा, काल-सागरके पार पहुँचे बिना नहीं देखूँगा । किन्तु एक दिन जरूर देखूँगा । मैने फिर मग्न होकर उस कालके स्रोतमें दशभुजा, अनेकशस्त्रधारिणी, शत्रुमर्दिनी, वीरेन्द्र-पृष्ठविहारिणी, भगवती भारतमाताकी सुवर्णमयी मूर्ति देखी । देखा, प्रतिमाकी दाहिनी ओर भाग्यरूपिणी लक्ष्मी और बाईं तरफ विद्याविज्ञानमयी सरस्वती हैं । संगमे बलरूपी कार्तिकेय और कार्यसिद्धिरूपी गणेशजी विराजमान है ।

मालूम नहीं, कहाँसे फूल मिल गये। मैंने उस प्रतिमाके चरणोंमें पुष्पांजलि चढाई, और कहा—जय सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे! हमारे सब प्रयोजनोंको साधनेवाली! असंख्य सन्तानोंका पालन करनेवाली अन्नपूर्णे! धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष और कर्मफलरूप सुख-दुःख देनेवाली मैया! मेरी यह पुष्पाञ्जलि ग्रहण करो। भक्ति, प्रीति, प्रवृत्ति, शक्ति आदि पुष्पोंको हाथमें लेकर मैं यह श्रीचरणोंमे पुष्पाञ्जलि अर्पण करता हूं। तुम इस अनन्त जलमण्डलसे निकलकर एक बार जगतके-अपने पुत्रोंके आगे यह विश्वविमोहिनी मूर्ति प्रकट करो। आओ मैया, नवीन रंगमे रँगी हुई, नवीन बल धारण किये हुए, नवीन दर्पसे भरी हुई, नवीन स्वप्न देखती हुई मैया! आओ, घरमें आओ, हम तुम्हारे ३२ करोड सन्तान एक स्थानमें एक साथ ६४ करोड़ हाथ जोड़कर तुम्हारे श्रीचरणोंकी आराधना करेंगे। ३२ करोड़ कण्ठसे आकाशमण्डलको कँपाते हुए कहेंगे—"मैया जननि अम्बिके! धात्रि धरित्रि धन-धान्य-धारिणि! नगाङ्कशोभिनि! नगेन्द्रबालिके! शरत्सुन्दरि चारुपूर्णचन्द्रभालिके!" पुकारेंगे,—"सिन्धुसेविते सिन्धुपूजिते सिन्धुमन्थनकारिणि! शत्रुओंको मारनेके लिए दस भुजाओंमे दस शस्त्र धारण करनेवाली! अनन्त-श्रीसम्पन्ना अनन्तकालस्थायिनि! हे अनन्तशक्ति-प्रदायिनि, अपने सन्तानोंको शक्ति दो! हम तुमको क्या कहकर पुकारें मैया? हम इन ३२ करोड सिरोंको इन चरणोंके ऊपर गिरावेंगे, सब मिलकर ३२ करोड कण्ठोंसे तुम्हारा नाम लेकर हुंकार करेंगे, ३२ करोड़ शरीर तुमको अर्पण कर देंगे। न हो सकेगा तो ६४ करोड़ आँखोंसे तुम्हारे लिए रोवेंगे। आओ मैया, घरमें आओ, जिसके ३२ करोड़ बच्चे हैं उसे चिन्ता काहेकी?"

देखते-ही-देखते वह प्रतिमा उसी अनन्त कालसमुद्रमें डूब गई, फिर न देख पड़ी! अन्धकारमय आकाश तक वह तरंगपूर्ण जलराशि व्याप्त हो गई, उसीमें सारा विश्व-संसार डूब गया! तब मैं व्याकुलतासे आँखोंमें आँसू भरके हाथ जोड कर पुकारने लगा—"उठो मैया सुवर्णमयी भारतमाता! उठो मैया, अब हम सपूत होकर सुराहपर चलेंगे, तुम्हारा सिर ऊँचा करेंगे। उठो मैया, देवी, देवताओंपर अनुग्रह करनेवाली! अब हम नीच स्वार्थपरता छोड़कर भ्रातृवत्सल बनेंगे, औरोंका मंगल साधेंगे। अधर्म, आलस्य, इन्द्रियोंकी भक्ति छोड़ देंगे। उठो मैया, हम अकेले पड़े रो रहे हैं, रोते रोते आँखें फूटी जाती हैं, मैया! उठो उठो मैया, भारतमाता!

मैया नहीं उठीं ! क्या नहीं उठेंगी ?

आओ भाइयो, चलो, हम इसी अन्धकारमय काल-सागरमें कूद पड़े। आओ, हम सब ६४ करोड़ भुजाओंसे माताकी मूर्ति उठाकर, ३२ करोड़ सिरोपर लादकर, अपने अपने घर ले आवें। आओ, अन्धकार है तो डर क्या है ? ये जो नक्षत्र बीच बीचमें दिखलाई पडते है, वे ही राह दिखावेंगे। चलो, चलो, असंख्य भुजाओंसे इस काल-सागरको ताड़ित मथित और व्यस्त करके हम तैरेंगे, उस सुवर्णप्रतिमाको मस्तकपर रखकर ले आवेंगे। डर क्या है ? न होगा, डूब जायेंगे। बिना माताके यह जीवन किस कामका ? आओ, प्रतिमाको उठा लावें। पूजाकी बडी धूमधाम होगी। हम लोग उसी मातृपूजाके अवसरपर विरोध-बकरेको सत्कीर्तिके खड्गसे मैयाके आगे भेंट चढावेंगे (बलिदान करेंगे), पूर्व समयके कितने ही ऐतिहासिक शंख बजाकर माताका गुण-गान करेंगे। कितनी ही शहनाइयों भैरवी और सोहनीमें माताकी महिमा सुनावेंगी, और हम आनन्दविह्वल होकर नाचेंगे। पूजाकी बड़ी भारी धूम होगी, अनेकों ब्राह्मण विद्वान् जमा होंगे और कहेंगे जय अम्बे—अम्बिके—अम्बालिके—

शरणागतदीनार्त्तपरित्राणपरायणे।
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥

कितने ही देशी परदेशी सज्जन ऊँच नीच सब आकर मैयाके चरणोंमें प्रणाम करेंगे, कितने ही दीन दुखी प्रसाद खाकर पेट पालेंगे ! कितनी ही अप्सरायें नाचेंगी, गन्धर्वगण गायेंगे, कितने ही करोड़ भक्त गद्गद होकर पुकारेंगे—मैया ! मैया ! मैया !—

जय जयदात्री जय धात्री, जय दुर्गे दुर्गतिहर्त्री।
जय वरदायिनि जय सुखदे, जय भगवति मंगलकर्त्री॥
खल-दल-दलिनी शान्तिमयी, जय स्वर्णभूमि, जय सिन्धुसुते।
जन्मभूमि जय जय जय जननी, कोटि कोटि सन्तानयुते॥
चिदानन्द-जननी हे देवी, जगदम्बे आनन्दमयी।
पुत्रोंको ले लगा हृदयसे, जिससे हम हों जगज्जयी॥
पाप, ताप, भय, शोक मिटे भक्ति, शक्ति, उत्साह बढ़े।
राग, द्वेष, आलस्य, हटे, भ्रातृभावका रंग चढ़े॥

—श्री चिदानन्द चतुर्वेदी।

१२—एक गीत।

मैंने कहा—सुन श्यामा, तुझे एक गीत सुनाऊँ। श्यामा बोली, मुझे अभी गीत सुननेकी छुट्टी नही है, दूध दुहनेका समय हो आया है।

मैं—" आवहु आवहु बन्धु—"

श्यामा—छी छी! मै क्या बन्धु हूँ?

मै—हरि हरि! तुम 'साठा-पाठा,' बन्धु क्यों होने लगी? मेरे गीतमें है-" आवहु आवहु बन्धु बसिय आधे ऑचरमहँ"

मै गाने लगा, श्यामा भी दोहनी रखकर बैठ गई। मैंने आदिसे अन्त तक गीत गाया।—

आवहु आवहु बन्धु, बसिय आधे ऑचरमहँ।
दृग भरि देखहुँ आजु साधसों प्यारे, तुमकहँ॥
बहुदिनमहँ विधि दियो. बन्धु, तुमसम मनको धन।
तुम मेरे सरवस्व, तुम्हें दीन्हों मैं जीवन॥
मनिमानिक हो नहीं, गरेको हार करहुँ जो।
कुसुम नही हो, करि सिंगार मैं सीस धरहुँ जो॥
हे गुणनिधि! विधि कियो मोहि नहिं नारी सुन्दर।
तुम्हें साथ ले देश देशमें फिरतिउँ भूपर॥
आवति है जब याद बन्धुवर, मोहि तिहारी।
वृन्दावनकी ओर लखहुँ, सब सुरति विसारी॥
बिखरे बार न बॉधि, रसोईघरमहँ सोवहुँ।
तुव गुन गावहुँ बन्धु, धुऑको मिस करि रोवहुँ॥

हिन्दी भाषामें ऐसा ही और एक मोहनमन्त्र सुननेकी बड़ी ही साध है। जब पहले पहल यह गीत कान लगाकर जी भर कर सुना था, तब इच्छा हुई थी कि इस नील गगनमण्डलके तले एक साधारण पक्षी बनकर यही गीत गाऊँ, जी चाहा था कि उस विचित्र कल्पनाकुशल कविकी प्रकृति-वंशीमें यही स्वर फूँक दूँ, मेघोंके ऊपर जो शब्दशून्य वायुचक्र है, जहॉसे पृथ्वीका कोई दृश्य नहीं देख पड़ता, वहीं बैठकर उसी वंशीमें, अकेले यही गीत गाऊँ। यह गीत मुझे अब तक नहीं भूला, इसे कभी भूल भी नहीं सकूँगा।—

‘आवहु आवहु बन्धु*—’

लोगोंके मनमें क्या है, सो तो कुछ कह नहीं सकता, किन्तु मैं चिदानन्द चौबे नहीं समझता कि इन्द्रियकी तृप्तिमें भी कुछ सुख है। जिस पढपशुको इन्द्रियतृप्तिके लिए बन्धुको बुलानेकी उत्कण्ठा हो वह कभी चिदानन्दका चिट्ठा पढने न बैठे। मै विलासी आदमीके मुँहसे ‘आवहु आवहु बन्धु’ सुनना नहीं चाहता। ‘आवहु आवहु बन्धु’ का अर्थ संसारमे मुझे यही जान पड़ता है कि मनुष्य मनुष्यके लिए है–एक हृदय अन्यके हृदयके लिए है। वही हृदयसे हृदयका स्पर्श, हृदयसे हृदयका मिलना, मनुष्य-जीवनका सुख है। इस जन्ममे मनुष्यके हृदयको परखो। देखोगे, उसमे केवल प्यास है, चाह है अन्यहृदयकी कामना है। मनुष्यका हृदय निरन्तर दूसरे हृदयको पुकारता है, कहता है–‘आवहु आवहु बन्धु।’ मनुष्यकी बड़ी बडी वासनायें शरीररक्षाके लिए छोटी छोटी प्रवृत्तियोंमे कहती है--‘आवहु आवहु बंधु।’ तुम नौकरी करते हो अपने पेटके लिए, किन्तु यशकी चाह करते हो दूसरेका अनुराग-आदर पानेके लिए, जनसमाजके हृदयको अपने हृदयसे मिलानेके लिए। तुम जो परोपकार करते हो उसका कारण पराये हृदयके क्लेशका अपने हृदयमे अनुभव ही है। तुम जो क्रोध करते हो उसका कारण तुम्हारे मनके माफिक काम न होना ही है। हृदय हृदयसे नहीं मिलता, यही कारण है कि सर्वत्र ‘आवहु आवहु बधु’ की पुकार सुन पडती है। सब कर्मोका मूलमन्त्र यही ‘आवहु आवहु बधु’ है। जड जगत्का नियम है आकर्षण—अपनी ओर खीचना। बडे ग्रह छोटे ग्रहोको पुकारते है—‘आवहु आवहु बंधु।’ सौरपिण्ड (सूर्य-गोलक) बडे ग्रहोको पुकारता है ‘आवहु आवहु बधु।’ एक जगत् दूसरे जगतको पुकारता है ‘आवहु आवहु बन्धु।’ एक परमाणु दूसरे परमाणुको निरन्तर पुकारता है ‘आवहु आवहु बधु।’ सारे जडपिण्ड, ग्रह, उपग्रह, धूमकेतु सभी इस मोहनमन्त्रसे बँधे पड़े घूमते है। प्रकृति पुरुषको पुकार रही है ‘आवहु आवहु बधु।’ जगतकी यह गभीर ध्वनि बराबर सुनाई पड़ रही है ‘आवहु आवहु बंधु।’ चिदानन्दका बन्धु क्या कभी आवेगा ?

---

* इसी तरह सारे पद्यके खण्ड खण्ड करके उनकी व्याख्या की गई है, पाठकोंको मिलाकर देख लेना चाहिए।

'बसिय आधे ऑचरमहँ।'

इस घास-फूस और झाड़-झंखड़से भरे कड़े कण्टकोंसे अगम्य संसारके जंगलमें, हे मगलमय ! हे चिरवाञ्छित ! तुमको और क्या आसन दूँ, मेरे इस हृदयके पर्देपर बैठो। कंकड़ और कण्टकोंसे तुम्हे बचानेके लिए मैं अपने हृदयको उघाडता हूँ, मेरे ऑचलमे बैठो। हे मिलित ! जिससे मेरे मानकी–लज्जाकी रक्षा है, मेरे शरीरकी शोभा है, वह आधा तुम भी ग्रहण करो; आधे ऑचलमे बैठो। हे दूसरेके हृदय, हे सुन्दर, हे मनोरञ्जन, हे सुखद ! पास आओ, मुझे स्पर्श करो, मै तुमसे मिलूँगा। दूर न बैठना, इसी मेरे शरीरक आधे ऑचलमे बैठो। हे चिदानन्द ! हे दुर्विनीत ! हे आजन्मविवाह-वञ्चित ! तू इस आधे ऑचलको ढाकेकी 'कालापाढ़' साडीका ऑचल न समझना। तू जिस आधे ऑचलमे बैठेगा उसे बुननेवाला जुलाहा अभीतक पैदा ही नही हुआ। मनका नगापन ज्ञानके वस्त्रसे ढका हुआ है, आधे वस्त्रसे अपने हृदयको ढकना, और आधेमे अपने वाञ्छित बन्धुको बिठलाना। तू मूर्ख है, तथापि यदि कोई तुझसे भी बढ़कर मूर्ख हो, तो उससे कहना—
'आवहु आवहु बधु बसिय आधे ऑचरमहँ।'

'दृगभरि देखहुँ आजु साधसों प्यारे, तुमकहँ॥'

किसीने कभी देखा है? तुमने बहुत सा धन कमाया है—पर क्या कभी ऑख भरकर अपना धन देख पाया है? तुमने यशस्वी होनेके लिए जान लगा दी है, मगर अपने यशको देखकर कब तुम्हारे नेत्र तृप्त हो गये हैं? रूपकी प्यासमे तुमने सारा जीवन बिता दिया। जहॉ फूल खिलते हैं, फल हिलते हैं, पक्षी फिरते हैं, मेघ घिरते हैं, पहाडोंकी चोटियॉ हैं, बहती हुई नदियॉ है, झरनोंकी झनकार है, वसन्तकी बहार है, वही तुम रूपकी खोजमे फिरे हो। जहॉ बालक अपने प्रसन्न मुखको हिला हिलाकर हॅसता है, जहॉ कोई युवती लज्जाके मारे शिथिल शकित चालसे जाती है, जहॉ भरी जवानीमें पूर्णरूपसे खुली खिली हुई प्रौढा नारी, दुपहरियामे पद्मिनीकी तरह, बिना किसी सकोचके रूपकी छटा छिटकाती है, वही तुम रूपकी खोजमें फिरे हो; मगर बतलाओ, कभी ऑख भरकर रूप देखा है? तुमने क्या नहीं देखा कि फूल देखते ही देखते सूख जाता है, फल देखते ही देखते पक जाता है, फिर गिरता है और सड़ गल भी जाता है, पक्षी उड़ जाते हैं, मेघ विलीन हो जाते हैं, पहाड़ भूगर्भमे धॅस जाते हैं, नदियॉ सूख जाती हैं, चन्द्रमा अस्त हो जाता

है, नक्षत्र छिप जाते है—बालककी हँसीको राग हर लेता है, युवतीकी लज्जा सदा नहीं रहती, प्रौढाके रूपकी छटा दुपहरियाके साथ ही ढल जाती है। यह संसारका अभाग्य ही है कि कोई किसी चीजको आँख भरकर नहीं देख पाता।

अथवा, यही संसारका सौभाग्य है कि कोई कुछ भी आँख भरकर नही देख पाता। गति ही संसारका सुख है—चञ्चलता ही संसारकी सुन्दरता है। आँखे नहीं तृप्त होतीं। तृप्त होनेवाली आँखे हमको मिलती ही नहीं। मिलती तो संसार दु.खसे भर जाता, तृप्तिरूपिणी राक्षसी हमारे सारे सुखको ग्रस लेती। जिस कारीगरने इस परिवर्तनशील संसार, और इन तृप्त न होनेवाली आँखोंको बनाया है, उसकी कारीगरीके ऊपर कारीगरी, यह वासना है कि--' दगभरि देखहु आजु साधसो प्यारे तुमकहँ।'

हे रूप ! हे सौन्दर्य ! हे हमारी अन्त प्रकृतिके साथ सम्बन्धयुक्त ! पास आओ, आँख भरकर तुमको देखूं। दूर बैठोगे तो देख न सकूंगा। क्योंकि देखना केवल आँखोंसे नही होता। स्पर्श किये बिना या समीप आये बिना मनकी बिजली नहीं दौड़ती, हम लोग सारे शरीरसे देखते रहते है। एक मनसे दूसरे मनमें बिजली दौडती है, तभी आँख भरकर देखना होता है। हाय ! कैसे आँख तृप्त होगी ? आँखोमे तो पलके है !

' बहु दिनमहँ विधि दियो, बन्धु, तुमसम मनको धन।'

मुझे कभी कभी जान पडता है कि केवल दु खकी मापके लिए विधाताने 'दिन ' की सृष्टि की है, नही तो कालकी कोई माप न थी, मनुष्यका दुःख अपरिमित होता। हम लोग अब कह सकते है कि हम दो दिन, दो महीने, या दो वर्षसे दुख भोग रहे है। किन्तु यदि दिन-रातका हेर-फेर न लगा होता, समयपथ चिह्नशून्य होता, तो सबकी यही धारणा होती कि हम बहुत समयसे दु ख भोग कर रहे है। ऐसा होनेपर आशा पास न फटकती, कोई यह सोच न सकता कि इतने दिनोंके बाद दु.ख दूर होगा। जैसे, जिस मरु-मार्गमे वृक्षोकी छाया नही होती उसमें चलना कठिन हो जाता है, वैसे ही जीवन-पथ पार होना लोहेके चने हो जाता। जिन्दगी घोर कष्टका कारण बन जाती। अतएव इस विशाल विश्वके केन्द्र-स्वरूप सूर्यका मार्ग हमारे दुःखका 'मान-दण्ड' माना जासकता है। दिन गिननेमे सुख है। सुख होनेके कारण ही दुखिया लोग दिन गिना करते है। दुखमें दिन गिनना ही जी बहलानेका एकमात्र उपाय है। मगर ऐसे भी दुखी लोग हैं जो दिन नही गिनते; दिन

गिननेमें उनका जी नहीं बहलता। तब, भूलसे पृथ्वीपर पैदा हो जानेवाला मै चिदानन्द चौबे, किस लिए दिन गिनूँ? मेरे न सुख है, न आशा है, न उद्देश्य है, न कोई कामना है। मै इस संसार-सागरमे बहता हुआ एक तिनका, अथवा संसारकी आँधीमें उड़ता हुआ एक धूलका किनका, हूँ। मुझे संसार-वाटिकाका एक निष्फल वृक्ष, या संसार-गगनका जलहीन मेघ-खंड समझो। मै क्यो दिन गिनूँगा?

गिनूँगा। मुझे एक दु:ख, एक सन्ताप, एक भरोसा है। जिस दिनसे इन्द्रप्रस्थ-राजधानीसे 'पृथ्वीराज' का झंडा उखड गया, चित्तौरका 'प्रताप' नहीं रहा, उस दिनसे दिन गिन रहा हूँ। जिस दिन भारतमाताकी छातीपर यवनोके घोड़ोकी टाप बजी, उसी दिनसे दिन गिन रहा हूँ। हाय! कहाँ तक गिनूँगा? दिन गिनते गिनते महीना होता है, महीने गिनते गिनते वर्ष होता है, वर्ष गिनते गिनते शताब्दी होती है। शताब्दियाँ भी कई बीत गईं— कहाँ तक गिनूँ? कहाँ, बहुत दिनोंमे विधातासे मनका धन कहाँ मिला? जो चाहिए वह कहाँ मिला? मनुष्यत्व कहाँ मिला? एकजातीयता कहाँ मिली? एका कहाँ मिला? विद्या कहाँ है? गौरव कहाँ है? कालिदास कहाँ है? विक्रमादित्य कहाँ है? चन्द्रगुप्त कहाँ है? भगवान् बुद्धदेव कहाँ हैं? भगवान् शंकराचार्य कहाँ है? मनका धन क्या अब नही मिलेगा? हाय! सबके मनोरथ पूरे होते है, चिदानन्दका ही मनोरथ पूरा न होगा?

'मनिमानिक हौ नही, गरेको हार करहुँ जो।
कुसुम नहीं हौ, करि सिंगार मे सीस धरहुँ जो॥'

विधाताने जगत्‌को जड़पदार्थमय क्यो बनाया? रूप जड़ पदार्थ क्यो है? सभी शरीररहित क्यों न हुए? अगर होते तो हृदयसे हृदय कैसे मिलता? अगर रूपके लिए शरीरकी जरूरत थी, तो विधाताने तुम्हारा हमारा एक ही शरीर क्यों नहीं बनाया? ऐसा होता तो फिर वियोगका खटका ही न था। अब क्या हमारा तुम्हारा शरीर एक नही हो सकता? मेरे शरीरमें इतनी जगह है, उसमे कहींपर क्या मै तुमको रख नही सकता? तुमको गलेसे लगाकर, हृदयमे लटकाकर, नहीं रख सकता? हाय! तुम 'मनिमानिक हौ नहीं, गरेको हार करहुँ जो।'

और भारतभूमि! तुम्हीं मणि या माणिक क्यो न हुई? मैं तुम्हे हार बनाकर गलेमे क्यों न धारण कर सका? तुम्हें अगर कण्ठमे धारण करता, तो

जबतक मुसलमान मेरी छातीमें लात न मारते, तबतक उनके पैरोंकी धूल तुमको छू नहीं सकती थी। तुमको सोनेमें मढाकर हृदयमें रखकर देश देशमें दिखाता। यूरोप, अमेरिका, मिसर और चीन देखते कि तुम मेरी कैसी उज्ज्वल मणि हो।

'हे गुणनिधि! विधि कियो मोहि नहिं नारी सुन्दर।
तुम्हें साथ ले देश देशमहँ फिरतिउँ भूपर॥'

पहले बुलाना--' आवहु आवहु बंधु,' फिर आदर या प्यार—'बसिय आधे आँचलमहँ,' फिर भोग—' दग भरि देखहुँ आजु साधसों प्यारे तुम-कहँ।' तब सुखभोगके समय जो पूर्व-दुःखका स्मरण होता है उसका उदय— 'बहुदिनमहँ विधि दियो बन्धु तुम सम मनको धन।' सुख दो तरहका होता है, एक सम्पूर्ण, दूसरा असम्पूर्ण। असम्पूर्ण सुख जैसे--' मनिमानिक हौ नहो, गरेको हार करहु जो। कुसुम नही हौ, करि सिंगार मैं सीस धरहु जो।' इसके बाद सम्पूर्ण सुख, जैसे—'हे गुणनिधि! विधि कियो मोहि नहि नारी सुन्दर। तुम्हें साथ ले देश देशमहँ फिरतिउँ भूपर।'

असह्य सुखका सम्पूर्ण लक्षण है शरीरकी चञ्चलता और मनकी अस्थिरता। यह सुख कहाँ रक्खूं, लेकर क्या करूं, मै कहाँ जाऊँ, यह सुखका बोझा लेकर कहाँ उतारूं? इस सुखका बोझा लेकर मै देश देशमे फिरूंगा, यह सुख एक स्थानमे नहीं आ सकता। जहाँ जहाँ पृथ्वीमे स्थान है, वहाँ वहाँ सुखको लेकर जाऊँगा। इस जगत्-ससारको इस सुखसे भर दूंगा। संसारको इस सुखके सागरमे तैराऊँगा, एक मेरुसे दूसरे मेरु तक सुखकी तरंगे नचाऊँगा, आप गोते लगाकर, उतराकर, गिरकर, पडकर, उठकर, इसीमे दौडूंगा। परन्तु, इस सुखमे चिदानन्दका अधिकार नहीं है, इस सुखमे हिन्दूमात्रका अधिकार नहीं है। इस सुखमे क्या, सुखकी चर्चामात्रमे हिन्दुओका अधिकार नहीं है। गोपियोको दुःख था कि विधाताने उन्हें स्त्री क्यो बनाया, हमे दुःख है कि विधाताने हमे स्त्री क्यो न बनाया? अगर ऐसा होता तो यह सुख फिर किसीको नही दिखाना पड़ता।

सुखकी चर्चामें हिन्दुओका अधिकार नहीं है, किन्तु दुखकी बातोंमे है। कातरोक्ति कितनी ही गंभीर, कितनी ही हृदयविदारक क्यो न हो, वह हिन्दुओकी मर्मोक्ति है।–और कातरोक्ति कहाँ नहीं है? तुरतके पैदा हुए

पक्षीके बच्चेसे लेकर महादेवके 'सिंगीनाद' तक सभी कातरोक्ति है। जिसको सब सुख प्राप्त है, वह सुखी भी सुखके समय पहलेके दुःखोंकी याद करके कातरोक्ति करता है। अगर ऐसा न हो तो सुखकी सम्पूर्णता ही क्या हुई? दुःखकी यादके बिना सुखमें भी सम्पूर्णता नहीं है। सुख भी दुःखमय है—

'आवति है जब याद बन्धुवर, मोहि तिहारी।
वृन्दावनकी ओर लखहुँ, सब सुरत बिसारी॥
बिखरे बार न बाँधि, रसोईघरमहँ सोवहुँ।
तुम गुण गावहुँ बन्धु, धुआँको मिस करि रोवहुँ॥'

यह उक्ति सुख और दुःखके बीचकी सीमा-रेखा है। जिसके पिछले सुखकी याद होनेपर उस सुखके चिह्न अब भी देख पड़ते हैं, वह इस समय भी सुखी है, उसका सुख एकदम जड़मूलसे नष्ट नहीं हुआ। उसके बन्धु, उसके प्यारे, उसके इष्टमित्र चले गये हैं, किन्तु उसका वृन्दावन बना है। वह चाहे तो अपने उस सुखकी भूमि वृन्दावनकी ओर देख सकता है। हाँ, जिसका सुख गया है, सुखका चिह्न भी नहीं रहा, बन्धु चले गये हैं, वृन्दावन भी नहीं रहा, आँख उठाकर देखनेको जगह नहीं है, वही दुखिया है, अनन्त दुखसे दुखिया है। वह वैसा ही दुखी है, जैसे विधवा स्त्री अपने पतिकी पादुका खो जानेपर दुखी होती है।

मेरे इस भारतके सुखकी स्मृति है, मगर चिह्न कहाँ है? विक्रम, भोज, कालिदास, भवभूति, चन्द्रगुप्त, अशोक, शंकर, बुद्ध, दिल्ली, कन्नौज, चित्तौर आदिकी स्मृति है, मगर चिह्न कहाँ है? सुखकी याद आई, परन्तु देखूँ किस तरफ? वह दिल्ली कहाँ है? वह कन्नौज कहाँ है? वह चित्तौर कहाँ है? वह दिल्ली, वह कन्नौज, वह चित्तौर, इस समय भग्नावशेषमात्र रह गये हैं। आर्यराजधानी इन्द्रप्रस्थका चिह्न कहाँ है? आर्योंका इतिहास कहाँ है? जीवनचरित कहाँ है? कीर्ति कहाँ है? कीर्तिस्तम्भ कहाँ है? समरभूमि कहाँ है? सुख गया, सुखके चिह्न भी गये, बधु गये, वृन्दावन भी गया, देखूँ किस तरफ?

देखनेके लिए एक श्मशानभूमि है--इन्द्रप्रस्थ। वहींपर अधिकार करके यवनोंने भारतमातापर अपना सिक्का चलाया था। भारतमाताकी याद आनेपर मैं उसी श्मशानभूमिकी तरफ देखता हूँ। जब देखता हूँ कि उस राजधानीको घेरकर आज भी यमुना कलनाद करती हुई बह रही है, तब यमुनाको पुकार कर पूछता हूँ—"तुम हो, मगर वह राजलक्ष्मी कहाँ है? तुम

जिसके पैर धोती थीं, वह माता कहाँ है? तुम जिसको घेर-घेर कर नाचती थी, वह आनन्दमयी कहां है? तुम जिसके लिए विदेशोंसे धन लाद-कर लाती थीं, वह रत्नगर्भा कहाँ है? तुम जिसके रूपकी छायासे शोभा पाती थी वह अनन्तसौन्दर्यशालिनी त्रिभुवनसुन्दरी कहाँ है? तुम जिसके प्रसादी फूल पाकर इस स्वच्छ हृदयमें माला पहनती थीं वह पुष्पाभरणा कहाँ है? उस रूपको, उस ऐश्वर्यको, तुम कहाँ बहा ले गईं? विश्वासघातिनि, तुम क्यों फिर इस श्रवणमधुर कलनादसे मन बहलानेकी चेष्टा कर रही हो? मैं समझता हूं वह राजलक्ष्मी यवनोंके भयसे तुम्हारे ही गंभीर गर्भमें डूब गई है, और शायद वह हम कुपुत्रोंका मुख नहीं देखना चाहती, इसीसे डूबी हुई है। मन-ही-मन मैं उसी राजलक्ष्मीके डूबनेके दिनकी कल्पना करके रोता हूँ। मुझे स्पष्ट देख पडता है कि चमचमाते हुए बरछोंको ऊँचा किये यवनोंकी सेना दिल्लीमें आ रही है। समय आया देखकर दिल्लीसे भारतकी राजलक्ष्मी निकली जा रही है। सहसा आकाशमें अन्धकार छा गया, राजमहलका शिखर फट पडा। पथिकने भयभीत होकर रास्ता छोड दिया, सधवाओंके अंगोंसे अलंकार गिर पड़े, कुञ्जोंमें पक्षी चुप हो रहे, घरमें पलाऊ मोरोंका शब्द कण्ठका कण्ठमें ही रह गया। दिनको रात हो गई, बाजारके दीपक बुझ गये, मंदिरमें बजानेके समय शंख नहीं बजा, पण्डितने अशुद्ध मन्त्र पढ़ा, सिंहा-सनपरसे शालग्रामकी शिला लुढक पडी। सहसा जवानोंके शरीरसे शक्ति निकल गई, जवान स्त्री वैधव्यके भयसे रो उठी, बालक बिना किसी रोगके माकी गोदमें पडा पडा मर गया। बहुत ही गाढा घना-घना अन्धकार हर तरफ छा गया। आकाश, अटारी, राजधानी, राजमहल, सड़कें, देवमन्दिर, बाजार, हाट, सब कुछ उसी अन्धकारमें ढक गया। कुंजके किनारेकी भूमि, नदीका बालुकामय किनारा, नदीकी लहरें, सब कुछ उसी अन्धकारमें अस्पष्ट होते होते लीन हो गया। मैं इस समय भी अपनी आँखोंके आगे सब देख रहा हूँ। आकाशमें मेघ घिर आये हैं, वह राजलक्ष्मी सीढियाँ उतरकर जलमें उतर रही है। अन्धकारमें बुझते हुए प्रकाश-बिन्दुकी तरह, जलमें क्रमशः वह तेजकी राशि लीन हो रही है। अगर यमुनाके अथाह जलमें नहीं डूबी, तो मेरे देशकी राजलक्ष्मी गई कहाँ?

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

१३—बिलाव ।

—.०:—

मैं अपने सोनेकी कोठरीमें चारपाईपर बैठा हुआ ऊंघ रहा था। एक छोटा सा मिट्टीका दिया टिमटिमा रहा था। दीवारपर चंचल छाया प्रेतकी तरह नाच रही थी। भोजन अभी तैयार नहीं हुआ था, इसीसे मै आँखे बंद किये सोच रहा था कि अगर मै नैपोलियन बोनापार्ट होता तो वाटर्लूके संग्राममे विजय प्राप्त कर सकता या नहीं ? इसी समय एक छोटा सा शब्द हुआ--' म्याऊँ।'

आँखे खोलकर देखा—एकाएक कुछ समझमे नही आया। पहले जान पड़ा, ड्यूक आफ वेलिंगटन * एकाएक बिलाव होकर मुझसे दूधिया भंग माँगने आया है। मैने पहले तो पत्थरकी तरह कठिन होकर यो कहनेका विचार किया कि ड्यूक महाशय, आपको पहले ही उचित पुरस्कार दिया जा चुका है, अब और पुरस्कार नही दिया जा सकता। इसके सिवा अधिक लोभ करना अच्छा नही। इतनेमे ड्यूक बोला—' म्याऊँ।'

तब मैने अच्छी तरह आँखे फाड़कर देखा, वेलिंगटन नही, एक छोटा सा बिलाव है। श्यामा ग्वालिन मेरे लिए जो दूध रख गई थी, उसे आप चुप-चाप चाट गये है। मै उस समय वाटर्लूके मैदानमे व्यूह-रचना (सेनाकी मोर्चेबदी) करनेमे लगा हुआ था, कुछ देखा नही। अब इस समय बिलाव-राम मलाईदार दूधकी तरावटसे तृप्त होकर अपने मनका आनन्द दृश्य जगतमे प्रकट करनेके लिए अत्यन्त मधुर स्वरसे कह रहे है—' म्याऊँ।' मै शब्दशास्त्रके प्रमाणसे तो नही सिद्ध कर सकता, परन्तु मुझे जान पड़ा कि उसके इस ' म्याऊँ ' शब्दमे व्यंग अवश्य है। शायद बिलाव मन-ही-मन हँसता हुआ मेरी तरफ देखकर कहता था कि " कोई जोडे और कोई खाय।" अथवा वह मेरा इरादा जाननेके लिए म्याऊँ म्याऊँ कर रहा था। जान पड़ता है, वह यह कहता था कि " तुम्हारा दूध तो मैं पी गया—अब क्या कहते हो ? "

---

* अँगरेज सेनापति, जिसने वाटर्लूके युद्धमें नेपोलियनको हराया था।

कहूँ क्या ? मै तो कुछ निश्चय नहीं कर सका। दूध मेरे बापका नहीं था। दूध था मंगला गऊका, और उसे दुहा था श्यामा ग्वालिनने। बस, उस दूध-पर जैसे मेरा अधिकार है वैसे ही बिलावका भी। इसी कारण मै उसपर क्रोध नहीं कर सकता। तथापि बहुत दिनोंसे एक प्रथा चली आती है कि बिल्ली दूध पी जाय तो लोग उसे मारने दौडते है। चिरकालसे चली आई इस चालको न मानकर मै मनुष्यकुलमे कलंक भी नहीं बनना चाहता। क्या जाने, यह बिलाव अपनी मण्डलीमे जाकर चिदानन्द चतुर्वेदीको कायर कहने लगे, इस कारण मर्दोंके योग्य काम ही करना चाहिए। यह निश्चय कर, बहुत खोजनेपर पाई हुई एक टूटी लकड़ी ले, गर्वके साथ मैं उस बिलावको मारने झपटा।

बिलाव चिदानन्दको पहचानता था, लकडी देखकर वह कुछ विशेष भय-भीत नही हुआ। केवल मेरी ओर देखकर एक जम्हाई लेकर जरा हट बैठा। बिलावने फिर कहा—'म्याऊँ।' उस समय भंग भगवतीकी कृपासे मुझे दिव्य कान मिल गये। तब बिलावका प्रश्न समझ कर लकडी रखकर मै फिर पलँगपर आकर लेट रहा।

बिलाव कह रहा था कि "मारपीट क्यो करते हो ? जरा स्थिर होकर हुक्का पीते-पीते विचार तो करो। ससारके सब रस, दूध, दही, मक्खन, मलाई, मोहनभोग, मास, मछली आदि पदार्थ क्या तुम्हारे ही लिए है ? क्या हमारा उनपर कुछ भी अधिकार नही है ? तुम मनुष्य हो, हम बिलाव है, पर हममे तुममें अन्तर क्या ? तुम्हारे भूख प्यास है, हमारे भी है। तुम खाते हो, हम कोई आपत्ति नही करते, तो फिर हमारे कुछ खा-पी लेनेपर तुम किस शास्त्रके अनुसार लाठी लेकर मारने दौडते हो ? तुमको हम लोगोसे कुछ उपदेश ग्रहण करना चाहिए। मेरी समझमे विज्ञ चौपायोंसे सीखे बिना तुम्हारा ज्ञान बढ़ नही सकता। तुम्हारे विद्यालयोंको देखनेसे जान पड़ता है कि इतने दिनोके बाद तुम मेरे इस सिद्धान्तको मानने लगे हो।

"देखो, पलँगपर लेटनेवाले आदमी, धर्म क्या है ? परोपकार करना ही परम धर्म है। यह दूध पीनेसे मेरा परम उपकार हुआ है। तुम्हारे दूधसे यह परोपकार हुआ—अतएव तुम इस परमधर्मके भागी हुए। मैंने चोरी

की या जो चाहे किया, किन्तु तुमको स्मरण रहे कि मै ही तुम्हारे इस धर्म-संचयका मूल कारण हूँ। इस लिए मुझे मारनेका इरादा छोड़कर तुमको मेरी बढ़ाई करनी चाहिए। मै तुम्हारे धर्मका सहायक हूँ।

"देखो, मैं चोर हूँ सही, किन्तु सोचो तो, मै क्या शौकसे चोरी करता हूँ? खानेको मिले तो कौन चोरी करेगा? देखो जो बड़े भारी साधु-सज्जन ईमानदार समझे जाते है, जो चोरके नामसे कॉप उठते हैं, वे चोरोंसे भी बढकर अधार्मिक हैं। उन्हे चोरी करनेकी जरूरत नहीं, इसीसे वे चोरी नही करते। किन्तु उनके पास आवश्यकतासे अधिक धन होनेपर भी वे चोरकी तरफ आँख उठाकर नही देखते। इसीसे चोर चोरी करता है। अधर्म चोर नही करता, चोर जो चोरी करता है उस अधर्मका भागी धनी सूम है। चोर दोषी है, चोरको दण्ड होता है, किन्तु चोरीकी जड़ जो कृपण है, उसे क्यो नहीं दण्ड दिया जाता?

"मैं एक दीवारसे दूसरी दीवारपर म्याऊँ--म्याऊँ करता फिरता हूँ, तो भी कोई एक टुकड़ा रोटी मुझे नही देता। लोग आगेका बचा हुआ अन्न कुत्तोको दे देते है, नालियोमे फेक देते है, मगर हम लोगोंको बुलाकर नहीं देते। तुम्हारा तो पेट भरा है, तुम हमारी भूखका कष्ट कैसे जान सकते हो? हाय! गरीबमे सहानुभूति दिखानेमे क्या कुछ तुम्हारा गौरव घट जायगा? इसमे सन्देह नही कि मुझ सरीखे दरिद्रकी व्यथामे व्यथित होना लज्जाकी बात है। जो लोग कभी अधे अपाहिजको मुट्ठी भर अन्न नही देते, उन्हे भी यदि किसी राजा या सेठ--साहूकारपर कोई सकट आपडे तो रातभर नीद नही आती। इस प्रकार पराई व्यथामे व्यथित होनेके लिए सब राजी होगे। लेकिन मुझ सरीखे साधारण आदमीके दुखमे दुखी—छी!--कौन होगा?

"देखो, यदि अमुक महामहोपाध्याय या तर्कचूडामणि अथवा न्याया-लङ्कार तुम्हारा दूध पी जाते, तो क्या तुम लाठी लेकर उन्हे भी मारने दौड़ते? नही, उलटे हाथ जोड़कर कहते कि "क्या और थोडा सा ले आऊँ?" फिर प्रभो, मेरे लिए यह लाठी क्यो? तुम कहोगे कि वे बडे बडे पंडित है—मान्य हैं। अच्छा, पण्डित या मान्य होनेके कारण क्या उनको हमसे अधिक भूख लगती है? यह बात तो नही है। जिसे जरूरत नहीं उसे देनेका मनुष्य-जातिको रोग है। गरीब मुफलिसको कोई नही देता। जो खानेके लिए आग्रह करनेसे 'नही नहीं' करें, उनके लिए तो जबर्दस्ती

भोजनका प्रबन्ध करो, और जो भूखसे व्याकुल होकर बिना बुलाये ही तुम्हारा अन्न खा जायें उन्हें चोर कहकर दण्ड दो !—छी-छी !

"देखो, हमारी दशा देखो, हम घर-घर, डगर-डगर, दीवार-दीवार, और आँगन-आँगन म्याऊँ म्याऊँ करते और दीन दृष्टिसे चारो तरफ देखते फिरते हैं, कोई हमको रोटीका टुकड़ा नहीं फेंक देता। हाँ, अगर कोई बिलाव तुम्हारे यहाँ पलाऊ हो जाता है, तो उसकी चैनसे गुजरने लगती है। वह वैसा ही हृष्टपुष्ट हो जाता है जैसे किसी बुड्ढेके घर रहनेवाला उसकी जवान स्त्रीका भाई, अथवा मूर्ख मोटेमल रईसके पास रहनेवाला शतरञ्ज ताश वगैरहका खिलाडी मुसाहब। उन बिलाओंकी दुम फूल उठती है, शरीरमें रोएँ भरे रहते हैं। उनके रूपकी छटा देखकर बहुत से बिलाव कवि हो उठते हैं।

"और हमारी दशा देखो, भोजन न मिलनेके कारण पेट पीठमें लग गया है, हड्डियाँ देख पडती है, जीभ बाहर निकल रही है, पूँछ गिरी पड़ती है। निरन्तर भूखके मारे पुकारा करते हैं 'म्याऊँ ?' (अर्थात् मैं आऊँ ?) खानेको नहीं मिला—'म्याऊँ ?' भैया, हमारा काला चमड़ा देखकर हमसे घृणा न करो। इस पृथ्वीके पदार्थोंपर हमारा भी कुछ अधिकार है। खानेको दो, नही तो चोरी करेंगे। हमारे काले चमड़े, सूखे मुख, क्षीण और करुणापूर्ण म्याऊँ—म्याऊँ शब्दको सुनकर क्या तुमको दुःख नही होता? दया नही आती ? चोरके लिए दण्ड है, तो क्या निर्दयी निठुरके लिए दण्ड नही है ? दरिद्र पुरुष यदि अपने लिए आहार जुटावे तो उसके लिए दण्ड है, फिर धनी आदमी कृपणता करे तो उसको दण्ड देनेकी व्यवस्था क्यों नही ? तुम चिदानन्द, दूरदर्शी और समझदार हो, क्यो कि भंग भवानीके अनन्य उपासक हो। तुमको भी क्या यह बतलाना पड़ेगा कि रईसोंके दोषसे ही गरीब चोरी करते हैं ? पाँच सौ गरीबोंको वंचित कर उनका भोजन अपने यहाँ बापके मालकी तरह रख लेनेका धनियोंको क्या अधिकार है ? और यदि रईस या धनी ऐसा करता है तो फिर वह भोजन दरिद्रोंको बाँट क्यों नही देता ? अगर वह नहीं देता, तो दरिद्र लोग जरूर ही उसमेंसे चुराकर खायेंगे। क्यो कि भूखों मरनेके लिए इस पृथ्वीपर कोई नहीं आया।"

बिलावके वाक्य मुझे असह्य हो उठे। मैंने कहा—"ठहरो ठहरो, बिलाव पण्डित, तुम्हारी बातें भारी बोलशेविज्मसे भरी हैं ! इनसे समाजमें उलट-

पलट हो जायगा! जिसकी जितनी क्षमता है वह उतना धनसञ्चय न कर सकेगा, या चोरोके उत्पातसे सुखपूर्वक उसका उपभोग न कर सकेगा, तो फिर कोई धनसञ्चयकी चेष्टा ही न करेगा। और इससे समाजकी आर्थिक उन्नतिमे या धनवृद्धिमे बाधा पड़ेगी।"

बिलावने कहा—"आर्थिक उन्नति या धनवृद्धि न होगी तो हमको क्या? समाजकी धनवृद्धिका अर्थ हुआ धनीके धनकी वृद्धि। अच्छा, धनीका धन नहीं बढा तो उससे दरिद्रकी क्या हानि हुई?"

मैने समझाकर कहा—"सामाजिक धनवृद्धिके सिवा समाजकी उन्नति नहीं हो सकती।"

बिलावने क्रोध करके कहा—"मुझे अगर खानेको न मिले तो फिर मै तुम्हारी समाजकी उन्नति लेकर क्या करूंगा?"

बिलावको समझाना कठिन हो गया। जो विचारक या नैयायिक होता है उसको कभी, कोई भी, कुछ भी नही समझा सकता। यह बिलाव विचारक तो है ही, तार्किक भी बडा प्रबल है। इसीसे उसे मेरी बात न समझनेका अधिकार है। तब मैने क्रोध न करके कहा-"हो सकता है कि समाजकी उन्नतिमे गरीबका कुछ स्वार्थ न हो, लेकिन धनियोका तो उसमे विशेष स्वार्थ है। अतएव चोरको दण्ड देना कर्तव्य है।"

तब फिर बिलावरामने कहा--"आप चोरको फाँसी दीजिए, इसमे भी हमको आपत्ति नही, किन्तु उसके साथ ही एक और नियम बनाइए। अर्थात् जो विचारक चोरको सजा दे, वह पहले तीन दिन तक भूखा रहे। इसपर अगर विचारकको चोरी करके खानेकी इच्छा न हो तो वह खुशीसे चोरको फाँसीपर चढवा दे। तुमने मुझे मारनेके लिए लाठी तानी थी, तुम आजसे तीन दिन तक लघन करो। इन तीन दिनोमे अगर तुम रसिकबाबूकी रसोईमे न पकड़े जाओ तो मुझे जी भरके मार लेना, मै चूं नहीं करूंगा।"

चतुर लोगोंकी राय यह है कि यदि विचारमे हार जाय तो गंभीर भावसे उपदेश करने लग जाना चाहिए। मै इसी प्रथाके अनुसार कहने लगा--"देखो बिलाव, तुम्हारी ये बातें बिल्कुल नीतिविरुद्ध हैं, इनकी चर्चा करनेमे भी पाप है। तुम इन सब ससारकी चिन्ताओंको छोड़ कर धर्म-कर्ममे मन लगाओ। तुम अगर चाहो तो मै तुमको 'न्यूमेन' और 'पार्कर' के ग्रन्थ

दे सकता हूँ। और चिदानन्द चतुर्वेदीका चिट्ठा पढ़नेसे भी तुम्हारा बहुत कुछ उपकार हो सकता है। और कुछ हो या न हो, भंग-भवानीकी असीम महिमा अच्छी तरह तुम्हारी समझमें आ जायगी। अब तुम अपने भवनको सिधारो। श्यामा ग्वालिनने कल कुछ 'खोया' देनेके लिए कहा है। सबेरे जलपानके समय आना। हम तुम दोनोंका साझा रहा। आज किसीकी हाँड़ी न चाटना। अगर बहुत भूख लगे तो फिर आ जाना, थोड़ीसी भंगकी गोली दे दूँगा।"

बिलावने कहा—"भंगकी मुझे जरूरत नहीं। रही हाँड़ीपर हाथ सफा करनेकी बात, सो इसका विचार भूख लगनेपर उसीके अनुसार किया जायगा।"

बिलाव बिदा हो गया। उस समय यह सोचकर मुझे बड़ा ही आनन्द हुआ कि आज मैं एक पतित आत्माको अन्धकारसे प्रकाशमें ले आया!

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

१४–ढेंकी ।

—✣—

मैं क्या सोचता हूं ? यही सोचता हूँ कि अगर पृथ्वीपर ढेंकी न होती, तो मैं खाता क्या ? चिड़ियोंकी तरह खलिहानमे बैठकर धान खाता ? या, कान और पूंछ हिलाकर गजेन्द्रगामिनी गऊकी तरह मड़ाईमे मुंह डालता ? निश्चय, यह तो मै न कर सकता, नौजवान काला काला नगा धड़गा किसान आकर मेरी पसलियोंमें डंडा मारता और मैं दुम दबाकर सीग हिलाकर जान बचाकर चट पट वहॉसे भागता । किन्तु आर्य-सभ्यताकी अनन्त महिमाके कारण यह भय नही है । ढेकी है, धान कुटकर चावल होते है । मै इस परोपकारनियत ढेकीको आर्यसभ्यताका एक विशेष फल समझता हूं । इसके आगे आर्योंके साहित्य और दर्शनको मै कुछ नही समझता । रामायण, कुमारसम्भव, पाणिनिका व्याकरण और पतञ्जलिका भाष्य, इनमेसे कोई भी धानको चावल नही कर सकता । ढेकी ही आर्य-सभ्यताका मुख उज्ज्वल करनेवाला पुत्र, श्राद्धका अधिकारी है, नित्य पिण्डदान करता है । क्या जहॉ धान कूटे जाते है, केवल वहां ? समाजमे, साहित्यमे, धर्मसस्कारमे, राजसभामे—कहॉं नही ढेकी आर्यसभ्यताका मुख उज्ज्वल करनेवाला पुत्र—श्राद्धका अधिकारी—है ? कहॉ नही वह नित्य पिण्डदान करता ? दुःख केवल इतना ही है कि इतनेपर भी आर्यसभ्यताकी मुक्ति नही हुई, आज भी वह ‘भूत’ रूपमे बनी हुई है । आशा है कोई ढेंकी शीघ्र ही उसकी ‘गया’ करेगी ।

ढेकीके इस अपरिमित माहात्म्यका कारण खोजनेके लिए मुझे बड़ी उत्सुकता हुई । यह बीसवीं शताब्दी है, वैज्ञानिक समय है, कारणका अनुसन्धान करना ही पडता है । ढेकीमे कहॉसे यह कार्यदक्षता आई ? उसमे यह परोपकारबुद्धि कैसे आई ? इस Public Spirit (सार्वजनिक सेवाके लिए उत्साह) का कारण क्या है ? हमारे शास्त्र कहते हैं कि ‘नावस्तुना वस्तुसिद्धिः ।’ अ-वस्तुसे वस्तुकी सिद्धि नही होती । यह कार्यदक्षता—पब्लिक स्पिरिट—बिना कारणके नहीं है । कारणका पता लगानेके लिए मैं वहॉ गया, जहॉं ढेंकीमें धान कुटते थे ।

देखा, ढेंकी गढ़ेमे गिरती है। बूँदभर भी मदिरा नहीं पी, तथापि बारबार गढेमें गिरती है, उठती है, फिर गिरती है; दम भरका विश्राम नहीं है। मैंने सोचा कि बार बार गढेमे गिरना ही क्या इसके इतने माहात्म्यका कारण है? ढेंकीके यह परोपकारबुद्धि क्या गढेमे गिरनेहीसे है? इसमें इतनी Public Spirit क्या बार बार गिरने-पड़नेहीसे पैदा हुई है? नहीं, यह कभी हो नहीं सकता। क्यों कि हमारे अमुक रईस भी तो दोवक्ता कलवरियाकी नालीमें पड़े रहते हैं, किन्तु कहो, उनमे तो कुछ Public Spirit नहीं है। कलवरियाके बाहर तो उनके हाथो कुछ भी परोपकार होता नहीं देख पडता। और भी—छिपानेकी क्या जरूरत है?–मै, श्रीचिदानन्द शर्मा, खुद एक दिन गढेमे गिर पड़ा था। लेकिन अगूरी रसके सेवनसे मुझे उस लोककी प्राप्ति नहीं हुई, उसका कारण कुछ और ही था। गोपांगना-कुलकलकिनी श्यामा ग्वालिनने एक दिन अपनी गऊ मंगलाको खोल दिया। खोलते ही वह पूँछ उठाकर सीग झुकाकर दौडी। कह नहीं सकता क्या सोचकर मंगला दौड़ी, स्त्रीजाति और गोजातिके दिलका हाल कौन बता सकता है! किन्तु मुझको देख पड़ा कि मै ही उसके दोनों सीगोका निशाना हूँ। तब मै कमरमे फेंट कस कर दर्पके साथ सिरपर पैर रखकर सरपट भागा, पीछे पीछे वह घडे घड़े भरके थनोंवाली भयानक राक्षसी थी। मै भी जितना दौडता था, वह भी उतनी ही दौड़ती थी। फल यह हुआ कि मै एक जगह औचट चपेट खाकर, लुट़कते लुढकते एकदम विवर-लोकमे दाखिल हो गया। "बिखरे केशकलाप साँस हू कटै न मुखसौं।" हाय! उस समय मेरे हृदयाकाशमे Public Spirit रूपी पूर्णचन्द्रका उदय क्यो नही हुआ? हुआ तो जरूर था। उस समय मैंने सिद्धान्त किया कि अगर पृथ्वीपर एक भी गऊ न रहे, और नारियल, ताड, खजूर आदि पेड़ोंसे दूध निकला करे, तो इस दुग्धपोष्य हिन्दूजातिका विशेष उपकार हो। ये लोग सींगकी चपेटसे बे-खटके हो कर दूध पिया करे। उस दिन उस गढेमे गिरनेके कारण मेरी परहितकामना इतनी प्रबल हो उठी कि मैंने दूसरे समय श्यामा ग्वालिनसे कहा—"अयि दधि-दुग्ध-क्षीर-नवनीतपरिवेष्टिते गोपकन्ये! तुम अपनी गऊ भैसोंको बेच डालो, और खुद भूसी खली खाया करो। तुम खुद बहुतसे दुधमुँहोंको पाल सकोगी। मगर किसीको लतियाना नहीं।" इसके जवाबमे श्यामाने झाड़ू उठाई और लाचार मुझे भी उस दिन परहितव्रत त्याग करना पड़ा।

अब आप ही बताइए, परहितकामना, देशभक्ति, 'सार्वजनिक सेवाके लिए उत्साह' अर्थात Public Spirit और खासकर कार्यदक्षता, ये सब बाते गढ़ेमे गिरनेसे होती है या नही ? अगर नहीं होती, तो ढेकीके यह कार्यनिपुणता, यह महाबल कहाँसे आया ? मै इसी कूट तर्ककी मीमांसाके लिए सन्देहके साथ सोच विचार कर रहा था, इसी समय मधुर कंठमे किसीने कहा— "क्यों जी, मुँह बाये क्या सोच रहे हो ? तुमने क्या कभी ढेकी नहीं देखी ?"

आँख उठाकर देखा, कामिनी और दामिनी दो बहने ढेंकीपर धमाधम उचक रही है। अब तक उधर देखनेकी फुर्सत ही नही मिली थी। एक अंधा आदमी हाथी देखने गया और वहाँ उसने केवल हाथीकी सूँड ही देख पाई। मै भी ढेकी देखने गया, मगर अब तक केवल ढेंकीकी सूँड देख रहा था। पीछेकी तरफ दो श्रीमतियोके श्रीचरण ढेंकीकी पीठपर धमाधम पड़ रहे थे— यह देखकर भी मैने नहीं देखा था। देखते ही जैसे किसीने मेरी आँखोपरका टोप उतार लिया।

मुझमे दिव्य ज्ञानका उदय हो आया, कार्य-कारण सम्बन्धकी परम्परा मेरे आँखोके आगे दुपहरियाके प्रखर प्रकाशमे प्रकट हो आई। यही तो ढेकीका बल है ! यही तो ढेकीके माहात्म्यका मूल कारण है ! यही रमणीपादपद्म धमाधम पीठपर पड रहा है, और ढेकी धान कूट कर चावल निकाल रही है ! उठती है, पडती है, ढक-ढक कच-कच करती है, मगर चरणकी चोटसे काम करना ही पड़ता है ! न जाने कितना परोपकार कर डालती है ! हाय ढेकी ! उन पैरोंमे ऐसा क्या गुण है कि उनको अपनी पीठपर पाकर तू करोड़ो मनुष्योंको अन्न देती है ? और देवताओंको भोग अलगसे । आओ सुन्दरियोके श्रीचरणो, तुम अच्छी तरह ढेंकीकी पीठपर ताण्डव नृत्य करो, मै कृतज्ञता-पाशमे बँधकर तुमको—हाय ! क्या करूँ ?—'डायमण्ड कट' की झाँझें पहनाऊँ !

और भाई ढेंकीवृन्द ! मै तुम्हारी विद्या बुद्धि सब समझ गया । जब पीठ पर रमणीपादपद्म उर्फ औरतोकी लाते पडती है, तभी तुम धान कूटते हो, नहीं तो केवल काठ हो, जड़ हो, गढ़ेमे सिर डालकर पूँछ उठा कर पड़े रहते हो। तुम्हारी विद्या है केवल गढ़ेमे पडा रहना, तुमको आनन्द है केवल मुँहभर चावल पानेमे, और तुम्हारा पुरस्कार है केवल वे ही रंगीन

और कोमल श्रीचरण। और सुन पड़ता है, तुम लोगोंमें एक विशेष गुण है। घरमें रह कर क्या तुम बीच बीचमें ‘ मगर ’ हो जाते हो ? और भाई ढेंकी, और एक बात पूछता हूँ । सुना है, बीच बीचमें तुम्हें स्वर्गमें भी जाना होता है।* सचमुच क्या वहाँ जाकर भी धान कूटने पड़ते हैं ? देवता लोग अमृत पीते हैं, कल्पवृक्षपर चढते है, अप्सराओंके साथ क्रीडा करते हैं, मेघकी सवारीपर हवा खाने निकलते है, रति और कामदेवके साथ ‘ लुकी-लुकइया ’ खेलते है—तुम क्या तब तक केवल ‘ घिचिर घिचिर ’ करके धान ही कूटती रहती हो ? धन्य है भाई तुम्हारा साहस !

ढेंकीने कुछ उत्तर न दिया, केवल धान कूटती रही । मैं खफा होकर वहाँसे चला गया। कहाँ ? अपने ‘ आनन्द-कुटीर ’ मे । आप जानते है, आनन्द-कुटीर क्या है ? स्वर्गीय रसिक बाबू इस समय धान कूटने चले गये है। नन्दो नाइन एक खंडहर हाता छोड़ कर स्वर्गको सिधार गई है। उसका कोई उत्तराधिकारी उसके वियोगकी व्यथा सहनेके लिए पृथ्वीपर मौजूद नहीं है। उस हातेकी ऐसी हालत है कि और किसीने उसपर नेक-नीयतीकी नजर नहीं डाली, लाचार मैने ही उसमे अपना आनन्द-कुटीर बना डाला। वह केवल श्रीचिदानन्दका कुटीर नही है, साक्षात् सच्चिदानन्दका मन्दिर है । मैं वहीं चारपाईपर लेट कर भगका गोला गलेके नीचे उतार गया—एकदम सटसे पेटके भीतर ! तबियत तर हुई । थोडी देरके बाद समाधि लगने लगी—आँख बद होते ही ज्ञाननेत्र खुल गये । मैंने देखा, यह सारा ससार ढेंकीशाला है । बड़ी बडी इमारतें, बैटकखाने, राजमहल सब ढेंकीशाला है—उनमें बडी बडी ढेंकियाँ गढेमें मुँह डाले खडी या पड़ी हुई है। कहीं जमींदाररूपी ढेंकी प्रजाके हृदयपिण्डको गढेमें कूटकर उससे नये निर्ख-रूपी चावल निकाल सुखसे पका कर अन्नभोजन कर रहे है । कहीं आईन बनानेवाले ढेंकीरूपसे मिनिट रिपोर्टकी राशिको गढेमें कूटकर उससे निकालते है नये नये आईन-कानून । विचारकरूप ढेंकी उन्हीं आईनोंको गढेमें पीस कर निकालते है मोहताजी, जेलखाना, धनीके धनका अन्त और भले मानसका प्राणान्त । बाबूरूप ढेंकी, बोतलके गढेमे पिताके धनको कूटकर, निकालते है पिलही और तिल्ली । बाबुओंकी ढेंकियाँ, एकादशी आदि व्रतोंके

---

* बगालियोमे ढेंकी नारदका वाहन प्रसिद्ध है ।

गढ़ेमे सारी आमदनी कूटकर, निकालती है अनाहार ! सबसे अधिक भयानक यह देखा कि लेखकरूपी ढेंकी, साक्षात् माता सरस्वतीके सिरको छापेके गढ़ेमें कूटकर, निकालते है स्कूल-बुक्स, उपन्यास और टका-सेरकी हिन्दी कवितायें !

देखते देखते देखा कि मै भी एक भारी ढेकी हूँ । आनन्द-कुटीरमे लंबा लंबा लेटा हुआ नशेके गढेमे मनोवेदनारूप धान कूट कर चिट्ठारूपी चावल निकाल रहा हूँ । मन-ही-मन मुझे अहकार हुआ, ऐसे चावल तो और किसीके नही निकलते । तब इच्छा हुई कि ये चावल तो मनुष्यलोकके लायक नही है, मैं स्वर्गमे जाकर धान कूटूँगा । उसी समय मनोरथके रथपर चढकर स्वर्ग पहुँचा। मैने स्वर्गमे जाकर देवराज पुरन्दरको प्रणाम करके कहा-"हे देवेन्द्र ! हे पुरन्दर ! मै श्रीचिदानन्द ढेकी हूँ, स्वर्गमे धान कूटूँगा।"

इन्द्रने कहा—"हर्ज क्या है ? क्या कुछ पुरस्कार भी चाहिए ?"

मैने कहा—" उर्वशी, मेनका, रभा । "

इन्द्रने कहा—" उर्वशी या मेनका नहीं मिलेगी । और तीसरा नाम जो तुमने लिया (रभा), वह तो मनुष्यलोकमे—कलकत्तेमे ही पैसेकी आठ आठके हिसाबसे मिल सकती हैं।"

मै बडा मुहफट हूँ, मैने कहा--" क्या देवताजी केला ? वह तो आजकल मनुष्योंको मिलता ही नहीं, देवोंके ही काम आता है।"

सन्तुष्ट होकर इन्द्रने मुझे एक सेर अमृत और एक घंटेके लिए उर्वशीका गाना बखशिस किया। इतनेमे सचेत होकर मैने देखा, पास ही एक मटकीमे सेर भर दूध रक्खा हुआ है, और श्यामा खड़ी हुई चिल्ला रही है-- 'नशाखोर, बेहया, पेटू' इत्यादि इत्यादि । मैने उर्वशीसे कहा--'बाईजी, एक घंटा हो गया, अब बन्द करो।'

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी ।

चिदानन्दकी चिट्ठियाँ।

१—क्या लिखूँ?

पूज्यपाद श्रीयुक्त वंगदर्शन-सम्पादक महोदयके श्रीचरण-कमलोंमें।

मेरा नाम है श्रीचिदानन्द चौबे, मैं पहले श्री--श्री--आनन्दकुटीरमें रहता था। मैं आपको प्रणाम करता हूँ। मुझसे और आपसे कभी साक्षात्—भेट—मुलाकात नहीं हुई, तो भी देखता हूँ कि आपने अपने गुणसे मेरा विशेष परिचय प्राप्त कर लिया है। मैं पहले ही समझता था कि लाला मदारीलाल खुशनवीस एक बेईमान आदमी है। मैं अपना चिट्ठा उसके पास *अमानत रखकर तीर्थयात्रा करने चला गया।* उसने यह सुअवसर पाकर वह चिट्ठा आपके हाथ बेच डाला। बेचनेकी बात आपने नहीं स्वीकार की, किन्तु मैं जानता हूँ कि लाला मदारीलाल, बिना दामके, शालिग्रामको तुलसी या महादेवको लोटा भर जल भी अर्पण नहीं करता, तब सभव नहीं कि श्री-चिदानन्दका चिट्ठा उसने आपको मूल्य लिये बिना अर्पण कर दिया हो। इस जालसाजीका हाल पहले मुझे नहीं मालूम था। अकस्मात एक दिन एक जोडा जूता खरीदनेमें सब हाल मालूम हुआ। जूतेका जोडा एक अखबारके टुकडेमें बँधा था। देखकर मैंने सोचा, किसका ऐसा सौभाग्य उदय हुआ कि उसकी रचना श्रीमान् चिदानन्द चौबेके चरणोके जूतोंको चूम कर धन्य हुई! मैंने कहा—उसका लेखनी धारण करना सार्थक है! उसका रातोंका तेल जलाना भी सार्थक हुआ! किसी मूर्खके द्वारा पढी न जाकर साधुओंके चरणोंके साथ सम्बन्धयुक्त हुई—यह उस रचनाके लिए, विशेषतः लेखकके लिए, गौरवकी बात है। यों सोचकर कुतूहलके साथ मैंने पढकर देखा कि अखबार कौन है? ऊपर लिखा था--' वंगदर्शन,' और भीतर लिखा था--' चौबेका चिट्ठा ' तब समझा कि यह मेरे ही पूर्वजन्मके सचित पुण्यका फल है!

और भी एक बात जाननेके लिए कुतूहल हुआ। मैंने सोचा वंग-दर्शन क्या चीज है ? अपने एक दोस्तसे पूछा--" भाईसाहब, आप बतला सकते है, वगदर्शन क्या चीज है ? " उन्होंने बहुत देर तक सोचा। फिर सिर उठाकर बोले--" जान पड़ता है, बंगालको देखना ही वंगदर्शन है। " मैंने उनके पाण्डित्यकी बडी बड़ाई की, मगर लाचार एक और दोस्तसे भी पूछना पड़ा। उन्होंने कहा—" शकारके ऊपर जो रेफ है, वह छापेवालेकी गल्तीसे रह गई है। ठीक शब्द है वंग-दशन अर्थात् ' बगालके दाँत '। " उन्हे एक पाठशाला खोलनेकी सलाह देकर मैने और एक सुशिक्षित सज्जनसे पूछा। उन्होने कहा-- " इस शब्दका अर्थ है, ' पूर्व बंगाल देखनेकी विधि ' जिसका अंगरेजीमें तर्जुमा होगा—A Guide to Eastern Bengal " इस तरह अनेक प्रकार अनुसन्धान करनेपर अन्तको मालूम हुआ कि वगदर्शन एक मासिक-पत्र है, और उसमे चिदानन्द चौबेका मासिक श्राद्ध हुआ करता है। अब सुन पडता है कि किसी धनुर्धरने मेरे चिट्ठेको अपनी रचना कहकर प्रसिद्ध करना आरम्भ किया है। और भी न जाने क्या क्या होगा !

अतएव हे वगदर्शन-सम्पादक महोदय ! आपको मालूम होना चाहिए कि मै श्रीचिदानन्द शर्मा इस जगतमे अभीतक स-शरीर मौजूद हूँ और आप लोगोंकी विशेष आपत्ति होनेपर भी अभी और कुछ दिन रहनेकी इच्छा रखता हूँ।

अब यह जान लीजिए कि इस समय मै आपको क्यो पत्र लिखने बैठा हूँ। मेरे रसिक बाबू तो ससारसे कूच कर गये। मुझे भरोसा है कि वे सबके आश्रय-स्वरूप श्रीपादपद्ममे पहुँचे होगे। किन्तु असलमे उनकी कौन गति हुई, इसकी मुझे रत्तीभर भी खबर नही है। केवल इतना ही जानता हूँ कि वे इस लोकमे नही है। जब कारण नहीं तो कार्य भी नही, इसी सरल सिद्धान्तके अनुसार जब रसिक बाबू नही तो मेरा भी आश्रय नहीं। आजकल भंगके रगमे भी गड़बड़ मची हुई है। क्या आप भंगके लिए कुछ बन्दोबस्त कर दे सकते है ? मालूम नहीं, आपने मेरे चिट्ठेके लिए खुशनवीस महाशयको क्या दिया दिलाया–किन्तु मुझे एक मन भंग हर महीने भेज दिया कीजिए (मै कुछ अधिक भंग पीता हूँ), मै एक लेख हर महीने आपको दिया करूँगा। आपका कल्याण हो, अब इसमे कुछ नाहीं--नूहीं न कीजिएगा।

किन्तु आपके साथ इस तरह पक्का प्रबन्ध करनेके पहले मैं कुछ बातें पूछ लेना चाहता हूँ। इस चिदानन्दकी कलमसे फर्मायशके माफिक सब तरहके लेख लिखे जाते हैं—आपको क्या चाहिए ? नाटक-नॉविल चाहिए, या पॉलिटिक्सकी जरूरत है ? कुछ ऐतिहासिक खोज-पड़तालका हाल भेजूँ, या संक्षिप्त समालोचना लिखूँ ? विज्ञानशास्त्रमे आपकी रुचि है, या भूगोलतत्त्व आपको पसंद है ? तात्पर्य यह कि गुरु विषय भेजूँ, या लघु ? मेरी रचनाका पुरस्कार आप गजसे नाप कर देंगे या मनसे तौलकर देंगे ? अगर आपको गुरु विषय ही पसद हो तो बतलाइएगा, उसमे कैसा अलङ्कार या चमत्कार रहे ? आप कोटेशनको अधिक पसंद करते हैं या फुटनोटको ? अगर कोटेशन※या फुट-नोटकी+जरूरत हो, तो उन्हें किस भाषामे उद्धृत करूँगा ?—यह भी लिख दीजिएगा। यूरोप और एशियाकी सब भाषाओमे मैने कोटेशनोंका संग्रह कर रक्खा है। केवल आफ्रिका और अमेरिकाकी कुछ भाषाओंका पता मैने अभी-तक नहीं पाया। लेकिन आप चिन्ता न करे, मै बहुत शीघ्र उन भाषाओंसे कोटेशन लेनेकी चेष्टा करूँगा।

अगर गुरुविषयकी रचना आपको बहुत ही पसंद हो तो यह भी बताइएगा कि किस किस तरहके गुरु विषयको आप चाहते हैं ? इस बारेमे म खुद चाहे कुछ कर सकूँ या न कर सकूँ, मुझे एक सहायक बड़ा भारी मिल गया है। लाला मदारीलाल खुशनवीस महाशयका लड़का, जिसने यूटिलिटी शब्दकी विचित्र व्याख्या की थी, उसे शायद अभी आप भूले न होंगे। वह इस समय पढ़ लिखकर लायक हुआ है। उसने एम० ए० पास करके विद्याकी फॉसी गलेमे डाल ली है। वह गुरु विषयमे पारदर्शी है। क्या स्कूली किताबें चाहिए ? वह 'वर्णप्रकाशिका' से लेकर 'रोमदेशके इतिहास' तक सब लिख सकता है। नेचरल हिस्ट्रीका तो उसने अन्त ही कर डाला है। उसने 'पेनी मेगजीनसे' अनेक लेखोंका अनुवाद कर रक्खा है। और, गोल्डस्मिथके लिखे हुए 'एनीमिटेड नेचर' का साराश संग्रह कर रक्खा है। ये चीजें चाहिए क्या ? सबसे बढ़कर गुरु विषय जो पाटीगणित और ज्यामिति है, उसमे भी उसका कम साहस नहीं है। ज्यामिति और त्रिकोणमिति चूल्हेमे जाय, चतुष्कोणमितिमें भी उसका पूरा दखल है ! दैवविद्याके बलमे उसने अपने बापके बनवाये हुए

※ उद्धरण। + नीचेके फुट नोट।

चतुष्कोण तालाबको भी माप डाला है। इस कार्यके लिए लोगोंने उसकी प्रशंसाके पुल बाँध दिये, धन्य धन्य कहने लगे। उसकी ऐतिहासिक कीर्ति कहाँ तक कहूँ? उसने चित्तौरके राजा 'अल्फ्रेड दि ग्रेट' का एक जीवन-चरित १०-१५ सफेका लिख रक्खा है, और हिन्दीसाहित्यसमालोचनाका एक अनूठा ग्रन्थ महाभारतके आधारपर लिख डाला है। उसमे 'कॉम्ट' और 'हर्बर्ट स्पेन्सर' के मतका खण्डन किया गया है और 'डार्विन' साहबकी जो थ्योरी है कि पृथ्वी 'माध्याकर्षण' के बलपर ठहरी हुई है, उसका भी प्रतिवाद है। इस ग्रन्थमे मालती-माधव नाटकसे भी ४-५ श्लोक उद्धृत किये गये है। इन्ही कारणोंसे यह एक बडे भारी गुरुविषयका ग्रन्थ हो गया है। कई हजार वर्षोंसे ऐसा ग्रन्थ संसारकी किसी भी भाषामे नही लिखा गया, और न लिखे जानेकी अब आशा है। मुझको निश्चय है कि समालोचनाके समय आप अवश्य इस ग्रन्थको हिन्दीमाताके मस्तकका महोज्ज्वल मणि कहनेमे जरा भी न हिचकेंगे।

मै आशा करता हूँ कि गुरु विषय छोड़कर लघु विषयकी ओर आपकी प्रवृत्ति न होगी। क्योकि लघु विषय तैयार करनेमे जरा कठिनाई है। खुशनवीस-नन्दनने एक नाटककी सामग्री तो जरूर तैयार कर रक्खी है। उसने नायिकाका नाम चन्द्रकला या शशिरभा ऐसा ही कुछ रखना निश्चय किया है। प्लाट इतना बना है कि नायिकाके पिता विजयपुरके राजा भीमसिंह है और नायक और कोई एक 'सिंह' है। अन्तिम सीनमे शशिरभा नायककी छातीमे छुरी मार कर आप 'हाय मै मरी' करके जल मरेगी। किन्तु नाटकका आदि या मध्य कैसा होगा, और 'नाटकोल्लिखित व्यक्तिगण' क्या क्या करेंगे, इसका कुछ अभी ठीक नही हुआ। शेषाकके चक्कूमार सीनका कुछ अंश लिखा जा चुका है। मै कसम खाकर कह सकता हूँ कि जो २० लाइने लिखी गई है, उनमे आठ 'हाय सखी!' और तेरह 'क्या हुआ?' चमचमा रहे है। अन्तमे एक गीत भी है—नायिका छुरी हाथमे लिये गाती है! किन्तु दुःखकी बात इतनी ही है कि नाटकके अन्यान्य अंश बिल्कुल कोरे पडे है।

अगर नाविल आप चाहते हों तो भी हम, अर्थात् खुशनवीस कम्पनीके लोग, मुँह न मोड़ेंगे। हम लोग उत्तम उपन्यास लिख सकते है। मगर हमारी

यह इच्छा थी कि वाहियात नाविल न लिखकर 'डॉन कुइक्जोट*' या 'जिलबा' का परिशिष्ट लिख डालते। दुर्भाग्यवश दोनोंमेंसे एक पुस्तक भी अबतक हम लोगोंने नहीं पढ़ी। फिलहाल मेकाले साहबके 'ऐसे' Essay का परिशिष्ट लिख देनेसे क्या आपका काम चल सकता है ? वह भी नाविल है।

अगर कविता चाहिए तो व्रजभाषामें या खड़ी बोलीमे ? और तुकदार या बेतुकी ? स्पष्ट करके लिखिएगा। व्रजभाषामे चाहे बेतुकी कविता ही करा लीजिए, मगर खड़ी बोलीमे उहूः। हां बेतुकी कविता मै खूब कर सकता हूं। इस समय खुशनवीस-नन्दनने 'राम-सीतायण' नामके महाकाव्यका एक खण्ड बड़े परिश्रमसे लिखा है। यह प्राय रामायणके ढंगका है, केवल चार नाम बदले है। चाहिए ?

और अगर लघु गुरु सब छोड़कर, खुशनवीसी रचना छोड़ कर, साफ चिदानन्दी ढंग आपको पसद हो तो वह भी लिखिएगा। मेरा लिखा जो कुछ खाक-पत्थर है, उसे भेज दूंगा। मगर उसके बदलेमे मन भर भंग जरूर लूंगा। रत्ती रत्ती तौलकर जांच लूंगा!-तिल भर नही छोडूंगा!

क्या आप राजी है ? आप राजी हों या न हों, मगर मै राजी हूं।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

---

* स्पेनिश भाषाकी एक हास्यकथा। इसका सक्षिप्त हिन्दी अनुवाद 'विचित्र वीर'के नामसे प्रकाशित हो गया है।

२–पॉलिटिक्स (राजनीति)।

——❀✦❀——

श्रीचरणोमें,—भग मिली। बहुतशी भंग आपने भेज दी—श्रीचरण-कमलोमें। आपके श्रीचरणकमलयुगलमें—और भी थोड़ीसी भग भेजिएगा।

मगर मालूम नहीं कि श्रीचरणकमलयुगलसे मेरे लिए ऐसी कठिन आज्ञा क्यों निकली? आपने लिखा है कि इस समय लोग आईनके खौफसे पॉलिटिक्स बहुत कम लिखते है, अगर तुम कुछ पॉलिटिक्स लिखो तो अच्छा होगा—पत्रके ग्राहक बढ जायेंगे। क्यो महाशय? मैने ऐसा कौनसा अपराध किया है जो पॉलिटिक्सरूपी पत्थर मार कर अपना सिर फोड लें? चिदानन्द एक छोटासा ब्राह्मण है, उसके ऊपर पॉलिटिक्स लिखनेकी आज्ञा क्यो जारी की गई? चिदानन्द स्वार्थपर आदमी नही है। भगके सिवा जगत्‌में मेरा और कोई स्वार्थ नही है, मेरे ऊपर पॉलिटिक्सका बोझा आप क्यों लादते हैं? मै राजा हूं, या खुशामदी मुसाहब हूं, या जुआचोर हूं, या फकीर हूं, या सम्पादक हूं, जो मुझसे आप पॉलिटिक्स लिखनेको कहते हैं? आपने मेरा चिट्ठा पढा है। उसमे आपने कहीं मेरी स्थूल बुद्धिका ऐसा चिह्न पाया है, जो मुझसे पॉलिटिक्स लिखनेको कहते है? भंगके लिए मैंने जरूर आपकी खुशामद की है, लेकिन इससे यह न समझ लीजिएगा कि मैं ऐसा खुशामदी या खुदगर्ज हो गया हूं कि पॉलिटिक्स लिखूं। धिक्कार है आपके सम्पादक-पदको! और धिक्कार है आपके भंग देनेको! आप अभीतक नही समझ सके कि श्रीचिदानन्द शर्मा ऊंचे दर्जेके कवि हैं, चिदानन्द छोटी समझके पॉलिटिशियन (राजनीतिज्ञ) नहीं हैं।

आपकी यह आज्ञा पा कर बहुत ही उदास मनसे, एक गिरे वृक्षके ऊपर बैठकर, मै बंगदर्शनसम्पादककी बुद्धि इस तरह विपरीत क्यो हो गई, यही सोच रहा था। क्या करूँ, किसी न किसी तरह पावभर भंगका गोला गलेके नीचे उतार गया। सामने कल्लू तेलीका घर है, घरके ऑगनमे दो तीन बैल बँधे हुए है, मिट्टीमें गड़ी हुई नॉदमें तेलिनके हाथकी मिलाई हुई खली—चोकरकी सानीको गऊबैल ऑखें मूँदे सुखके साथ खाकर मजेमे पागुर

(रोंथ) कर रहे हैं। मेरा चित्त कुछ ठिकाने हुआ, यहाँ तो पॉलिटिक्स नहीं है। इस नाँदके भीतर सब गऊ-बैल पॉलिटिक्स-विकार-शून्य सच्चा सुख पा रहे हैं, यह देख कर कुछ सन्तुष्ट हुआ। तब मैं भंगके प्रसादसे प्रसन्नचित्त होकर लोगोंकी इस पॉलिटिक्स-प्रियताके बारेमें विचारने लगा। मुझे किसी कविका एक छन्द याद पड़ा—

" गूँगा चाहे चले जबान, लँगड़ा चाहे चलना खूब।
तुम चाहो होऊँ विद्वान्, इच्छा ही तो है,—क्या खूब।"

हम लोगोंकी इच्छा है पॉलिटिक्स, हम हर हफ्ते, हर रोज पॉलिटिक्स चाहते हैं, लेकिन गूँगेकी बोलनेकी कामना, लँगड़ेकी दौड़नेकी अभिलाषा, अन्धेकी चित्रदर्शनलालसा, हिन्दू विधवाकी स्वामिस्नेहकी आकांक्षा, अथवा मेरे मनमें दुलारी दुलहिनके आदरकी लालसाकी तरह वह केवल हँसी करानेवाली है, सफल होनेकी नही। भाई पॉलिटिक्सवालो, मैं चिदानन्द चौबे तुम्हारे हितकी बात कहता हूँ। सिपाहीके सुसराल सम्भव है, लेकिन जिस जातिने आपसकी कलहमे भूलकर गैरोंको अपने देशमे बुलाया और अपने हाथों देशका सत्यानाश किया, उसके पॉलिटिक्सका होना त्रिकालमें संभव नही! "भगवान् भला करे, भूखे हैं, भीख दो!" बस यही उन लोगोंका पॉलिटिक्स है! इसके सिवा और पॉलिटिक्स जिस पेड़मे फलता है, उसका बीज इस देशकी मिट्टीमें अंकुरित नहीं हो सकता।

इसी तरह सोच रहा था, इतनेमे देखा, कल्लू तेलीका दस बरसका पोता एक थालीमे भात लाकर बाहर छप्परके नीचे बैठकर खाने लगा। दूरसे एक चितकबरे कुत्तेने यह देखा। देखकर, एक बार खड़े होकर, फिर स्थिर दृष्टिसे ताककर, जीभ निकाल कर वह हाँफने लगा। उज्ज्वल अन्नका ढेर काँसेकी चमचमाती हुई थालीमे फूलकी मालाके समान शोभा पा रहा था। मैंने देखा, कुत्तेका पेट बिल्कुल पीठमे लगा हुआ है। कुत्तेने खड़े-खड़े देखभालकर एक बार देह तोड़कर जम्हाई ली।

इसके बाद कुछ सोच समझ कर धीरे धीरे उसने एक एक डग आगे रखना शुरू किया। वह तेली-तनयके भात-भरे मुखकी तरफ तिरछी दृष्टिसे देखता है और एक पैर फिर आगे बढ़ाता है। एकाएक भंग भवानीके अनुग्रहसे मुझे दिव्य दृष्टि मिल गई। देखा, यही तो पॉलिटिक्स है—यही कुत्ता

तो पॉलिटीशियन है ! तब मन लगाकर देखने लगा। कुत्तेने पक्की पॉलिटिकल (राजनीतिक) चाल चलना शुरू किया। कुत्तेने देखा, तेलीका बालक बड़ा भला आदमी है, कुछ नहीं कहता। बस क्या था, कुत्ता उसके पास जा कर पाल्थी मार कर बैठ गया। धीरे धीरे पूँछ हिलाता है और तेलीके बालककी ओर दीन दृष्टिसे देखता हुआ 'ह.-ह' करके हाँफता है। उसकी दुबली देह, पतला पेट, कातर दृष्टि और हाँफना देखकर लड़केको दया आ गई। कुत्तेका पॉलिटिकल एजीटशेन (राजनीतिक आन्दोलन) सफल हुआ। तेलीके लड़केने मसाला मिले माससेमे एक हड्डी अच्छी तरह चिचोरकर कुत्तेके आगे फेंक दी। कुत्तेने आग्रहके साथ आनन्दपूर्वक उसे चाबना, चाटना, लीलना और हजम करना शुरू किया। आनन्दसे उसकी आँखे बंद हो आईं।

जब कुत्ता उस हड्डीका रस अच्छी तरह ले चुका, तब उस सुचतुर पॉलिटिशियनने सोचा–और एक हड्डी लेनी चाहिए। यो सोचकर वह पॉलिटिशियन फिर उस लडकेके मुँहकी तरफ उसी दीन भावसे देखने लगा। उसने देखा, वह बालक मनमाना भात इमली–गुडकी चटनीके साथ मिलाकर सपाटेके साथ खा रहा है, कुत्तेकी तरफ देखता ही नही। तब कुत्तेने एक Bold move (वीरताका बाना) ग्रहण किया। जाति ही पॉलिटिशियन ठहरी, फिर ऐसा क्यो न होता ? वह राजनीतिज्ञ साहस-पर भरोसा करके और थोड़ा आगे बढ़ बैठा, और एक बार जम्हाई ली। इसपर भी तेलीके लडकेने आँख उठाकर नही देखा। तब कुत्ता धीरे धीरे गुर्राने लगा। शायद वह कहता था कि "हे राजाधिराज तेलीतनय, इस कंगालका पेट अभी नही भरा।" गुर्रानेपर तेलीके लडकेने आँख उठा-कर उसकी तरफ देखा। थालीमे अब कोई हड्डी नहीं थी, उसने एक मुट्ठी भात कुत्तेके आगे फेक दिया। देवराज पुरन्दर जिस सुखसे नन्दनवनमें बैठकर अमृत-पान करते है, कार्डिनल वुलजे या कार्डिनल जेरेज़ने जिस सुखसे कार्डि-नलकी टोपी पहनी थी, वह कुत्ता उतने ही सुखसे वह मुट्ठीभर भात खाने लगा।

इसी समय तेलीकी जोरू घरसे निकली। अपने बेटेके पास एक कुत्ता 'भसर भसर' भात खा रहा है, यह देखकर तेलिनने लाल लाल आँखें निकालकर एक भारी ईंट कुत्तेके खींच मारी। राजनीतिक कुत्ता चोट खाकर दुम दबाकर तरह तरहकी राग-रागिनियाँ अलापता हुआ फुर्तीके साथ भागा।

इसी बीचमें एक और घटना देखी। जब तक कंगाल कुत्ता इधर अपना पेट भरनेके लिए तरह तरहके कौशल्य कर रहा था, तब तक उधर एक बड़ा भारी सांड़ आकर तेलीके बैलकी नॉदमें मुँह डालकर खली-मिली सानी स्वाद ले-लेकर खाने लगा। तेलीका बैल बेचारा कमजोर था, वह उसके भयानक पैने सींग और भारी शरीरको देखकर नॉदसे मुँह हटाकर चुपचाप खड़े होकर कातरदृष्टिसे उसके खानेकी चातुरी देखने लगा। कुत्तेको मारकर तेलिन लौटी। इधर यह लूट देखकर उसने एक लाठी उठाई; और वह बैलको मौतके मुँहमें जानेकी सलाह देते हुए उसकी तरफ झपटी।

किन्तु मौतके मुँह तक जाना तो दूर रहा, सॉड़ एक पग भी उस जगहसे नहीं हटा। तेलीकी जोरू जब पास पहुँची तब सॉड़ने अपने बड़े बड़े सींग हिलाकर उन्हें उसके पेटमें भोंकनेका इरादा जाहिर किया। तेलिन तब लड़ाईसे भागकर घरमें घुस गई। सॉड़ भी नॉदको चाट-पोंछकर मस्तचालसे चल दिया।

मैंने सोचा कि यह भी पॉलिटिक्स है। दो तरहका पॉलिटिक्स देखा, एक कुत्तेकी जातिका और दूसरा बैलकी जातिका। 'बिस्मार्क' और 'गर्शाकफ' इस बैलकी श्रेणीके पॉलिटीशियन थे, और 'वुलजे' से लेकर हमारे परम-मित्र राजा ढोलकप्रसाद रायबहादुर तक सभी कुत्तेकी श्रेणीके पॉलिटीशि-यन हैं।

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

३–भारतवासियोंका मनुष्यत्व ।

सम्पादक महाशय, आपको पत्र क्या लिखूँ—लिखनेमें वाधा डालनेवाले अनेक शत्रु हैं। मैं इस समय जिस झोपड़ेमें रहता हूँ उसके पास ही दुर्भाग्यवश मैंने दो-तीन फूलोंके पेड़ लगा दिये हैं। मैंने सोचा था, चिदानन्दके कोई नहीं है, ये ही फूल मेरे सखी-सखा होंगे। इन्हें खुशामद करके प्रफुल्लित प्रसन्न करनेकी जरूरत नही, इनके लिए रुपया लुटानेकी आवश्यकता नहीं, इन्हें गहने न देने पड़ेंगे। इनका मन रखनेके लिए चापलूसीकी बातें न करनी पड़ेगी। ये अपने सुखसे आप ही खिल उठेंगे। इनमें हँसी है, रोना नहीं है, प्रसन्नता है, रूठना नही है। मैंने समझा था कि श्यामा ग्वालिनसे और मुझसे बिगाड हो गया है तो क्या, उसने मुझे तज दिया है तो क्या, इन फूलोमें मै दोस्ती करूँगा।

सो, फूल भी खिले–वे हँसने भी लगे। मैंने सोचा—सम्पादकजी, मै सोचने ही कहाँ पाया, फूलोंको खिलते देखकर झुंडके झुंड भौंरे मक्खी और भिड़ इत्यादि रसकी खोज करनेवाले रसिक आकर मेरे द्वारपर डट गये और वे गुनगुन भनभन घेंघें करके जी जलाने लगे। मैंने उनको बहुत कुछ समझाकर कहा–"सज्जनो–महाशयो, यह सभा नहीं, समाज नहीं, एसोसियेशन, लीग, सोसाइटी, क्लब आदि कुछ भी नहीं, यह चिदानन्दकी झोपड़ी है। आप लोगोंको भनभन घें-घें करना हो तो अन्यत्र जाइए। मैं अब और कोई रेज़ोल्यूशन (प्रस्ताव) करनेके लिए तैयार नहीं हूँ—आप लोग दूसरी जगह पधारें। परन्तु गुनगुन भनभन करनेवाला दल किसी तरह नहीं माना। उलटे वे लोग फूलोंके पेड़ छोड़कर मेरी झोपड़ीके द्वारपर हल्ला करने लगे। अभी मैंने आपको पत्र लिखना शुरू किया था (अब भगका नशा उतर चला है)—इसी समय एक भौंरा, काजल सा काला असल भौंरा, भनसे उड़कर आया, और मेरे कानोंके पास भनभन करने लगा। अब बतलाइए महाशय, आपको पत्र कैसे लिखूँ?

भ्रमर भैया अपनेको बहुत ही रसिक और अच्छा व्याख्यानदाता समझते हैं। उन्होने समझा कि उनकी भनभनाहटसे मुझे सुख मिलेगा, मेरा जी जुड़ा

जायगा। मेरे ही फूलोंकी पँखड़ियाँ तोड़कर मेरे ही कानोंके पास भन भन ! मैं क्रोधके मारे अग्निशर्मा हो गया, मेरे हाड़ जल उठे। मै ताड़का पंखा हाथमें ले भौंरेसे भिड़ गया। तब मै घूर्णन, संघूर्णन आदि विविध वक्रगतियोंमे पंखेका अस्त्र चलाने लगा, भौंरा भी डीन, उड्डीन, प्रडीन, समाडीन आदि अनेक पैंतरे बदलकर अपनी फुर्ती दिखाने लगा। मै श्रीचिदानन्द चौबे चिट्ठारूपी मुक्तावलीका लेखक हूँ, किन्तु हाय रे मनुष्यके पराक्रम ! तू अत्यन्त असार है। तू सदा मनुष्यको धोखा देकर अन्तको अपनी असारता प्रमाणित कर देता है। तूने जामाके मैदानमे हैनीबालको, पलटोवाके मैदानमें चार्ल्सको, वाटर्लूके मैदानमें नेपोलियनको और आज इस भ्रमर-समरमे चिदानन्दको खूब ही धोखा दिया। मै जितना ही पंखा घुमाकर, हवा पैदाकर भौंरेको उडाने लगा, उतना ही वह दुष्ट घूम फिर कर सिरपर चढ़कर भनभन करने लगा। वह कभी मेरे कपडोंमे छिपकर, बादलोंकी आड़मे मेघनादकी तरह, युद्ध करने लगा, और कभी कुंभकर्णसे लडनेवाली रामकी सेनाकी तरह मेरी बगलमे निकल कर मुझे खिझाने लगा। वह कभी सेम्पसनकी तरह मेरे बालोंमे ही मेरा सारा पराक्रम सचित समझकर मेरे शरद् ऋतुके बादलों सरीखे घुँघराले श्वेत-श्याम केशोंमे घुसकर भेरी बजाने लगा। तब काटनेके डरसे घबराकर मुझे युद्ध छोड भागना पड़ा। उसने भी पीछा किया। उसी समय चौखटमे टोकर खाकर चिदानन्द शर्मा "पपात धरणीतले ! ! !" इस संसारके संग्राममे महारथी चिदानन्द शर्मा, जो कभी दारिद्र्य, चिरकौमार और भंग आदिसे भी नहीं परास्त हुए, वे ही हाय ! आज इस साधारण जीवसे हार गये।

तब शरीरसे धूल झाड़ता हुआ मै उठ खडा हुआ, और हाथ जोड़कर भ्रमरराजसे इस प्रकार क्षमाप्रार्थना करने लगा। मैने कहा—"हे द्विरेफसत्तम, इस गरीब ब्राह्मणने तुम्हारा क्या अपराध किया है, जो तुम उसके लिखने-पढनेमे बाधा डालने आये हो ? देखो, मैं बंगदर्शन-सम्पादकको यह पत्र लिखने बैठा हूँ, पत्र लिखनेमे भंग आवेगी–तुम क्यों भनभन करके उसमे विघ्न डाल रहे हो ?" मै आज सबेरे एक हिन्दीका नाटक पढ रहा था, अकस्मात् उसी नाटककी धुनमे मैने कहा—"हे भृंग ! हे अनंगरंगकी तरंग बढ़ानेवाले ! हे बागविहारी ! तुम क्यों भनभन कर रहे हो ? हे भृंग ! हे द्विरेफ ! हे षट्पद ! हे अलि ! हे भ्रमर ! हे भौंरे ! हे भनभन !—"

अपने सहस्रनाम-पाठसे प्रसन्न होकर भौंरा मेरे सामने आ बैठा। वह गुन गुन करके गला साफ कर कहने लगा। आप जानते ही हैं कि मैं भंगभगवतीकी कृपासे सब प्राणियोंकी बातें समझ सकता हूँ। मैं कान लगा कर सुनने लगा।

मधुकर बोला—"विप्रदेव, मेरे ही ऊपर इतना क्रोध क्यों है? क्या मैं ही अकेला भनभन करता हूँ? तुम्हारी इस भारतभूमिमें जन्म लेकर भनभन न करूँ तो क्या करूँ? कौन हिन्दुस्तानी भनभन नहीं करता? भनभनके सिवा भारतवासियोंका और रोजगार ही क्या है? तुम लोगोंमें जो लोग राजा महाराजा या आनरेबुल आदि हैं, वे कौंसिलोंमें बैठकर भनभन करते हैं। जो लोग राजा या रायबहादुर होनेके उम्मेदवार हैं, वे दिनरात राजदर्बारमें या साहबोंके पास जाकर भनभन करते हैं। जो केवल एक नौकरीके उम्मेदवार हैं, उनकी भनभनाहटका तो अन्त ही नहीं है। हिन्दुस्तानी बाबूलोग जिन्होंने थोडी बहुत अँगरेजी सीख ली है, हाथमें दरख्वास्त या सिफारिशी चिट्ठी लिये उम्मेदवार बनकर द्वार-द्वार भनभन करते फिरते हैं। वे मच्छडोंकी तरह खाते-पीते, सोते-बैठते, चलते-फिरते, दिनको, रातको, सबेरे--दोपहर, तीसरे पहर, शामको, हरघडी, भनभन करके सताया करते हैं। जो लोग उम्मेदवारी छोड़कर स्वाधीन वकील बैरिस्टर हो गये है, वे सनद-याफ्ता भनभनानेवाले हैं। वे सच-झूठके सागर-सगममें प्रात स्नान करके, जहाँ देखते हैं कि कटघरेके भीतर गंजा सिर लिये सर्कारी हौआ—बड़े जज, छोटे जज, सबजज, डिपुटी, मुन्सिफ आदि--बैठे हैं, वहीं जाकर भनभनाहटका फुहारा छोडने लगते हैं। कई लोग भनभनाहटके द्वारा देशका उद्धार करनेके विचारसे सभामें लड़के-बाले और बुड्ढोंको जमाकर भनभन करने लगते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो किसी देशमें वर्षा न होनेका समाचार पाकर उसीके लिए दस बीस आदमियोंको जमाकर भनभनाने लगते हैं। कुछ ऐसे हैं, जो कहते हैं, हम लोगोंको बड़ी बडी नौकरियां नहीं मिलतीं, आओ भाई, सब मिलकर भनभन करें, अमुक रईसकी मा मर गई है, आओ भाई, उसका स्मारक स्थापित करनेके लिए भनभन करें। कुछ लोग ऐसे हैं, जिनको इसमें भी सन्तोष नहीं होता। वे कागज-कलम लेकर हर सप्ताह, हर महीने, हर रोज भनभन भनभन करते रहते हैं। और तुम भैया, जो मेरी भनभनाहटसे इतना चिढ़ रहे हो, क्या करने बैठे हो? तुम भी वंगदर्शनसम्पादकसे भंग पानेकी अभिलाषा

करके भनभन करने बैठे हो। तब फिर मेरी ही भनभनाहट क्यों इतनी बुरी लगती है ?

"तुमसे सच कहता हूँ चिदानन्द, तुम्हारी जातिकी भनभनाहट मुझे भी अच्छी नहीं लगती। मै एक साधारण कीड़ा हूँ, मैं भी केवल भनभन नहीं करता। हम लोग मधु-संग्रह करते है, और जथा बाँधते है। तुम लोग न मधु-संग्रह करना जानते हो, और न जथा बाँधना जानते हो; जानते हो केवल भनभन करना। तुमको कोई काम करनेका सलीका नहीं, केवल रोनी औरतोंकी तरह दिनरात भनभन कर सकते हो। जरा बकबक करना और लिखना पढ़ना कम करके काममे मन लगाओ, तभी तुम्हारी श्रीवृद्धि हो सकती है। मधु-संग्रह करना सीखो, मधुकर (ममाखी) की तरह एका करके जथा जोड़ना सीखो। तुम्हारी जीभ और कलमसे तो हमारा डक ही अच्छा है। तुम्हारे वाक्योसे या कलमसे कोई नही डरता, परन्तु देखो, हमारे डंकसे सब लोग घबराते है। स्वर्गमे इन्द्रका वज्र है, पृथ्वीपर अँगरेजोंकी तोप है और आकाशमार्गमे हमारा डंक है। अस्तु, प्रयोजन इतना ही है कि मधुसंग्रह करो और काममे मन लगाओ। अगर देखो कि जीभ और हाथो-की खुजलीके मारे काममे मन लगता ही नही, तो जीभ काटकर काममें हाथ लगाओ, अवश्य काममें मन लगेगा।"

यो कहकर भ्रमर भैया भनसे उड़ गये। मैने सोचा, यह भौरा अवश्य ही बडा पडित है। सुना जाता है कि यदि किसी मनुष्यकी पदवृद्धि हो तो वह होशियार और विज्ञ समझा जाता है। इसी कारण दो-पदवाले मनुष्योंसे चार-पदवाले पशु, अथवा जिन मनुष्योंकी पदवृद्धि हुई है उन्हे, अधिक विज्ञ समझना चाहिए। इस भौरेके दो नही, चार नही, छ: पद है। अवश्य ही यह बड़ा भारी पण्डित और चतुर है, नही तो इसकी ऐसी असामान्य पदवृद्धि कैसे होती ? फिर ऐसे पण्डित जीवकी सम्मतिका अनादर कैसे करूँ ? अत-एव कमसे कम आज मै अपनी भनभनाहट बंद करता हूँ, परन्तु मधुसंग्रहकी आशा लगी हुई है। बगदर्शनरूपी पुष्पमे भगरूपी मधु (शहद) प्राप्त होगा, इसी आशासे प्राण धारण किये हुए हूँ मै—

आपका आज्ञाकारी,

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

४—बुढ़ापेकी बातें ।

सम्पादक महाशय, भंग नहीं पहुँची, इधर कई दिन बड़े कष्टसे बीते । आजका यह लेख मैंने आँख फाड़ फाड़ कर लिखा है, भंग-भवानीकी कृपासे नहीं । आज एक अपने मनके दुःखकी बात लिखता हूँ ।

मैं बुढापेकी बातें लिखूँगा । लिखूं-लिखूं कर रहा हूं, लेकिन लिख नहीं पाता । हो सकता है कि ये दारुण या करुण बाते मुझे बहुत ही प्यारी लगती हों, क्योकि अपने सुखदुःखकी बाते सबको अच्छी मालूम पड़ती हैं । किन्तु यदि मैं इन बातोंको लिखूंगा तो दूसरा कोइ क्यों पढेगा ? जवान लोग ही प्राय लिखते पढ़ते है, बूढे लोग नही । जान पडता है, मेरी इन बुढापेकी बातोंका पढनेवाला एक भी न निकलेगा ।

इसीसे मै ठीक बुढापेकी बाते नही लिखूँगा । अभी मैंने वैतरणी (यम-लोककी एक भयानक नदी) के किनारे लगे हुए अन्तिम जीवन-सोपानपर पैर नहीं रक्खा । कमसे कम मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि वह दिन अभी दूर है । किन्तु जवानीपर भी अब मेरा कुछ दावा नहीं है, मियाद पूरी हो गई । यद्यपि मियाद पूरी हो गई है, लेकिन बकाया वसूल करना बाकी है । उसके लिए अभी कुछ झगड़ा बना हुआ है । अभी मै जवानीसे पूरी तौरपर फार-खती नही ले सका । इसके सिवा महाजनका भी कुछ बाकी है; अकालके दिनोंमे बहुत कर्जा लेकर खाया है । अब उस ऋणको चुका सकनेकी न आशा है और न शक्ति है । उसपर, पार पहुँचानेवालेको उतराई देनेके लिए भी कुछ जमा करनेकी जरूरत है । मै अगर अपने इस दुःखचिन्तापूर्ण समयकी दो चार बाते कहूँ, तो क्या तुम जवानीका सुख छोडकर एक बार सुनोगे ?

पहले असल बातका निर्णय हो जाना चाहिए। अच्छा, क्या मै बूढ़ा हूँ ? मैंने यह प्रश्न केवल अपने ही लिए नहीं उठाया। मैं, बूढा हूँ या जवान हूँ, दोनोंमेंसे एक बात स्वीकार करनेके लिए तैयार हूँ। किन्तु जिसकी अवस्था ऐसी ही खीचतानकी है, जिसकी जवानीका सूर्य ढल चुका है, ऐसे हर आद-मीसे मैं यही कहता हूँ कि विचार कर देखिए, क्या आप बूढ़े हैं ?

आप, या तो बाल भौंरेके ऐसे काले घुँघराले—दाँत मोतीकी लड़ीको भी लजानेवाले और नींद तिबारा ब्याहकर लाई हुई जोरूके जगानेपर भी न खुलनेवाली होनेपर भी, बूढ़े हैं। या बाल गंगाजमुनी, दाँतोकी लड़ी बीच बीचके एक-दो दानोंसे शून्य, और नींद आँखोंके लिए बिडम्बनामात्र होने पर भी, जवान है। आप कहेंगे इसके क्या माने ? मैं कहता हूँ, इसके माने यही है कि बहुत लोग ऐसे है जो ३०–३५ वर्षकी अवस्थामे ही अपनेको बूढ़ा मान लेते हैं, और बहुत ऐसे है जो ४०–४५ वर्षके होनेपर भी अपनेको जवान समझते है। जो तीस-पैतीस वर्षकी अवस्थामे बूढ़ा बताना चाहता है, वह या तो बूढा बनकर अपनी विज्ञता प्रकट करना चाहता है, और या चिर-रोगी है, अथवा किसी बडे दुःखसे दबा हुआ है। ऐसे ही जो ४०—४५ वर्षकी अवस्थामे अपनेको जवान बतलाना चाहता है उसको या तो यमराजका भारी भय है और या उसने तिबारा किसी षोडशीसे ब्याह किया है।

किन्तु, जीवनकी इस आधी मंजिलपर पहुँचकर, चश्मा हाथमे ले, रूमा-लसे मत्थेका पसीना पोंछते-पोंछते ठीक ठीक बतलाना कठिन है कि "मैं बूढ़ा हुआ या नहीं।" शायद हो गया, अथवा अभी नहीं हुआ। मन कहता है कि आँखोंमे भले ही साफ न देख पडता हो, बाल भले ही एक आध पक गये हो, लेकिन अभी बूढा नहीं हुआ। क्यो? कुछ भी तो पुराना नही हुआ। यह पुराना—बहुत पुराना जगत् तो आज भी नवीन ही है। प्यारी कोयलका कुहूकुहू शब्द पुराना नहीं हुआ, गंगाकी ये सुन्दर चंचल चमकीली लहरे पुरानी नहीं हुईं, प्रभात कालकी शीतल मन्द सुगन्ध हवा, बकुल कामिनी चम्पा चमेली जूहीकी सुगंध, वृक्षोंकी श्यामल शोभा, चन्द्रमाकी विमल चाँदनी—कुछ भी पुराना नहीं। सब वैसा ही उज्ज्वल, कोमल, सुन्दर है। केवल मैं ही पुराना हो गया ? मै इस बातको नहीं मानता। पृथ्वीपर तो इस समय भी वैसे ही हँसीका फुहारा छूट रहा है। केवल मेरे ही हँसनेके दिन चले गये ? पृथ्वीपर उत्साह, क्रीडा-केलि, रंग-तमाशा आज भी वैसे ही भरा पड़ा है, केवल मेरे ही लिए नहीं है ? जगत् प्रकाश-पूर्ण है, केवल मेरे ही लिए अन्धकारमयी अमाकी निशा आ गई ? सॉलोमन कम्पनीकी दूकानपर वज्रपात हो, मै यह चश्मा तोड़ डालूँगा। मैं बूढ़ा नहीं हुआ।

मगर कठिनता तो यह है कि मैं मानूँ या न मानूँ, लेकिन बुढापा नहीं मानता। वह चला ही आता है। मैं लाख दूर भागूँ—पर वह पीछा नहीं छोड़नेका। धीरे धीरे पल पल आयु क्षीण होती जाती है। जवानीवाला किनारा दूर होता जा रहा है। मैं लाख कहूँ कि बूढ़ा नहीं हुआ, लेकिन 'मैं बूढ़ा हो चला'–इसका अनुभव मुझे हर घडी होता जाता है। लोग हँसते है, मैं केवल उनका मन रखनेके लिए हँसीकी नकल कर देता हूँ। लोग गाते-बजाते है, मै केवल यह दिखानेके लिए कि मै अभीतक बूढ़ा नहीं हुआ, मुझमे जवानीका उल्लास वैसा ही है, उनकी मण्डलीमे शामिल होता हूँ। लेकिन सच पूछो तो हँसने–बोलने या गाने-बजानेके लिए हृदय नही हुलसता। मेरे लेखे उत्साह है ही नही। आशा, मेरी समझमे अपने आत्माको धोखा देना है। कहाँ, मुझमे तो उत्साह या आशा–भरोसा कुछ भी नही है। जो है नही, उसे खोजनेकी भी कोई जरूरत नहीं।

खोजनेसे क्या मिलेगा? जो फूलोकी माला इस जीवन-वाटिकाको सुगंधित और सुशोभित करती थी, उसके सब फूल एक एक करके झड गये। जो सदा प्रफुल्लित मुखकमल मुझे बहुत प्यारे लगते थे, उनमेसे बहुतसे अदृश्य हो चुके और बहुतसे अब भी घाममे मुरझाये हुए तीसरे पहरके फूलकी तरह देख पडते है, उनमे वह रस नही है। इस टूटेफूटे भवनमे, इस निरानन्द बद नाट्यशालामे, इस उजडी हुई महफिलमे, वह उज्ज्वल दीपमाला कहाँ है? एक एक करके सब प्रकाश बुझ गये। केवल मुख ही नहीं, वह सरल स्नेह-पूर्ण, विश्वासमे दृढ़, सौहार्दमे स्थिर, अपराध करनेपर भी प्रसन्न, बंधुहृदय कहाँ है? नही है। किसके दोपसे नही है? इसमे मेरा दोप नही, बन्धुओंका भी दोप नही। दोप है अवस्थाका अथवा यमराजका।

तो इसमे हानि क्या है? अकेला आया था, अकेला ही जाऊँगा। इसकी चिन्ता क्या है? इस असंख्यजीवपरिपूर्ण संसारमे मेरी नही बनी। अच्छा, बिदा। पृथ्वी, तू अपने नियमित मार्ग (कक्षा) मे घूमती रह, मै भी अपने मनकी जगह जाता हूँ। तेरा मेरा नाता छूटा, तो इससे तेरी हानि क्या है? और मेरी ही क्या हानि है? तू अनन्त काल तक यों ही शून्य-पथमे घूमा करेगी। और मै, मै भी कुछ ही दिनोंका मेहमान हूँ—फिर, जिसके पास परम शान्ति मिलती है, सब ज्वालाये मिट जाती है, उसीके पास, तुझे चक्करमे छोडकर चल दूँगा।

अच्छा, तो इससे यह निश्चय हुआ कि एक तरहसे मैं बूढ़ा हो चला। अब मुझे क्या करना चाहिए? किसी ना-समझने लिख दिया है कि पचासके बाद वनमें चले जाना चाहिए—'पञ्चाशोर्ध्वं वनं व्रजेत्।' वन और कहाँ है? मेरे लिए तो बस्ती ही वन है। आप सच मानिएगा, इस अवस्थामें सब भोग-विलासोंकी सामग्रियोंसे परिपूर्ण बड़े बड़े महलोंकी शोभा और आदमियोंकी चहलपहलसे नौजवानोंको खुश करनेवाली नगरी ही जंगल है। हे नवयुवक पाठकगण, तुम्हारे हृदय और मेरे हृदयसे बिलकुल मेल नहीं है। खास कर तुम्हारा ही हृदय मेरे हृदयसे नहीं मिलता। ईश्वर न करे, कोई आपत्ति आ-पड़े तो उस समय शायद तुममेंसे कोई पूछने भी आवे कि "ए बूढ़े, तूने बहुत देखा सुना है। बता, इस विपत्तिमें मैं क्या करूँ?" लेकिन अमन-चैनके समय कोई नहीं कहेगा कि "ए बूढ़े, आज हमारे खुशीका दिन है, आ, तू भी आनन्द मना।" बल्कि ऐसे जलसों और तमाशोंमें इस बातकी कोशिश की जायगी कि बूढ़े खूसटको खबर न होने पावे। तो बताओ, जंगलमें बाकी क्या है?

हे प्रौढ़ पाठकगण, जहाँ तुम पहले स्नेहकी प्रत्याशा करते थे, वहीं तुम इस समय भय या भक्तिके पात्र हो। जो पुत्र, तुम्हारी जवानीके समय, अपने लड़कपनमें, तुम्हारे पास पलँगपर पड़ा हुआ सोते सोते छोटे छोटे हाथ फैलाकर तुमको खोजने लग जाता था, वह इस समय तुमसे मिलता भी नहीं, और लोगोंके द्वारा खबर लेता है कि पिताजी कैसे हैं? जिस पराये लड़केकी सुन्दरतापर मुग्ध होकर तुमने उसको गोदमें लेकर आदर किया था, मुख चूमा था, वही आज जवान है। वह इस समय या तो महापापी है—अपने कुकर्मोंसे पृथ्वीका भार बढ़ा रहा है—पापके सागरमें आकण्ठ निमग्न है, अथवा तुम्हारा ही शत्रु बन बैठा है। तुम क्या करते हो? केवल रोकर कह सकते हो कि इसे मैंने अपनी गोदमें खिलाया है। तुमने जिसे गोदमें बिठाकर 'क-ख' सिखलाया है, वही इस समय लब्धप्रतिष्ठ लेखक और पण्डित है और तुम्हींको मूर्ख कहकर मन-ही-मन हँसता है। जिसको किसी समय तुम कुछ न समझते थे, वही इस समय तुमको कुछ नहीं समझता। तो बताओ, अब जंगलमें बाकी क्या है?

भीतरी बातें छोड़कर बाहर देखिए, वहाँ भी ऐसा ही दीख पड़ेगा। जहाँ तुमने अपने हाथसे फूलबाग लगाया था, चुन चुन कर गुलाब, बेला, चमेली,

जूही आदिके पेड़ लगाये थे, घडा लेकर अपने हाथों पानी सींचा था, वहीं देखोगे कि चने–मटरकी खेती हो रही है। कल्लू किसान बैलोंको हाँकता हुआ मजेमें गा-गाकर हल चला रहा है, उस हलकी नोक मानो तुम्हारे हृदयमें घुसी जाती है। जो मकान तुमने जवानीमें तरह तरहकी अभिलाषायें करके बड़े यत्नसे बैठकर बनवाया था, जिसमें पलँग बिछा कर, उसपर अपनी धर्मपत्नीके साथ नयनसे नयन और अधरसे अधर मिलाकर, इस जीवनमें कभी न मिटनेवाले प्रेमकी बातें पहलेपहल की थी, देखोगे, उसी घरकी ईंटें किसी रईसके अस्तबलकी सुर्खी तोडनेके लिए गधोंपर लदी चली जा रही हैं। उस तुम्हारे यौवन-लीला-निकेतन पलँगकी 'पट्टी' और 'पाये' चूल्हेमें जलाये जा रहे हैं। तो बताओ, अब जंगलमें क्या बाकी रहा?

सबसे बढकर जलनकी बात यह है कि तुमने या मैंने उस जवानीके समय जिसे सुन्दर परमसुन्दर देखा था, वही अब बुरा (कुरूप) है। मेरे प्यारे मित्र बाबू आनन्दकन्द बडे ठाटके साथ जब जवानीमें मस्त हो रूपके घमण्डमें ऐंठे फिरते थे, तब (उन्हींके कथनानुसार) न जाने कितनी रसिक रमणियाँ गंगातटपर उन्हें देखकर शिवपर जल चढाते समय 'नमः शिवाय' की जगह 'आनन्दकन्दाय नमः' कह बैठती थीं। इस समय उन्हीं आनन्दकन्दका हाल क्या है?—जानते हो? वह रूपका बाजार लुट गया है, वे बड़ी बडी आँखें बैठ गई हैं, बाल पक गये हैं, मुँहमें दाँत एक भी नहीं रहा, खाल लटक आई है, लठिया टेककर सिर हिलाते—मानों अपने किये पिछले कर्मोंपर पछताते—चले आते हैं। आनन्दकन्दजी जवानीमें एक बोतल बरांडी और तीन मुर्गियोंका 'जलपान' करते थे, लेकिन अब वे ही लंबा तिलक लगाये रुद्राक्षकी माला पहने, उपदेश देते घूमते हैं। उनके खानेके समय अगर कोई मद्य-मांसका नाम भी ले लेता है, तो वे परोसी हुई थाली छोड़कर उठ खड़े होते हैं और गालियोंकी 'फुलझडी' बन जाते हैं। तो बताओ, अब जंगलमें क्या बाकी है?

बतसियाकी मा हीराको देखो। जब वह मेरे फूलबागमें छिपकर फूल चुराने आती थी, तब जान पड़ता था, मानों नन्दनवनसे चलती-फिरती फूली-फली कल्पलता लाकर छोड़ दी गई है। उसकी अलकोंके साथ वायु खेला करता था और उसके आँचलको पकड़कर गुलाबका पेड छेडछाड़ किया करता था। उसी हीराको आज देखो, बकझक करती हुई चावल फटक रही

है। कपड़े मैले हैं, बीच बीचमें टूटे हुए दाँतोंने चेहरेको विकट बना रक्खा है, शरीर दुबला और काला पड़ गया है, हड्डियाँ निकल आई है और झुर्रियाँ पड़ गई हैं। यही वह रस-रंग-तरंगवती युवती हीरा है! तुम्हीं बताओ, अब जंगलमें क्या बाकी है?

तो यह बात निश्चित है कि मैं वनको न जाऊँगा। क्योंकि मेरे लिए घर ही वन हो रहा है। अच्छा तो फिर क्या करूँगा? महाकवि कालिदासने सर्वगुणसम्पन्न रघुवंशियोंके लिए बुढापेमें मुनिवृत्तिकी व्यवस्था दी है। वे लिखते हैं—

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्द्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥

रघुवंशी लोग बचपनमें विद्याभ्यास, जवानीमें विषयभोग, बुढ़ापेमें मुनि-वृत्ति और चौथेपनमें योगसाधन द्वारा शरीर-त्याग करते थे। मैं निश्चित रूपसे कह सकता हूँ कि कालिदासने ४० वर्षकी अवस्था होनेके पहले ही रघुवंश लिखा है। यह प्रमाणित करनेके लिए मैं उनके दो ग्रन्थोंसे दो श्लोक उद्धृत करूँगा। रघुवंशमें अजके विलापमें आप लिखते हैं—

इदमुच्छ्वसितालकं मुखं तव विश्रान्तकथं दुनोति माम्।
निशिसुप्तमिवैकपंकजं विरताभ्यन्तरषट्पदस्वनम्॥

अर्थात् हे इन्दुमती, यह तुम्हारा मुख—जिसकी अलकें हवासे हिल रही हैं; किन्तु जिसमेंसे कोई बात नहीं निकलती—मुझे बहुत ही व्यथित कर रहा है। यह वैसा ही जान पड़ता है, जैसे एक कमलका फूल रातको मुकुलित हो गया हो और उसके भीतर भौंरे गुंजन कर रहे हो। यह जवानीका रोना है।

इसके बाद कुमारसम्भवमें, रतिविलापमें वे ही कालिदास लिखते हैं—

गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः।
अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेन धूमिताम्॥

रति कहती है—वसन्त, देखो तुम्हारा सखा (कामदेव) हवाके मारे दीपककी तरह चला ही गया, अब नहीं लौटनेका। मैं, दीपकके बुझनेके पीछेकी दशाके समान असह्य कष्टरूप धुएँसे मलिन हो रही (या सुलग रही) हूँ। यह बुढ़ापेका विलाप है।

अस्तु। मेरे कहनेका मतलब यह है कि कालिदास अगर (रघुवश लिखते समय) बुढापेके गौरवपूर्ण कर्त्तव्यको समझते, तो कभी बूढोंके लिए मुनिवृत्तिकी व्यवस्था न करते। बिस्मार्क, मोल्टके और फ्रेडरिक विलियम बूढे थे; वे अगर मुनिवृत्ति ग्रहण कर लेते, तो इस जर्मन-नेशनलिटी (Nationality) की कल्पना कौन करता ? टियर—बूढे टियर अगर मुनिवृत्ति ग्रहण कर लेते तो फ्रान्सकी स्वाधीनता और साधारण-तन्त्रकी स्थापना कहाँसे होती ? ग्लाडस्टन और डिजरायली बूढे थे, वे अगर मुनिवृत्ति ग्रहण करते तो पार्लियामेंटका रिफार्म (सुधार) और आयरिश चर्चका डिस-एस्टाब्लिशमेंट (Dis-establishment) कैसे होता ?

मेरी समझमें बुढापा ही वास्तवमें काम करनेका समय है। मैं आँत और दाँत दोनोंसे ही चौथेपनमें पहुँचे हुए बूढेकी बात नहीं कहता, उसका तो दुबारा लडकपन आ गया समझना चाहिए। जो लोग जवान भी नहीं रहे मगर बूढे भी नहीं हुए, उन्हीं प्रौढ़ पुरुषोंकी बात कह रहा हूँ। जवानी काम करनेकी अवस्था है सही, किन्तु उस समय पूर्ण और पक्का अनुभव न होनेसे बड़े और महत्त्वके काज अच्छी तरह नहीं किये जा सकते। उस समय एक तो बुद्धि कच्ची रहती है, दूसरे राग-द्वेष और भोग-वासनाकी मात्रा अधिक होती है। एक दो अलौकिक शक्तिशाली महापुरुषोंको छोड़कर, हर एक आदमी जवानीमें विशेष महत्त्वके काम नहीं कर सकता। जवानी ढलते समय मनुष्य अनुभवी, बहुदर्शी, परिपक्वबुद्धि, लब्धप्रतिष्ठ और भोगवासनाहीन हो जाता है, इस कारण वही उसके काम करनेका समय होता है। इसी लिए मेरी सलाह है कि अपनेको बूढा समझ, सब कामकाज छोड़, मुनिवृत्ति ग्रहण करना कदापि बुद्धिमानी नहीं।

आप लोग शायद कहेंगे कि तुम्हारे कहनेकी कोई जरूरत नहीं, शारीरिक शक्तिके रहते कोई भी कामकाज नहीं छोड़नेका। माताका दूध पीनेसे लेकर अन्तिम विल (वसीयतनामा) लिखने तक सब लोग कामकाजकी चिन्तामें लगे रहते हैं। आपका यह कहना सच है, लेकिन मैं कामकाजमें बूढोंको लगाना नहीं चाहता। जवानीमें जो कुछ किया जाता है, सो अपने लिए। जवानी ढलनेपर जो कुछ करना चाहिए, वह पराये लिए। यही मेरी राय है। यह कभी न सोचना कि अभीतक मैं अपना काम ही पूरा नहीं कर सका, पराया काम क्या करूँ ? भाई, अपना काम तो अगर लाख वर्षकी आयु होती, तो भी पूरा न होता।

मनुष्यकी स्वार्थपरता असीम है, उसका अन्त नहीं। इसीसे कहता हूँ कि बुढ़ापेमें, अर्थात् प्रौढावस्थामे, अपना काम समाप्त समझकर पराये काम (जाति, समाज, देश और धर्मकी भलाई और उन्नति) मे मन लगाओ—यही यथार्थ मुनिवृत्ति है। जंगलमे जाकर पंचाग्नि तपना, जाड़े-गर्मी-वर्षाका वेग शरीर-पर सहना, या निराहार रहकर शरीर नष्ट करना मुनिवृत्ति नहीं है। यथार्थ मुनिवृत्ति ग्रहण करो।

आप अगर कहे कि बुढापेमे भी यदि अपने लिए या पराये लिए काम करेंगे, तो ईश्वरका भजन कब करेंगे ? परकाल कब बनावेंगे ? तो मै कहता हूँ कि केवल बुढापमे क्यो, लड़कपनसे ही ईश्वरको हृदयमे स्थापित-कर भजो, अपना परलोक बनाओ। इसके लिए किसी खास अवस्थाकी आवश्यकता नही है। जो काम सब कामोके ऊपर है, उसे बुढ़ापेके लिए उठा रखनेकी क्या जरूरत है ? लड़कपनमे, शुरू जवानीमे, भरी जवानीमे, बुढ़ापेमे, सब समय ईश्वरका ध्यान धरो, भक्तिभावके साथ उसका आश्रय ग्रहण करो। इसके लिए और कामोक रोकनेकी जरूरत नहीं है। परोपकार, देश, समाज, जाति और धर्मकी भलाई, उसी ईश्वरकी प्रसन्नताके लिए करो। याद रहे, ईश्वरविश्वासके साथ जिस कामको करोगे वही सुसम्पन्न होगा, मंगलदायक होगा। उससे तुम्हारा यश बढेगा, नाम होगा और पुण्य होगा।

मुझे जान पड़ता है कि बहुतसे पाठकोंको मेरी ये बातें अच्छी नहीं लगती। वे मन ही-मन कहते होंगे कि अभी तो हीराकी बातचीत हो रही थी, बीचमे यह ईश्वर और परोपकारका पचड़ा क्यों लगा दिया ? अभी तो बुढापेकी ढेकीमे मै 'वंगदर्शन' के लिए धान कूट रहा था, बीचमे यह शिवका गीत क्यो गाने लगा ? मै उन पाठकोमे इसके लिए क्षमा माँगता हूँ। किन्तु, मेरी समझमें हरएक काममें कुछ कुछ शिवके गीत गाना अच्छा है।

अच्छा हो या बुरा, बूढ़ेके लिए और कोई उपाय नही है। तुम्हारी हीरा, चम्पा, जूही, बेलाका झुंड अब मेरी तरफ देखता भी नहीं, मेरी छाँह छूना भी उसे नापसन्द है। तुम्हारे मिल, कॉम्ट, स्पेन्सर, फुअर, बर्क मेरा मनोरञ्जन नहीं कर सकते। तुम्हारे दर्शनशास्त्र, तुम्हारा विज्ञान, सब असार हैं; अन्धेका शिकार है। इस वर्षाके दुर्दिनमे, आज कालरात्रिकी इस अन्तिम कुलग्नमे, इस नक्षत्रहीन घोरघटामण्डित अमावास्याकी आधी रातमे, उस ईश्वर,

उस अगतिके गति, दयासिन्धु, भक्तबन्धु ईश्वरके सिवा और कौन मेरी रक्षा करेगा? इस संसार-नदीकी तपी हुई बालूमें इस वेगसे बहनेवाली वैतरणीके आवर्त-भीषण किनारेमें, इस दुस्तर पारावारके प्रथम तरंगाघातमें और कौन मेरी रक्षा कर सकता है? जीवन-नदीमें बड़े वेगसे तूफान आ रहा है, चारों ओर घोर निराशाका अंधकार है। हे नाथ! हे आर्तत्राणपरायण! चारों ओर घोर अंधकार है। मेरी यह जीर्ण जर्जर नौका पापके बोझसे दबी जा रही है। भगवन्, आप ही इस भवसागरके पार लगानेवाले कर्णधार हो। मुझे आप ही-का भरोसा है। आपके सिवा और कोई रक्षा नहीं कर सकता। जगदीश, त्राहि! त्राहि!

—श्रीचिदानन्द चतुर्वेदी।

५–चिदानन्दकी बिदाई।

सम्पादक महाशय, बिदा होता हूँ; अब नहीं लिखूँगा। नहीं बनी। आपके साथ मेरी नहीं बनी, पाठकोंके साथ मेरी नहीं बनी, इस संसारके साथ मेरी नहीं बनी और खुद मेरे ही साथ मेरी नहीं बनी। अब कहीं यह बंशी बज सकती है? बंशी, बजना चाहती है, तो भी बजती नहीं; बंशी फट गई है। हृदयकी बंशी, फिर जरा एक बार बज। हाय! क्या अब भी तू उसी तरह बजना जानती है? अब भी तुझे वह तान याद है? नहीं, तू भी वह नहीं है—और मै भी वह नहीं रहा, "औरै तन, औरै मन, औरै वन ह्वै गये।" तू बंशी घुन गई है और मुझमें भी घुन लग गया है। मेरे अब वह स्वर नहीं है, बजाऊँगा क्या? अब वह रस नहीं है, सुनेगा कौन? हृदय, एक बार फिर बज। इस जगत-संसारमें—बहरे, धनकी चिन्तामें चूर और मूढ़ जगत्‌में—वैसे ही फिर मनकी गूढ़ बातोंको उसी तरह कह। कहनेसे क्या कोई सुनेगा? तब अवस्था थी। कितना समय हुआ जब चिट्ठा लिखा था। अब इस अवस्थामें ये नीरस बातें कौन सुनेगा? अब वह वसन्त नहीं है—इस समय कण्ठहीन कोकिलका कुहू शब्द कौन सुनेगा?

भाई, अब कुछ कहनेकी जरूरत नहीं है—अब बजनेकी जरूरत नहीं है—टूटे बाँसकी भद्दी आवाजमें कुक्कुर-रागिनी अलापना व्यर्थ है। इस समय मेरे हँसनेसे कोई हँसेगा नहीं—बल्कि रोनेसे लोग हँसने लगेंगे। उस उमरके हँसने-रोनेमें सुख होता है—लोग भी साथ ही साथ हँसते-रोते हैं। और इस समयका हँसना-रोना—छिः!—केवल लोकहँसाई कराना है।

हे सम्पादककुलश्रेष्ठ, सच जानिए, अब चिदानन्दमें वह रस नहीं है। मेरे रसिक बाबू नहीं हैं, वह भंगका सुभीता नहीं रहा। मालूम नहीं, वह श्यामा ग्वालिन और उसकी मंगला गाय कहाँ है। यह सच है कि मैं तब भी अकेला था और अब भी अकेला हूँ; किन्तु तब मैं अकेला ही एक हजार था, और इस समय एक होनेपर भी आधा रह गया हूँ। अच्छा, अकेलेको इतना

बन्धन क्यों है? जिस तोतेको मैंने पाला था, वह न जाने कब मर गया, लेकिन उसके लिए आज भी रोता हूँ। जिस फूलको मैंने खिलाया था, वह न जाने कब सूख गया, लेकिन उसके लिए आज भी रोता हूँ। जिस जल-बिंबको एक बार जलके बहावमें सूर्यकी किरणोंसे उज्ज्वल देखा था, उसके लिए भी आजतक रोता हूँ। चिदानन्द तो भीतरसे संन्यासी है, फिर उसे इतना बन्धन क्यों है? यह देह तो सड़ उठी, फिर ये हृदयके बन्धन क्यों नहीं टूटते? घर तो जल गया, आग क्यो नहीं बुझती? तालाब तो सूख गया, फिर इस कीचडमे कमल क्यों खिलते है? आँधी तो थम गई, फिर समुद्रमें तूफान क्यों हैं? फूल तो सूख गया, गंध क्यों है? सुख चला गया, आशा क्यों है? स्मृति क्यो है? जीवन क्यों है? प्रेम चला गया, यत्न क्यों है? प्राण चले गये, पिण्डदान क्यों है? चिदानन्द—वह चिदानन्द, जो चन्द्रमासे ब्याह करता, कोयलके साथ गाता और फूलोंको ब्याहता था—सो चला गया, भगका रंग क्यो है? बशी फट गई, फिर झ-ग-म क्यों है? जान चली गई भाई, अब साँस क्यो है? सुख चला गया भाई, फिर उसके लिए रोना क्यों है?

तब भी रोता हूँ। पैदा होते ही रोया था, और रोते ही मरूँगा?

अनुगन स्वगत और विगत

—श्रीचिदानन्द चौबे।

चिदानन्दकी जबानबन्दी।

खुशनवीस जूनियर लिखित*।

इस भंगभक्त चिदानन्दकी बहुत दिनोंसे खबर नहीं मिली थी। बहुत कुछ ढूंढा-पता लगाया। एक दिन अकस्मात् मैंने उसको फौजदारी अदालतमे देखा। देखा, बेचारा ब्राह्मण एक पेड़के नीचे बैठा, उसकी जड़का सहारा लिये आँखे बन्द किये है। मैंने सोचा और कुछ नहीं, ब्राह्मणने लोभके फेरमें आकर कहीसे भंग चुराई है। मुझे निश्चित रूपसे मालूम है कि चौबे कभी और चीज नहीं चुरावेगा। उसके पास ही एक खाकी वर्दी पहने सिपाही भी देख पड़ा। मै वहांसे धीरे धीरे खिसक कर आडमें हो गया। क्या जाने, शायद चिदानन्द जमानत देनेके लिए कह बैठे! दूर खड़े होकर देखने लगा कि क्या होता है।

कुछ देरके बाद चिदानन्दकी पुकार हुई। तब एक सिपाही उसे इजलासमें ले गया। मै भी पीछे पीछे गया, खडे होकर दो एक बाते सुननेसे कुछ कुछ मामला मालूम हुआ।

इजलासमें कायदेके माफिक ऊँची जगहपर हाकिम विराजमान थे। हाकिम अँगरेज नहीं, एक देशी धर्मावतार थे। पूछनेसे मालूम हुआ, आप डिपुटी साहब है। चिदानन्द असामी नही, गवाह था। मुकद्दमा गऊ-चोरीका है। फिर्यादी वही श्यामा ग्वालिन है।

सिपाहीने चिदानन्दको गवाहके कटहरेमें भर दिया। तब चिदानन्द धीरे धीरे मुसकराने लगा। सिपाहीने धमकाया-"हँसता क्यों है?"

चिदानन्दने हाथ जोड़कर कहा-"बाबा, मैंने किसके खेतमें धान खाये हैं, जो मुझे इस कटहरेमें लाकर बंद कर दिया है?"

सिपाही महाशय बात नहीं समझे, उन्होने दाढ़ी हिलाकर कहा—"यह दिल्लगीकी जगह नहीं है, हलफ पढो।"

चिदा०—"पढाओ न भैया।"

---

* पुराने खुशनवीस, अर्थात् लाला मदारीलाल।

तब एक मुहर्रिर हलफ पढ़ाने लगा। बोला—" कहो, मै परमेश्वरको प्रत्यक्ष जानकर—"

चि०—(विस्मयके साथ) " क्या कहूँ ?"

मुह०—" सुनते नहीं हो ? कहो-परमेश्वरको प्रत्यक्ष जानकर—"

चिदा०—" परमेश्वरको प्रत्यक्ष जानकर ? आप तो अनर्थ कर रहे हैं।"

हाकिमने देखा, गवाह कुछ गड़बड़ मचा रहा है। उन्होंने कहा—" अनर्थ क्या ?"

चिदा०—" ' परमेश्वरको प्रत्यक्ष जानकर ' यह कहना होगा ?"

हाकिम—" हर्ज क्या है ? हलफके फारमपर लिखा ही है।"

चिदा०—" हुजूर बड़े विज्ञ हाकिम मालूम पडते है। एक बात मुझे यह कहनी है कि गवाही देते देते दो एक छोटे मोटे झूठ तो बोले भी जा सकते हैं, लेकिन शुरूसे ही इतना बड़ा झूठ बोलना क्या आप अच्छा समझते है ?"

हाकिम—" इसमे झूठ क्या है ?"

चिदानन्दने अपने मनमे कहा—" तुम्हारे इतनी बुद्धि न होती तो यह पद-वृद्धि कैसे होती ?" प्रकटमे कहा—" धर्म्मावतार, मुझे कुछ कुछ जान पडता है कि परमेश्वर प्रत्यक्षका विषय नहीं है। मेरी ही ऑखोंका दोष हो, या चाहे जो हो, मैने आजतक परमेश्वरको प्रत्यक्ष नही देख पाया। जान पड़ता है, आप लोग आईनका चश्मा नाकपर चढ़ाकर उसे प्रत्यक्ष देख सकते हैं। किन्तु मै जब उसे इस अदालतके घरमे प्रत्यक्ष नहीं देख पाता, तब कैसे कहूँ कि परमेश्वरको प्रत्यक्ष जानकर—"

फर्यादीके वकील बिगड़ पडे—उनका समय बहुमूल्य ठहरा, वह मिनट मिनटमे चमकदार चाँदीके सिक्के बरसाता है। यह दरिद्र गवाह उसी समयको नष्ट कर रहा था। वकीलने गर्म होकर कहा-" अजी जनाब, इस अपने Theological Lecture (परमार्थविद्याविषयक व्याख्यान) को थियासोफिकल सोसाइटीके लिए रहने दीजिए। यहाँ आपको आईनके माफिक काम करना होगा।"

चिदानन्दने उसकी तरफ घूम कर देखा और मन्द हास्यके साथ कहा-" जान पड़ता है, आप वकील हैं।"

वकीलने हँसकर कहा-" कैसे पहचाना ?"

चिदा०—" बहुत ही सहजमें। मोटी चैन और मैला शमला देख कर। पर महाशय, यह Theological Lecture आपके लिए नहीं है। मैं मानता हूँ कि जब मवक्किल आता है तब आप लोग परमेश्वरको प्रत्यक्ष देखते हैं।"

वकीलने गुस्सेसे उठकर हाकिमसे कहा–" I ask the protection of the court againts the insults of this witness." (अर्थात् इस गवाहने जो मेरा अपमान या मुझसे गुस्ताखी की है, उसके विषयमें मैं अदालतसे रक्षा चाहता हूँ।)

अदालतने कहा–" Oh Baboo, the witness is your own witness, and you are at liberty to send him away if you like " (यह तुम्हारा ही एक गवाह है, और अगर तुम चाहो तो इसे अदालतसे बाहर करनेके लिए स्वतन्त्र हो।)

चिदानन्दको बिदा कर देनेसे वकील बाबूका मुकद्दमा बिगडता था। वकील साहब चुपचाप बैठ गये। चिदानन्दने सोचा, "यह हाकिम जातिभ्रष्ट है और इसकी विद्या बुद्धि भी वैसी ही है।"

हाकिमने रग ढग देखकर मुहर्रिरको हुक्म दिया—"गवाहको उसमें objection (एतराज) है—उससे simple affirmation (साधारण हलफ) कराओ।"

तब मुहर्रिरने चिदानन्दसे कहा—" अच्छा, उस बातको छोड़ दो। कहो, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ—कहो!"

चिदा०—मेरी समझमे पहले 'क्या प्रतिज्ञा करता हूँ' यह जानकर प्रतिज्ञा करना ठीक होगा।"

मुहर्रिरने हाकिमकी तरफ देखकर कहा—" धर्मावतार, साक्षी बड़ा हराम-जादा है।"

वकील बाबू भी बोल उठे—" Very odstructive," (अर्थात् बहुत ही विघ्न डालनेवाला है।)

चिदा०—(वकीलसे) " सादे या कोरे कागजपर दस्तखत करानेकी चाल अदालतके बाहर जरूर है, अब क्या अदालतके भीतर भी वही चलाई जायगी ?"

वकील—“ सादे कागजपर दस्तखत करनेको तुमसे कौन कहता है ?”

चिदा०—“ क्या प्रतिज्ञा करनी होगी, यह बिना जाने प्रतिज्ञा करना और कागजमें क्या लिखा जायगा, यह जाने बिना दस्तखत करना, एक ही बात है।”

हाकिमने मुहर्रिरसे कहा—“ पहले इसको प्रतिज्ञा सुना दो, गोलमाल करनेकी कोई जरूरत नहीं है।”

मुहर्रिरने कहा—“ सुनो, तुमको कहना होगा ‘ मै प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं जो गवाही दूँगा, वह सच होगी। मै कोई बात छिपाऊँगा नहीं—सच सच कहूँगा ’।”

चिदा०—“ वाह वाह वाह।”

मुहर्रिर—“ इसके क्या माने ?”

चिदा०—“ पढ़ाओ, मै पढता हूँ।”

चिदानन्दने कुछ गोलमोल नही किया—प्रतिज्ञा कर दी। तब वकील बाबू सवाल करनेके लिए खड़े हुए और आँख लाल लाल करके चिदानन्दसे बोले—“ अब बदमाशी न करना—मैं जो पूछता हूँ, उसका ठीक ठीक जवाब देना। व्यर्थकी बातें न करना।”

चिदा०—“ आप जो पूछेंगे वही मुझे कहना होगा ? और कुछ नही ?”

वकील—“ नहीं।”

तब चिदानन्दने हाकिमकी तरफ फिर कर कहा—“मगर मुझसे प्रतिज्ञा कराई गई है कि मै कोई बात नही छिपाऊँगा। धर्मावतार, बेअदबी माफ हो। मोहल्लेमे आज एक जगह ‘ रहस ’ होनेवाला था, इच्छा थी कि देखने जाऊँगा, लेकिन वह इच्छा यहाँ पूरी हो गई। वकील बाबू प्रधानजी है, और मै रहसधारियोंका लड़का हूँ। जो ये कहलावेंगे वही कहूँगा, जो न कहलावेंगे वह नहीं कहूँगा। जो न कहलावेंगे वह आप ही छिपा रहेगा। तब मेरी प्रतिज्ञा अवश्य ही झूठ होगी, क्षमा कीजिएगा।”

हाकिम—“ जिसे कहनेकी जरूरत जान पडे, उसे बिना पूछे भी कह सकते हो।”

तब चिदानन्दने सलाम करके कहा—“ बहुत खूब।”

वकील बाबू फिर सवाल करने लगे—“ तुम्हारा नाम क्या है ?”

चिदानन्दने सलाम करके कहा—“ श्रीचिदानन्द चौबे।”

वकील—" तुम्हारे बापका नाम ? "

चिदा—" क्या आपने कहीं मेरा ब्याह ठीक किया है ? आप बापका नाम क्यों पूछते है ? "

वकीलने अग्निशर्मा होकर हाकिमसे कहा—" हुजूर, ये सब बाते Contempt of Court (अदालतका अपमान करनेवाली) हैं। "

हुजूर वकीलकी दुदर्शा देखकर एकदम नाखुश भी नहीं थे—उन्होंने कहा—" आपहीका तो गवाह है ! "

लाचार वकील बाबू फिर गवाहकी तरफ झुके, बोले—" बतलाओ, तुमको बतलाना पड़ेगा। "

चिदानन्दने बापका नाम भी बतला दिया। तब फिर वकीलने पूछा—" तुम कौन जाति हो ? "

चिदा०—" हिन्दू। "

वकील—" अ· ! कौन वर्ण हो ? "

चिदा०—" एकदम काला। "

वकीलने खीझकर कहा–" दूर हो ! ऐसा भी गवाह कोई लाता है ! मै कहता हूं कि तुम्हारे जाति है ? "

चिदा०—" जाति है नही, तो ले कौन गया ? "

हाकिमने देखा, वकीलके किये कुछ नहीं होता। हाकिमने खुद पूछा—" हिन्दुओंमे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, मल्लाह, पासी वगैरह बहुत सी जातियाँ हैं, जानते हो न ?—तुम इनमेसे कौन जाति हो ? "

चिदा०—" धर्मावतार, यह वकील बाबूकी ही बुद्धिका दोप है। देखते हैं कि मेरे गलेमे जनेऊ है, नामके साथ भी ' चौबे ' लगा हुआ है। मै क्या जानूं कि वकील बाबू इसपर भी नहीं समझ सके कि मै ब्राह्मण हूं। "

हाकिमने लिख लिया—जाति ब्राह्मण।

फिर वकीलने पूछा–" तुम्हारी अवस्था कितनी ह ? "

इजलासमे एक बड़ी घड़ी लगी हुई थी, उसकी तरफ देखकर और हिसाब लगाकर चिदानन्दने कहा–" मेरी अवस्था ५१ साल, २ महीना, १३ दिन, ५ घंटा, ५ मिनट, ५० सेकिण्डकी है। "

वकील—" अरे ! तुम्हारे घंटा मिनट कौन पूछता है ? "

चिदा०—“ क्यों ? अभी अभी आपने प्रतिज्ञा कराई है कि मैं कोइ बात न छिपाऊँगा। ”

वकील—“ जो तुम्हारी इच्छा हो, कहो। मैं तुमसे पेश नहीं पा सकता। तुम्हारा निवास कहाँ है ? ”

चिदा०—“ मेरे निवास नहीं है। ”

वकील—“ अजी मै पूछता हूँ, तुम्हारा घर कहाँ है ? ”

चिदा०—“ घर कैसा ! मेरे तो एक कोठरी भी नहीं है। ”

वकील—“ तो फिर रहते कहाँ हो ? ”

चिदा०—“ कभी यहाँ, कभी वहाँ। ”

वकील—“ कोई अड्डा तो है न ? ”

चिदा०—“ था, जब रसिक बाबू थे। अब नहीं है। ”

वकील—“ अब कहाँ हो ? ”

चिदा०—क्यों, इसी अदालतमें।

वकील—“ कल कहाँ थे ? ”

चिदा०—“ एक दूकानमें। ”

हाकिमने कहा—“ ज्यादा बकवाद करनेकी जरूरत नहीं है, मैं लिखे लेता हूँ कि रहनेका कही ठिकाना नही है। इसके बाद ? ”

वकील—“ तुम्हारा पेशा क्या है ? ”

चिदा०—“ पेशा कैसा ? मै वकील हूँ या वेश्या ? ”

वकील—“ मेरा मतलब यह है कि खाते-पीते कैसे हो ? ”

चिदा०—“ भातमें दाल डालकर, दाहने हाथसे कौर उठाकर, मुँहमे रखकर, गलेके नीचे उतार जाता हूं। ”

वकील—“ वह दाल-भात मिलता कहाँसे है ? ”

चिदा०—भगवान् देते हैं तो मिल जाता है, नहीं तो नहीं। ”

वकील—“ कुछ पैदा करते हो ?

चिदा०—“ एक पैसा भी नहीं। ”

वकील—“ तो क्या चोरी करते हो ? ”

चिदा०—“ऐसा होता तो इससे पहले ही मुझे आपकी शरणमें आना पड़ता और आप भी उसमेंसे कुछ हिस्सा पाते। ”

वकीलने झेंपकर अदालतसे कहा—" मैं इस गवाहको नहीं चाहता। मुझसे इसका इजहार नहीं लिया जा सकता।"

श्यामा फिर्यादी थी, उसने वकीलसे कहा—" नहीं, इस गवाहकी गवाही जरूर लेनी होगी। यह ब्राह्मण सच ही कहेगा। मुझे खूब मालूम है कि यह झूठ नहीं बोलनेका। आप इससे पूछनेका ढंग नहीं जानते, इसीसे इतनी गडबड़ हो रही है। भला इसका पेशा क्या होगा? वह ब्राह्मण ठहरा, इधर इधर खाता और घूमता रहता है। उससे पूछते हो, कुछ पैदा करते हो? वह क्या कहेगा?

तब वकीलने हाकिमसे कहा—" लिख लीजिए, पेशा भीख माँगना।"

अब तो चिदानन्दको क्रोध आ गया। उसने गरज कर कहा—" क्या? चौबेकी वृत्ति भिक्षा है? मैं हलफके साथ मुक्तकण्ठ होकर कहता हूं कि मैंने कभी किसीसे एक पैसा भी नहीं माँगा।"

अब श्यामासे रहा नहीं गया। उसने कहा-" यह क्या महाराज, तुमने कभी भंग माँगकर नही पी?"

चि०—" दूर हो पगली औरत! भंग क्या पैसा है? मैंने एक पैसा भी कभी किसीसे नहीं माँगा।"

हाकिमने हँसकर कहा—" क्या लिखें चिदानन्द?"

चिदानन्दने नर्म होकर कहा—" लिख लीजिए, पेशा ब्राह्मण-भोजनका निमन्त्रण ग्रहण करना।"

सब लोग हंस पडे। हाकिमने यही लिख लिया।

तब वकील साहब मुकद्दमेके सम्बन्धमें गवाहसे प्रश्न करने लगे, पूछा—" क्या तुम फिर्यादीको पहचानते हो?"

चि०—" नहीं।"

श्यामा जोरसे बोल उठी—" यह क्या महाराज, इतने दिनोंसे मेरा दूध दही खाया और आज कहते हो मैं नहीं पहचानता।"

चिदानन्दने कहा—" यह तो मैं नहीं कहता कि तुम्हारे दूध दहीको नहीं पहचानता। तुम्हारे दूध दहीको खूब पहचानता हूँ। जब देखता हूँ कि एक पाव दूधमें तीन पाव पानी है, तभी समझ जाता हूं कि यह श्यामा

ग्वालिनका दूध है; जब देखता हूँ कि दहीमें तोड़ भरा हुआ है, तभी समझ लेता हूँ कि यह श्यामाका दही है। दूध-दही क्यो नहीं पहचानता ?"

श्यामाने जरा टेढ़े होकर कहा—"मेरा दूध दही पहचानते हो, और मुझे नही पहचानते ?"

चिदानन्दने कहा—"औरतोंको कब कौन पहचान सका है बहन ? विशेष कर ग्वालेकी औरतके सिरपर दूधकी मटकी होनेपर किसकी ताकत है जो उसे पहचान सके ?"

वकील साहब फिर सवाल करने लगे—"मालूम हुआ, तुम फर्यादीको पहचानते हो। उसके साथ तुम्हारा कोई सम्बन्ध है ?"

चिदा०—"खूब कहा! इतने गुण न होते तो वकील कैसे होते ?"

वकील—"तुमने मुझमें क्या गुण देखा ?"

चिदा०—"ब्राह्मणके लड़के और ग्वालेकी औरतमें भी आप सम्बन्ध ढूँढ़ रहे है, यह क्या कोई कम गुण है ?"

वकील—"ऐसा सम्बन्ध क्या हो नही सकता ? कौन जाने, तुम उसके पोष्यपुत्र भी हो सकते हो।"

चिदा०—"उसका तो नहीं, मगर उसकी गऊका अवश्य हूं।"

वकील—"समझ लिया, तुम्हारे साथ फर्यादीका कुछ सम्बन्ध है। अगर साफ साफ कह देते तो क्या कुछ हर्ज था ? इतना दिक क्यो करते हो ? अच्छा बतलाओ, इस मुकद्दमेके बारेमें तुम क्या जानते हो ?"

चिदा०—"यही जानता हूं कि इस मुकद्दमेमें आप वकील है, श्यामा फर्यादी है, मै साक्षी हूं और यह नीच जातिका आदमी आसामी है।"

वकील—"यह नहीं, गऊचोरीका क्या जानते हो ?"

चिदा०—"गऊचोरी तो मेरे बाप-दादा भी नहीं जानते थे। क्या आप कृपा करके यह विद्या मुझे बता देंगे ? मुझे दूध-दहीकी बड़ी जरूरत रहती है।"

वकील—"अः ! कहता हू कि तुमने गऊ चुराते देखा है ?"

चिदा०—"एक दिन देखा था। रसिकबाबूकी गऊको एक साला मोची—"

वकील—"ओः ! मैं यह पूछता हूँ कि श्यामा ग्वालिनकी गाय जब चुराई गई, तब तुमने उसे देखा था ?"

चिदा०—"नहीं, चोर ऐसा बुद्धिमान् नहीं था कि मुझे बुलाकर और गवाह बनाकर गऊ चुराता। अगर ऐसा होता तो आपको और मुझे दोनोंको ही सुभीता होता।"

श्यामाने देखा, वकीलको व्यर्थ ही रुपये दिये गये। तब उसने चुपकेसे वकीलके कानमें कह दिया-"वह ब्राह्मण यह कुछ नहीं जानता, केवल गऊ पहचानता है।"

अब वकील महाशयकी समझमें आया। फिर गरज कर पूछा-"तुम गऊ पहचानते हो?"

चिदानन्दने मीठी हँसीके साथ कहा—"वाह, पहचानता क्यों नहीं—न पहचानता तो आपसे इतनी मीठी बातें कैसे करता?"

हाकिमने देखा, गवाह बहुत ज्यादती कर रहा है। हाकिमने कहा—"यह सब रहने दो।"

श्यामाकी श्यामला गऊ अदालतके आगेके मैदानमें बँधी हुई थी—इजलाससे दिखाई देती थी। डिपुटी बाबूने उसकी तरफ इशारा करके पूछा—"तुम इस गऊको पहचानते हो?"

चिदानन्दने हाथ जोड़कर कहा—"कौन गऊ धर्मावतार?"

हाकिम—"कौन गऊ क्या? सामने एक ही तो गऊ है!"

चिदा०—"आप देखते हैं एक, मैं देखता हूँ बहुतसी।"

हाकिमने चिढकर कहा—"देखते नहीं हो वह श्यामला?"

चिदानन्दने श्यामला गऊकी तरफ न देखकर वकीलके शमलेकी तरफ देखा और कहा—"यह शमला भी क्या चोरीका है?"

चिदानन्दकी दुष्टता अब हाकिमके लिए असह्य हो उठी। हाकिमने कहा—"तुम अदालतके काममें विघ्न डाल रहे हो—Contempt of Court के लिए तुमपर पाँच रुपये जुर्माना।"

चिदानन्दने जमीनतक झुककर सलाम किया और फिर हाथ जोड़कर कहा—"बहुत खूब हुजूर! जुर्माना वसूल कौन करेगा?"

हाकिम—"क्यों?"

चिदा०—" इस लोकमें तो मुझसे जुर्माना वसूल होनेकी कोई सभावना नहीं है, इस लिए जो जुर्माना वसूल करेगा उससे पूछूँगा कि वह परलोक तक जुर्माना वसूल करनेके लिए मेरे साथ चलनेको तैयार है या नहीं ? "

हाकिम—" जुर्माना न दे सकोगे, तो जेल जाना पड़ेगा । "

चिदा०—" कितने दिनोंके लिए धर्मावतार ? "

हाकिम०—" जुर्माना न अदा होनेपर एक महीनेके लिए । "

चिदा०—" क्या आप कृपा करके दो महीनेके लिए नहीं भेज सकते ? "

हाकिम—" तुम अधिक कैद क्यों चाहते हो ? "

चिदा०—आजकल समय बडा नाजुक आगया है। अब ब्राह्मण-भोजनके निमन्त्रण बहुत कम मिलते हैं। अगर जेलखानेमें दो महीने तक आप ब्राह्मण-–भोजनकी व्यवस्था कर देंगे, तो यह गरीब ब्राह्मण आपको आशीर्वाद देगा। "

ऐसे आदमीको कैद या जुर्माना करनेसे क्या होगा ? हाकिमने हँसकर कहा—" अच्छा अगर तुम गड़बड न करके साफ साफ बयान दोगे तो तुम्हारा जुर्माना माफ कर दिया जा सकता है। बताओ, इस गऊको तुम पहचानते हो कि नही ? "

हाकिमने एक सिपाहीको आज्ञा दी कि वह पास जाकर श्यामाकी गऊ दिखला दे। सिपाहीने वही किया। क्षोभसे भरे हुए वकीलने पूछा–" इस गऊको तुम पहचानते हो ? "

चिदा०—" इस सींगवालीको, यह कहो। "

वकील—" तुम क्या समझे थे ? "

चिदा०—" मै समझा था शामलावाली। खैर, हाँ, मै इस सींगवाली गऊको पहचानता हूँ। इसके साथ मेरी अच्छी तरह बोलचाल है। "

वकील—" यह गऊ किसकी है ? "

चिदा०—" मेरी। "

वकील—" तुम्हारी ? "

चिदा०—" हाँ, मेरी। "

हरे हरे ! श्यामाका मुँह सूख गया ! वकीलने देखा, मुकद्दमा बिगड़ा जाता है। तब श्यामाने गरज कर कहा–" गऊ तेरी है हरामखोर ? "

चिदा०—" मेरी नहीं तो किसकी है ? मैं उसका दूध पीता हूँ, उसका दही खाता हूँ, मक्खन खाता हूँ, घी खाता हूँ; मेरी तो गऊ है ही। तू केवल पालती है, इसीसे क्या तेरी गऊ हो जायगी ?"

वकीलमें इन बातोंके समझनेकी शक्ति कहाँ ? उसने अदालतसे कहा–" धर्मावतार ! witness hostile ! (गवाह विरोधी है !) Permission (आज्ञा) दीजिए, मैं उसे cross क्रॉस (जिरह) करूँगा।"

चिदा०—" क्या ? मुझे क्रॉस करोगे ?"

वकील—" हाँ, करूँगा।"

चिदा०—" नावसे, या पुल बाँधकर ?"

वकील—" इसके क्या माने ?"

चिदा०—" अजी वकीलसाहब, उपाधिका पुछल्ला लगा लेनेपर भी तुम इतने बड़े हनुमान् नहीं हो गये हो कि चिदानन्द-सागरको पार कर सको।"

इतना कहकर चिदानन्द चौबे क्रोधसे काँपते हुए कटहरेसे बाहर जाने लगे, सिपाहीने पकड़कर उन्हें फिर कटहरेके भीतर कर दिया। तब चिदानन्द लाचार निश्चेष्ट होकर बोले—" करो बाबा, क्रास* करो ! मैं अथाह समुद्र पड़ा हुआ हूँ–जिसकी इच्छा हो, फाँद जाओ—' अपामिवाधारमनुत्तरंगम् ' × बना रहूँगा। वकील साहब, यह प्रशान्त महासागर लहरें नहीं लेता, आप खुशीसे उछलिए–फाँदिए।"

तब वकील साहबने अदालतसे कहा—" धर्मावतार, यह आदमी पागल जान पड़ता है। इसे क्रास करनेकी कोई जरूरत नहीं है। पागल होनेके कारण इसका इजहार किसी कामका नहीं, इसे बाहर जानेकी आज्ञा हो।"

हाकिम चिदानन्दसे छुटकारा चाहते ही थे, उसे बिदा करना चाहते ही थे, इतनेमें श्यामाने हाथ जोड़ कर अदालतसे कहा—" अगर हुकुम हो तो मैं खुद उससे कुछ बातें पूछ लूँ, फिर विदा करना हो तो कर दीजिएगा।"

---

* क्रास शब्दके दो अर्थ हैं—एक नाँघ जाना और दूसरा जिरह करना।

× जैसे तरंगहीन समुद्र।

हाकिमने कौतूहलके साथ स्वीकार कर लिया। तब श्यामाने चिदानन्दकी तरफ देखकर कहा—"महाराज, आपकी भंग छननेका समय हुआ कि नहीं?"

चिदा०—भंगके लिए समय असमय क्या है री—"अजरामरवत्प्राज्ञो विद्यां नशा च चिन्तयेत्।"

श्यामा—"इस समय अपना यह अं-बं रहने दो। बतलाओ, भंग पियोगे?"

चिदा०—"ला दे!"

श्यामा—"अच्छा, पहले मेरी बातका जवाब दो तो ला दूँगी।"

चिदा०—"अच्छा तो जल्दी जल्दी पूछ ले।"

श्यामा—"मैं पूछती हूँ, गऊ किसकी है?"

चिदा०—"गऊ तीन जनोंकी, पहली अवस्थामें गुरु महाशयकी, दूसरी अवस्थामें स्त्रीजातिकी, अन्तिम अवस्थामें उत्तराधिकारीकी, और रस्सी तुड़ाकर भागनेके समय किसीकी भी नहीं।"

श्यामा—"मै कहती हूँ कि यह श्यामला गऊ किसकी है?"

चिदा०—"जो उसका दूध पीता है उसकी।"

श्यामा—"यह गऊ मेरी है कि नहीं?"

चिदा०—"तू कभी उसका एक बूंद दूध नहीं पीती, केवल बेच बेंच कर मरती है, गऊ तेरी कैसे हुई? वह गऊ अगर तेरी है तो बंगाल-बंकका सब रुपया भी मेरा है। अरी, गऊ इस चोरको दे दे—गरीब आदमी दूध पीकर तुझे असीसेगा।"

हाकिमने देखा, दोनों आदमी बहुत बढ़ते जा रहे हैं, अदालत मछली-वालियोंका बाजार हो रही है। हाकिमने दोनोंको धमकाकर प्रश्न करना बन्द कर दिया। हाकिमने खुद पूछा—"श्यामा इस गऊका दूध बेचती है?"

चिदा०—"जी हाँ।"

हाकिम—"उसके घरमें यह गऊ रहती है?"

चिदा०—"यह गऊ भी रहती है, और कभी कभी मैं भी।"

हाकिम—"यही उसे खिलाती पिलाती है?"

चिदा०—"उसे और मुझे—दोनोंको।"

तब फर्यादीके वकीलने कहा–"मेरा काम हो गया–मैं अब उससे कुछ पूछना नहीं चाहता।" यह कह कर वे बैठ गये। तब आसामीके वकील साहब खड़े हुए। उन्हे देखकर चिदानन्दने पूछा–"तुम भैया कौन हो?"

वकील—"मै आसामीकी तरफसे तुम्हे क्रॉस करूँगा।"

चिदा०—"एक साहब तो क्रॉस कर गये—अब तुम कुमारबहादुर आये हो क्या?"

वकील—"कुमारबहादुर कौन?"

चिदा०—"राजकुमारको तुम नहीं पहचानते? त्रेतायुगमे समुद्रको पहले क्रॉस किया महावीरजीने, उसके बाद क्रॉस किया कुमारबहादुर (अगद) ने।"

वकील—"यह कुछ मैं नही जानता। तुमने कहा है कि मै गऊको पहचानता हूँ—कैसे पहचानते हो?"

चिदा०—"कभी सीगमे और कभी शमलेसे!"

वकीलने गुस्सेमे गर्म होकर टेबिलपर हाथ पटक कर कहा–"पागलपन रहने दो–बतलाओ, गऊको किस लक्षणसे पहचानते हो?"

चिदा०—"इसी रैंभानेसे।"

वकीलसाहब हताश होकर बोले—"Hopeless!" (नाउम्मेद) और बैठ गये। उन्होने जिरह करनेका विचार ही छोड़ दिया।

चिदानन्दने विनीत भावसे कहा–"रस्सी क्यों तुड़ाते हो बाबू?"

हाकिमने देखा, वकील जिरह नहीं करेगा, चिदानन्दको छुट्टी दे दी। चिदानन्दने भागकर अदालतके बाहर दम लिया।

मैं कुछ अपना काम करके बाहर आया, देखा कि चिदानन्द बैठा है, चारों तरफ लोग उसे घेरे खड़े है--श्यामा भी वहाँ आ गई है। चिदानन्द तिरस्कार करता हुआ उससे कह रहा है–"तुझे अपनी मंगला गऊकी सौगंद, तुझे दूधकी मटकीकी सौगद, तुझे दूध-दहीकी सौगंद, तुझे अपनी इस थिरकनेवाली नथकी सौगंद, इस चोरको गऊ दे डाल।"

मैंने पूछा—"चौबेजी, यह चोरको गऊ क्यों दे डाले?"

चिदानन्दने कहा—"पूर्व समयमे महाराज श्येनजित्से एक ब्राह्मणने कहा था कि बछड़ा, अहीर और चोर, इनमेंसे जो गऊका दूध पीता है वही

उसका यथार्थ अधिकारी है। और किसीका उसपर ममता दिखलाना विड-म्बनामात्र है। (महाभारत, शान्तिपर्व, १७४ अध्याय।) यह तो हुआ भीष्म-पितामहका Hindu Law (हिन्दू कानून), और यही इस समय यूरोप-खंडका International Law (अन्तरराष्ट्रीय नियम) है। यदि सभ्य और उन्नत होना चाहते हो तो छीनकर खाओ। गो शब्दका अर्थ चाहे गऊ समझो और चाहे पृथ्वी, इसका भोग चोर ही करते है। सिकन्दरसे लेकर रणजीतसिंहतक सभी चोर इसके प्रमाण है। Right of Conquest (विजयका अधिकार) यदि एक Right (अधिकार) है, तो Right of Theft (चोरीका अधिकार) क्या एक Right नहीं है ? अतएव हे श्यामा गोपी ! तुम आईनके माफिक काम करो। ऐतिहासिक राजनीतिको मानो। चोरको गऊ दे डालो। ”

इतना कहकर चिदानन्द वहाँसे चला गया। देखा, वह बिलकुल ही पागल हो गया है।